संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 13 जनवरी 2024 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 13 पृष्ठः 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

पीएम मोदी जब नासिक के कालाराम मंदिर गए तो वो भगवान के दर्शन करने के बाद वो बाल्टी और पोछा लेकर निकल पड़े।

रामलला को दूध पीने के लिए दान में मिलेंगी पांच गाय, इन विशेष गायों का ये है पौराणिक महत्व

टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या

अयोध्या में भगवान राम अपने बाल रूप में विराजमान होंगे। पांच वर्ष के बालक की उनकी छवि को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशेष वस्त्र और आभूषण भी तैयार किए गए हैं, जो भगवान को समय-समय पर पहनाए जाएंगे। चूंकि, राम लला बाल रूप में हैं और बच्चे के लिए दूध बहुत आवश्यक होता है, भगवान को दूध पीने के लिए दिल्ली के महंत मंगलदास राम मंदिर को पांच विशेष गाय अर्पित करेंगे। इन गायों का चयन पौराणिक रूप से उनकी विशेष मान्यता के आधार पर किया जा रहा है। महंत मंगलदास ने बताया कि वे भी भगवान राम के मंदिर के उद्घाटन समारोह में जा रहे हैं। वे भगवान को पांच विशेष गायें अर्पित करेंगे, जिनके दूध से उनकी सेवा होगी। इन गायों में एक कपला मृगनयनी गाय है। इस गाय की आंखों को सबसे ज्यादा खूबसूरत माना जाता है। जब रावण ने सीता का अपहरण किया था, तब राम ने लोगों से उनका पता पूछते हुए सीता की आंखों की सुंदरता का वर्णन इसी गाय की आंखों से की थी। संत कवि तुलसीदास ने इसे ही 'हे खग मृग, हे मधुकर श्रेणी, तुम देखी सीता मृगनयनी' कहा है।

विशेष रथों से अयोध्या पहुंचेंगी ये गाय

उन्होंने बताया कि इन गायों की आंखों की सुंदरता और उनके पौराणिक महत्व के कारण उन्होंने इस गाय को भगवान राम को अर्पित करने का निर्णय लिया। अभी इन गायों को दिल्ली के राधा कृष्ण मंदिर की गौशाला में रखकर उनकी सेवा की जा रही है। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद विशेष रूप से तैयार किए जा रहे रथों से ले जाकर इन्हें अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दिया जाएगा।

कृष्ण की आंखों के समान धब्बे वाली गाय

दान में दी जाने वाली गायों में नागौरी प्रजाति की एक विशेष किस्म की गाय भी है। इस गाय की विशेषता है कि इनके शरीर पर विशेष काले रंग के धब्बे होते हैं। कहा जाता है कि ये धब्बे इन गायों के शरीर पर केवल छह महीने के लिए आते हैं। जब देवोत्थान एकादशी होती है, तब ये काले धब्बे गायों के ऊपर आ जाते हैं, और जब देवशयनी एकादशी आती है, तब प्राकृतिक तरीके से ये धब्बे गायब हो जाते हैं। महंत मंगलदास ने कहा कि इन गायों को भगवान कृष्ण की आंखें माना जाता है। जब तक देव जागृत अवस्था में रहते हैं, ये आंखें गायों के शरीर पर प्रकट रहते हैं।

फास्ट न्यूज

आठ साल पहले लापता हुए वायुसेना के विमान का मलबा बरामद

नई दिल्ली : 2016 में बंगाल की खाड़ी के ऊपर लापता हुए भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान (पंजीकरण ङ-2743) का मलबा चेन्नई तट से लगभग 140 समुद्री मील (लगभग 310 किमी) दूर पाया गया है। राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान ने हाल ही में लापता एएन-32 के अंतिम ज्ञात स्थान पर गहरे समुद्र में अन्वेषण क्षमता वाला एक स्वायत्त अंडरवाटर वाहन (एयूवी) तैनात किया था। खोजी गई तस्वीरों की जांच की गई और उन्हें एएन-32 विमान के जैसा पाया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि संभावित दुर्घटना स्थल पर किसी अन्य विमान के लापता होने की कोई जानकारी नहीं मिली है। जिसके कारण संभव है कि यह मलबा दुर्घटनाग्रस्त आईएएफ एएन-32 (के-2743) का हो सकता है।

जेएन.1 वेरिएंट के कुल मामलों की संख्या 1000 के पार

नई दिल्ली: देश में कोरोना वायरस के नए वेरिएंट जेएन.1 अब रफ्तार पकड़ रहा है। शुक्रवार को दर्ज हुए ताजा मामलों के बाद देश में कुल मरीजों की संख्या 1000 के पार हो गया। अब तक 16 से अधिक राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में जेएन.1 के मामले दर्ज हो चुके हैं।

सबसे अधिक कर्नाटक में जेएन.1 के मामले दर्ज: जीनोमिक्स कंसोर्टियम द्वारा के आंकड़ों के मुताबिक, कर्नाटक में सबसे अधिक 214 मामले दर्ज हुए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 170, केरल में 154, आंध्र प्रदेश में 189, गुजरात में 76 और गोवा में 66 मामले सामने आए हैं।

किन राज्यों में मिले नए वेरिएंट के मामले: वहीं, तेलंगाना और राजस्थान में 32-32 जेएन.1 के मामले मिले हैं।

अटल सेतु: समंदर में भारत का कमाल

= पीएम ने देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज का उद्घाटन किया: 21.8 किमी लंबा ब्रिज मुंबई-नवी मुंबई को जोड़ेगा

देश को समर्पित

8 15 मिनट में 2 घंटे का सफर, इंजीनियरिंग का नायाब नमूना है अटल सेतु, पीएम मोदी ने रखी थी नींव

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार यानी आज देश के सबसे लंबे पुल का उद्घाटन कर इसे जनता को सौंप दिया है। इस 22 किलोमीटर लंबे पुल के जरिए महज 15 मिनट में मुंबई से नवी मुंबई की दूरी तय की जा सकेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लंबे पुल 'अटल सेतु' का लोकार्पण किया। मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक को 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु' नाम दिया गया है। मालूम हो कि पीएम मोदी ने दिसंबर 2016 में इस पुल की आधारशिला रखी थी। दरअसल, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर इसका नाम अटल सेतु रखा गया है।

देश के सबसे लंबे पुल की खासियत: अटल ब्रिज देश का सबसे लंबा समुद्री ब्रिज होगा, जिसकी लंबाई 21.8 किलोमीटर होगी। इस पुल का 16.5 किलोमीटर हिस्सा समुद्र के ऊपर और 5.5 किलोमीटर हिस्सा जमीन के ऊपर बना हुआ है। ये 6 लेन वाला रोड ब्रिज है। यह ब्रिज मुंबई से नवी मुंबई को आपस में जोड़ेगा, जिससे दो घंटे के सफर को लगभग 15 मिनट में पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही, पुणे, गोवा और दक्षिण भारत का सफर भी कम समय में पूरा हो सकेगा।इस पुल को बनाते हुए सुरक्षा को भी मद्देनजर लिया गया है। जिसके बाद इस पर आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस वाले 190 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। दुनिया का 12वां सबसे लंबा समुद्र पर बना पुल भी है, जो 17 हजार 840 करोड़ रुपये में बनकर तैयार हुआ है। सिक्स लेन वाले इस ब्रिज पर रोजाना 70 हजार से अधिक गाड़ियों का ट्रैफिक चल सकता है। पुल पर 100 किलोमीटर प्रति घंटे फर्राटा रफ्तार से गाड़ियां दौड़ेंगी, जिससे घंटों का सफर मिनटों में तय होगा।

इस पुल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें एफिल टावर की तुलना में 17 गुना अधिक स्टील लगा है और कोलकाता के हावड़ा ब्रिज से चार गुना स्टील का इस्तेमाल किया गया है। इस पुल के निर्माण में जो कंक्रीट इस्तेमाल किया गया है, वह अमेरिका के स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से छह गुना ज्यादा है।

177,903 मीट्रिक टन स्टील का हुआ उपयोग

इस अटल पुल के निर्माण में लगभग 177,903 मीट्रिक टन स्टील और 504,253 मीट्रिक टन सीमेंट का उपयोग किया गया है। अटल सेतु इतना मजबूत है कि इस पर भूकंप, उच्च ज्वार और तेज हवाओं के दबाव का असर नहीं होगा। इस पुल का निर्माण एपॉक्सी-स्ट्रैंड्स वाले विशेष मैटेरियल से किया गया है, जिनका उपयोग परमाणु रिएक्टरों के निर्माण के लिए किया जाता है।

पीएम ने 11 दिन का विशेष अनुष्ठान शुरू किया

पीएम ने इसी के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले 11 दिन का विशेष अनुष्ठान शुरू किया। पंचवटी स्थित कालाराम मंदिर से पीएम ने ये अनुष्ठान शुरू किया। बता दें कि इस जगह पर ही भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण कई सालों तक रहे थे। पीएम मोदी ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद लोगों से अपील की कि वो राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले विभिन्न मंदिरों में सफाई अभियान चलाएं।

पीएम मोदी की प्रेरणा से बना खेलों का माहौल: सीएम योगी

टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से खेलो इंडिया, फिट इंडिया और सांसद खेल महाकुंभ के आयोजनों से देश में खेलों का बेहतरीन माहौल बना है। इसी माहौल को और शानदार बनाने के लिए उत्तर प्रदेश गांव-गांव में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है। खिलाड़ियों को सभी संसाधन और सुविधा देने के साथ खेल की उनकी उपलब्धियों को भारी पुरस्कार राशि और सरकारी नौकरियों से जोड़ रही है।

खेल महाकुंभ

8 गांव-गांव में तैयार हो रहा स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर, खिलाड़ियों को सभी संसाधन और सुविधा मिल रही

सीएम योगी शुक्रवार दोपहर बाद जंगल कौड़िया स्थित महंत अवेद्यनाथ स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल एवं लोक कला महाकुंभ के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

नासिक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी माता जीजायु और स्वामी विवेकानंद को पुष्प अर्पित करते हुए।

अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाएंगे सिद्दरमैया

बेंगलुरु: कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने शुक्रवार को कहा वह अयोध्या राम मंदिर में दर्शन करने जाएंगे और राम मंदिर में दर्शन करने की तस्वीरें भी शेयर करेंगे। हालांकि, उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भाजपा का ड्रामा बताया। सीएम सिद्दरमैया ने अपने एक्स हैंडल पर कहा, मैं न तो हिंदू विरोधी हूं और न ही श्री राम चंद्र का विरोधी हूं। 22 जनवरी को अयोध्या में भाजपा ड्रामा बोर्ड के प्रदर्शन के बाद मैं अयोध्या जाकर राम मंदिर का दर्शन करूंगा। मैं उसकी तस्वीरें उन लोगों के साथ शेयर करूंगा, जो मेरे बारे में श्री रामचंद्र के विरोधी के रूप में बात कर रहे हैं।

असली मुद्दों से ध्यान हटाया जा रहा: राहुल

'युवाओं को सोचना होगा कि हमारे सपनों के भारत की पहचान क्या होगी?

निशाना साधा

8 भावनात्मक मुद्दों को राजनीति के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है और मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाया जा रहा

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भावनात्मक मुद्दों को राजनीति के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है और असली मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाया जा रहा है।

'विवेकानंद के विचारों को याद करने की जरूरत': 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के मौके पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर उन्होंने लिखा, 'आज स्वामी विवेकानंद के विचारों को याद करने की जरूरत है। जिन्होंने, युवाओं की ऊर्जा को एक समृद्ध देश का आधार और पीड़ितों व गरीबों की सेवा को सबसे बड़ी तपस्या माना था।'

राहुल गांधी ने युवाओं से पूछा सवाल: राहुल गांधी ने पूछा, 'युवाओं को सोचना होगा कि हमारे सपनों के भारत की पहचान क्या होगी? जीवन की गुणवत्ता या सिर्फ भावनाएं? भड़काऊ नारे लगाने वाले युवा या नौकरीपेशा युवा? प्यार या नफरत?' कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, 'आज असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए राजनीति की जा रही है और भावनात्मक मुद्दों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है।

कर्नाटक: छात्रों को हर महीने मिलेगा 3 हजार मासिक भत्ता'

टीम एक्शन इंडिया/शिवमोगा।

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी की पांचवीं 'गारंटी' की शुरूआत कर दी। दरअसल, विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने कर्नाटक की जनता से पांच वादे किए थे, जिसे कांग्रेस की पांच गारंटी नाम दिया गया था। इसमें से एक गारंटी में ग्रैजुएट बेरोजगार को 3 हजार रुपये मासिक भत्ता और डिप्लोमा होल्डर्स छात्रों को डेढ़ हजार रुपये मासिक भत्ता देना शामिल है।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 'युवा निधि' योजना को प्रतीकात्मक रूप से शुरू करने के लिए छह लाभार्थियों को चेक सौंपे। यह उन ग्रैजुएट और डिप्लोमा धारकों के लिए है जो 2022-23 में पास होने के बाद भी 180 दिन से बेरोजगार हैं।

उत्तराखंड: 14 से 22 तक आयोजित होंगे सांस्कृतिक उत्सव

जन सहभागिता

8 जन सहभागिता से जुड़ेगा प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम, 22 को सभी प्रमुख मंदिरों, गुरुद्वारों में होगा प्रसाद वितरण

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय से सभी जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर निर्देश दिये कि आगामी 14 से 22 जनवरी 2024 तक सांस्कृतिक उत्सव के तहत प्रदेश में भव्य आयोजन किये जाएं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके उपलक्ष्य में प्रदेश में पूरी जन सहभागिता के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर हमें देवभूमि की सेवा करने का जो अवसर मिला है उस अवसर को हम अपने विकल्प रहित संकल्प के साथ पूरा करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। हमें उत्तराखंड को देश का सर्वोत्तम राज्य बनाना है। आगामी 22 जनवरी को रामलला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे हैं और यह ऐसा अवसर है, जिसके लिए हमने वर्षों इंतजार किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों को रामोत्सव मनाने का सुअवसर प्रदान किया है। भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के इस भव्य आयोजन को प्रदेश में दिव्य एवं गरिमा के साथ आयोजित किये जाने में सभी को सहयोगी बनना होगा।

खुदरा महंगाई दर चार महीने के उच्चतम स्तर पर

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर चार महीने के उच्च स्तर 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गई, यह नवंबर में 5.55 प्रतिशत थी। शुक्रवार को सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि हुई है। वहीं औद्योगिक उत्पादन नवंबर में 2.4 प्रतिशत बढ़ा है। सरकार के आंकड़ों कें मुताबिक एक साल पहले इसी महीने में इसमें 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। शुक्रवार को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से महंगाई के आंकड़े जारी किए गए। खुदरा महंगाई दर दिसंबर महीने में भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2 से 6 प्रतिशत के सहिष्णुता बैंड के भीतर बनी हुई है

कैबिनेट मीटिंग प्रारम्भिक एवं उच्च शिक्षा विभाग में वार्षिक पीरियड आधार गेस्ट टीचर को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई

हिमाचल कैबिनेट: पहली कक्षा में दाखिले के लिए आयु सीमा में मिलेगी छूट

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में गत दिवस को आयोजित प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में शैक्षिक मानकों को बढ़ावा देने तथा अगली पीढ़ी को विकसित करने के लिए प्रारम्भिक एवं उच्च शिक्षा विभाग में वार्षिक पीरियड आधार गेस्ट टीचर को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमण्डल ने लोक निर्माण विभाग में कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) के 40 पद और कनिष्ठ तकनीशियन (वर्क इंस्पेक्टर) के 25 पद, जल शक्ति विभाग में वर्क इंस्पेक्टर के 20 पद, राजस्व प्रशिक्षण संस्थान जोगिन्द्रनगर, जिला मण्डी में विभिन्न श्रेणियों के 7 पद तथा सैनिक कल्याण विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 5 पद भरने को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में हमीरपुर जिला में 50 बिस्तर क्षमता के नागरिक अस्पताल सुजानपुर को 100 बिस्तर क्षमता के नागरिक अस्पताल में स्तरोन्नत करने तथा यहां पर विभिन्न श्रेणियों के 35 पद सृजित कर भरने को स्वीकृति प्रदान की गई।

फैसले

8 लड़कियों की विवाह योग्य आयु को 21 वर्ष करने तथा संबंधित नियमों में संशोधन करने को भी स्वीकृति प्रदान की

मंत्रिमण्डल ने लड़कियों की विवाह योग्य आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने तथा संबंधित नियमों और अधिनियमों में आवश्यक संशोधन करने को भी स्वीकृति प्रदान की। बैठक में जिला कांगड़ा के ढगवार में 1.50 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के स्वचलित दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से परामर्श सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करने को स्वीकृति प्रदान की गई। इस संयंत्र की क्षमता 3 लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाई जा सकेगी मंत्रिमण्डल ने मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना-2023 को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की। इस योजना के तहत विधवा एवं एकल नारियों को गृह निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। मंत्रिमण्डल ने राज्य कर एवं आबकारी विभाग के पुनर्गठन को स्वीकृति प्रदान करते हुए आबकारी विंग तथा जीएसटी एवं सम्बद्ध कर विंग सृजित करने का निर्णय लिया।

दिल्ली समेत उ. भारत को ठिठुराएगी ठंड

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड से लेकर यूपी-बिहार तक समूचा उत्तर भारत शुक्रवार को भी कड़ाके के ठंड से बेहाल रहा। कई दिनों के बाद दोपहर में खिली धूप ने थोड़ी राहत दी लेकिन शाम होते ही फिर बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। वहीं, कोहरे ने भी रेल, हवाई और सड़क यातायात को बाधित रखा।

अमृतसर रहा सबसे ठंडा

मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और यूपी के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान तीन से सात डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान अमृतसर सबसे ठंडा रहा, जहां तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

कोहरा करेगा परेशान: विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक इन सभी जगहों पर अगले दो दिनों तक सुबह और रात के समय घना कोहरा रहेगा। इसका सीधा असर ट्रेन और हवाई यातायात के साथ सड़क यात्रा भी दिखाई देगा। इसके अलावा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ में दो दिन कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक अगले तीन दिन यानी 15 जनवरी तक तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, कर्नाटक और लक्षद्वीप द्वीपों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

कोहरा का साया

8 अगले तीन दिनों तक इन सभी जगहों पर अगले दो दिनों तक सुबह और रात के समय घना कोहरा रहेगा।

अर्की विधानसभा क्षेत्र बनेगा विकास का आदर्श: संजय अवस्थी

टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र को आदर्श बनाने के लिए सडक, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र को अधोसंरचनात्मक रूप से मजबूत किया जाएगा ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकें। संजय अवस्थी आज सोलन जिला के अर्की विधानसभा क्षेत्र की दूर-दराज ग्राम पंचायत बेरल में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्य संसदीय सचिव ने इससे पूर्व सिहारली में 5.41 लाख रुपए की लागत से निर्मित महिला मण्डल भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने 5.45 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली उठाऊ पेयजल योजना स्कोर का भूमि पूजन भी किया। इस योजना से स्कोर गांव के साथ-साथ अर्की विधानसभा क्षेत्र की दूर-दराज ग्राम पंचायत बेरल व कंधर के शेष गांव भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि उठाऊ पेयजल योजना स्कोर पूरे क्षेत्र के लिए वरदान सिद्ध होगी। संजय अवस्थी ने कहा कि विकास निरंतर प्रक्रिया है और सभी की एकजुटता एवं समन्वय से ही विकास को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि विधायक के रूप में अर्की विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पहली बार अर्की विधानसभा क्षेत्र में खनन निधि का उपयोग सुनिश्चित बनाया गया है और इस निधि से लगभग 26 करोड़ रुपए अर्की विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों पर खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में सम्पर्क मार्गों के निर्माण पर विशेष ध्यान दे रही है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए नाबार्ड के माध्यम से 336 करोड़ रुपए की सडक योजनाएं स्वीकृत करवाई गई हैं। निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए निविदा प्रक्रिया की अवधि को 51 दिनों से घटाकर 30 दिन किया गया है।

शहर के जवाहर पार्क हो रहा ओपन एयर थियेटर का निर्माण

टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष

सोलन शहर में स्थित पार्कों के जीर्णोद्धार करने को लेकर लगातार नगर निगम सोलन कार्य कर रहा है इसी कड़ी में शहर के जवाहर पार्क में ओपन एयर थिएटर बनने जा रहा है पहले चरण में 23 लाख रुपए यहां पर खर्च किए जा रहे हैं इसके बाद यहां पर ओपन थिएटर का काम पूरा किया जाएगा, वहीं वह उसके बाद इसमें पेडेस्टल मार्ग, मंच और बैठने की व्यवस्था निगम की ओर से की जाएगी। जवाहर पार्क में चल रहे ओपन एयर थिएटर के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने शुक्रवार को निगम की मेयर उषा शर्मा, डिप्टी मेयर मीरा आनंद मौके पर पहुंची जिन्होंने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को इसके बेहतर निर्माण के निर्देश दिए। मेयर उषा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सोलन शहर के पार्कों का जीर्णोद्धार करने और सौंदर्यकरण को करने के लिए लगातार निगम कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को लेकर शहर के जवाहर पार्क में ओपन एयर थिएटर बनाया जा रहा है जिसमें आने वाले दिनों में युवाओं को एक मंच अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए मिलेगा पहले चरण में यहां पर 23 लाख रुपए इसको लेकर खर्च किए जा रहे हैं आगामी दिनों में यहां पर और भी विकास कार्य किए जाएंगे।

न्यूज फ्लैश

मतदाता सूचियों को तैयार करने का कार्यक्रम जारी किया गया

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने जानकारी दी कि राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश द्वारा 8, जनवरी 2024 को जारी अधिसूचना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश पंचायती राज संस्थाओं के उप-निर्वाचन के लिए मतदाता सूचियों को तैयार करने का कार्यक्रम जारी किया गया है जिसमे जिला कुल्लू के वार्ड नं. 4 मोहल-2 ग्राम पंचायत मोहल विकास खण्ड कुल्लूए वार्ड न.। खनोटा ग्राम पंचायत भालसी विकास खण्ड निरमंड तथा वार्ड न. 5 ठोजा व वार्ड न. 6 ग्राहण-1 ग्राम पंचायत कसोल विकास खण्ड भून्तर में उप निर्वाचन हेतु दिनांक 1 जनवरी, 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूचियों को तैयार करने हेतु निम्न प्रकार से कार्यक्रम अधिसूचित किया गया है: मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 11 जनवरी 2024 को होगा, पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष दावे एवं आपत्तियां भरना 12 जनवरी 2024 से 17 जनवरी 2024 तक रहेगा, पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 20 जनवरी 2024 तक किया जाएगा। अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दाखिल करने का समय 24 जनवरी, 2024 तक रहेगा, अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपीलों का निपटान 29 जनवरी 2024 तक किया जायेगा तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 31 जनवरी 2024 को किया जाएगा। उपरोक्त ग्राम पंचायतों के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त पंचायतों की मतदाता सूचियों में नाम सम्मिलित करना हो या कोई दावा या आक्षेप हो तो सम्बंधित विकास खण्ड के पुनर्निरीक्षण अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत के सचिव से सम्पर्क कर सकते है।

एक्शन इंडिया के पत्रकार राकेश संगराय को मातृ शोक

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। दैनिक समाचार पत्र एक्शन इंडिया जोगिंदर नगर के पत्रकार राकेश संगराय की माता गायत्री देवी का देहांत हो गया, वह 90 वर्ष की थी। मिली जानकारी के अनुसार वीरवार को उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई और हृदय गति रुक जाने से उनका देहांत हो गया। वीरवार को ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। गायत्री देवी समाज सेवा में तत्पर रहती थी तथा महिलाओं के उत्थान के लिए उन्होंने अनेक कार्य किए हैं। उनके निधन पर जिला लोक संपर्क अधिकारी सचिन सारंग, मंडी प्रेस क्लब के प्रधान मुरारी शर्मा, सचिन हंसराज सैनी, वरिष्ठ पत्रकार बीरबल शर्मा, खेमचंद शास्त्री, विनोद राणा, अंकुश सूद, सरोज ठाकुर, रजनीश हिमालय, राकेश राणा, अनिल शर्मा, मनीष सूद, धर्मचंद वर्मा, रूप लाल कौंडल, सोनिया शर्मा, देवेंद्र व शिमला कार्यालय के सभी सदस्यों ने भी शोक प्रकट किया है।

मंडी के माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल की स्वाधीनता ने लीड चैम्पियनशिप्स 2023 की लिल चैम्प्स कैटेगरी जीती

मंडी: भारत की सबसे बड़ी स्कूल एडटेक कंपनी लीड ने 7 जनवरी को बेंगलुरु में आयोजित हुए ग्रैंड फिनाले इवेंट में लीड चैम्पियनशिप्स 2023 के विजेताओं की घोषणा की। लीड चैम्पियनशिप?स भारत में लीड से पावर्ड 3000 से ज्यादा स्कूलों के 1.2 मिलियन विद्यार्थियों के लिये राष्ट्रीय स्तर का एक प्रतिष्ठित मंच है। यह छोटे शहरों के विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के लिये जरूरी आत्म विश्वाश पैदा करने और अपनी कुशलता दिखाने का मौका देती है। इसके साथ ही 21वीं सदी के लिये जरूरी कौशल जैसे कि संचार,तार्किक चिंतन एवं सहयोग का निर्माण भी किया जाता है।

लीड के सीईओ और को फाउंडर सुमीत मेहता ने कहा,लीड चैम्पियनशिप्स 2023 के सभी विजेताओं और भाग लेने वालों को बधाई! लीड चैम्पियनशिप्स भारत के छोटे कस्बो और शहरों के स?कूली विद्यार्थियों को रोमांचक अवसर और सीखने के नये अनुभव देती है। यह सीखने का संपूर्ण अनुभव पाने में उनकी मदद करती है जो लगातार नई ऊँचाइयाँ छूने के लिये उन्हें प्रेरित करता है। माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल मंडी हिमाचल प्रदेश की स्टूडेंट स्वाधीनता ने कहा लीड चैम्पियनशिप्स 2023 को जीतकर मैं बहुत खुश हूँ! चैम्पियनशिप्स के लिये तैयारी करने से मुझे अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स और सीखने की क्षमताओं पर ज्यादा आत्मविश्वाश पाने में मदद मिली है। मुझे विषयों के कॉन्सेप्ट्स को समझने में भी मदद मिली है।

अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति ने चिट्टे के खिलाफ अलख जगाया

टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर

समाज की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाली अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति के बैनर तले शुक्रवार को झंडूता में नशे के खिलाफ विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति की अध्यक्षा बिजली महंत की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में आसपास की पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, पुलिस कर्मी तथा समाजसेवी और बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। संस्था द्वारा सभी गणमान्य लोगों को टोपी व हार पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति द्वारा झंडूता बाजार में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस दौरान बिना हेलमेट से वाहन चलाने वाले चालकों को सुरक्षा की नसीहत देते हुए निशुल्क हेलमेट प्रदान किए गए। जबकि जिन लोगों ने हेलमेट पहने थे और सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चला रहे थे, को फू ल देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति की प्रधान बिजली महंत ने कहा कि जानलेवा चिट्टा नशा गांव गांव तक पहुंच चुका है। युवा पीढ़ी इस नशे का शिकार होकर अपनी जान गंवा रही है। कई युवा मौत के मुहाने पर खड़े हैं। हालात दिन प्रतिदिन बद से बदतर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस और सरकार नशे के मिटाने के लिए अपना काम कर रहे हैं। लेकिन इसके लिए समाज को जागरूक होना पड़ेगा। समाज और पुलिस यदि पररस्पर सहयोग से काम करें तो चिट्टा नामक नशे पर रोकथाम लगाई जा सकती है। झंडूता पंचायत के प्रधान सत्या देवी, उपप्रधान राकेश चंदेल तथा ग्राम पंचायत औहर के उपप्रधान रणजीत वर्धन ने अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति के इस प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों को नशे के खिलाफ एकजुट होना होगा। वहीं रोहल पंचायत के प्रधान राज कुमार, बैहना ब्राहम्णा के प्रधान राजेंद्र ठाकुर, उपप्रधान इंद्र सिंह, बलघाड़ पंचायत के उपप्रधान अजय कुमार, व्यापार मंडल झंडूता के प्रधान प्रशांत शर्मा व पूर्व प्रधान देवी सिंह ने बिजली मंहत के इस प्रयास को समाज हित में करार देते हुए पूरा सहयोग किया तथा आश्वस्त किया कि चिट्टे रूपी नशे को जड़ से उखाड? के लिए वे सदैव उनका साथ देंगे। इन प्रतिनिधियों ने कहा कि समाज सेविका बिजली महंत समाज के उत्थान के लिए दिन रात प्रयासरत है। नशे को समाप्त करने के लिए अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति की मुहिम एक दिन अवश्य कामयाब होगी। वहीं संस्था द्वारा सभी लोगों के लिए जलपानए कॉफी व फ्रूटस आदि की व्यवस्था भी की गई थी।

आंगन में खेल रही तीन वर्षीय मासूम की पानी के ड्रम में डूबने से मौत

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। प्रदेश के उपमंडल पच्छाद के ग्राम पंचायत धरोटी के गांव पथरोठी में बाहर आंगन में खेल रही 3 साल की मासूम बच्ची की पानी से भरे ड्रम में डूबने से मौत हो गई। परिजनों को जरा भी भनक नहीं लगी कि कब उनकी 3 वर्षीय बेटी वंशिका (पुत्री रणधीर सिंह निवासी गांव पथरोठी डाकघर पानवा तहसील पच्छाद खेलते खेलते पानी में डूब गई। परिजनों को जैसे ही उनकी मासूम बेटी के डूबने का पता चला वे उसे लेकर तुरंत सिविल अस्पताल साराहां पहुंचे लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। मासूम बेटी ने उससे पहले ही रास्ते में तोड़ चुकी थी। इस घटना से परिजन काफ ी सदमे में है वहीड्ड इस दुखद घटना से क्षेत्र में भी शोक की लहर है।

'उत्पाद बेचने के लिए धर्मपुर में खोला जाएगा शॉपिंग सेंटर'

टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री

विधायक धर्मपुर चन्द्रशेखर ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों और महिला मण्डलों को अपने उत्पाद बेचने के लिए धर्मपुर में शॉपिंग सेंटर खोला जाएगा। जिसके लिए बजट उपलब्ध करवा दिया गया है। चन्द्रशेखर ने यह जानकारी धर्मपुर के सिद्धपुर में महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को संबोधित करते हुए दी। महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए सिद्धपुर में एक बैठक का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि आधुनिक समाज के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा की समाज में अगर एक महिला शिक्षित होती है तो उससे पूरे परिवार शिक्षित होता है। विधायक ने कहा कि हमारे देश में आजादी के आंदोलन से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में महिलाओं का अहम योगदान रहा है। चंद्रशेखर ने कहा कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने देश के प्रधानमंत्री के रूप में देश का कुशल नेतृत्व किया है। विधायक ने कहा कि हमारी बेटियां हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे सहकारिता के क्षेत्र में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। विधायक ने इस अवसर पर महिलाओं से उनके द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की जानकारी ली।

सोलन में एनएच पांच के किनारे कबाड़ की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला व्यक्ति का शव

टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष

चंडीगढ़ शिमला नेशनल हाईवे पांच पर सब्जी मंडी सोलन के पास गौशाला के नजदीक एक कबाड़ की दुकान में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है, सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच चुकी है और मामले की जांच कर रही है।

फिलहाल अभी यह कह पाना मुश्किल है कि यह हत्या है या आत्महत्या, लेकिन पुलिस स्थानीय लोगो से मामले की जांच कर रही है। वहीं एनएच पर साथ लगते सीसीटीवी कैमरों से मामले की जांच की जा रही है वहीं एफएसएल की टीम को भी मौके पर जांच के लिए पहुंची है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सब्जी मंडी के नजदीक एक कबाड़ की दुकान करने वाले व्यक्ति का शव मिला है जिसको लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है, वहीं सीसीटीवी कैमरों की मदद भी ले रही है और एफएसल की टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है।

स्वामी विवेकानंद के बताएं मार्ग पर चलें युवा : राकेश शर्मा

टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री

युवा स्वामी विवेकानंद के बताए हुए मार्ग पर चलें ताकि सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सके। मंडी के विवेकानंद छात्रावास में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने की पश्चात युवाओं को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश सेवा भारती के संगठन मंत्री राकेश शर्मा ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने सनातन संस्कृति और हिंदुत्व को विश्व भर में एक नई पहचान दिलाई। अपनी छोटी सी उम्र में स्वामी जी ने जो कर दिखाया वह असंभव था। उन्होंने अमेरिका में जाकर मानव धर्म सम्मेलन में जहां सनातन और हिंदुत्व का प्रसंग प्रस्तुत कर विश्व को एक नई राह दिखाई वहीं भारत के भी युग पुरुष बने। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का पूरा विश्व अनुसरण कर रहा है तथा विकसित, आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो सके इसके बारे में काम चल रहा है। उन्होंने युवाओं को कहा कि वह नशे से दूर रहे तथा स्वामी विवेकानंद की जीवनी आवश्य पढ़े। जो उन्होंने नेक कार्य किए हैं उनका अनुसरण करें।

सिरमौर में खूनी बन रही सडकें :नाथूराम चौहान

टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ

जिला सिरमौर के जाने-माने समाजसेवी व आम आदमी पार्टी के नेता नाथूराम चौहान ने कहा है कि यदि सिरमौर जिला की सडकों की हालत शीघ्र नहीं सुधारी गई तो अधिकारियों के खिलाफ एफ आईआर दर्ज करवाई जाएगी। गुरुवार को नाहन में आयोजित पत्रकार वार्ता में नाथूराम चौहान ने कहा कि सिरमौर जिला की सडक खूनी बन चुकी है तथा आए दिन दुर्घटनाओं में दर्जनो लोग अपनी जान गवां रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिला सिरमौर में 1 वर्ष में 300 से अधिक लोगों की जान विभिन्न क्षेत्रों में सडक हादसों में हो चुकी है। जिनमें केवल शिलाई क्षेत्र में ही 85 लोगों की मौत गत 1 वर्ष के भीतर विभिन्न सडक हादसों में हो चुकी है। उन्होंने कहा कि खस्ताहाल सडकों पर ना तो स्थानीय नेता व अधिकारी ध्यान दे रहे हैं ना ही सरकार की ओर से ही दिशा में कोई कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी भी नेताओं के आगे मूक दर्शक बने हुए हैं तथा जो अधिकारियों के कार्य हैं वह निष्ठा पूर्वक नहीं किया जा रहे हैं। नाथूराम चौहान ने कहा कि यदि समय रहते सिरमौर जिला की सडकों की हालत नहीं सुधारी गई तो इसके लिए पूरी तरह से संबंधित विभाग के अधिकारी दोषी होंगे। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला के लोग ऐसे अधिकारियों के खिलाफ पुलिस में एफ आईआर दर्ज करवाएंगे। उन्होंने कहा कि पांवटा साहिब गुम्मा नेशनल हाईवे पर स्थानीय नेताओं की वजह से नेशनल हाईवे के डबल लेन के कार्य की ओर अधिकारी व नेता आंखें मूंद कर बैठे हैं। यही कारण है कि आए दिन सिलाई क्षेत्र में सडक हादसों की वजह से दर्जनों लोगों की जान जा रही है। नाथूराम चौहान ने कहा कि अधिकारियों को अपने पदों की गरिमा के हिसाब से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि नेता उन्हें प्रभावित भी करते हैं तो ऐसे नेताओं से लिखित रूप से लिया जाए अन्यथा उन नेताओं के फोन कॉल रिकॉर्ड किया जाए। उन्होंने कहा की शिलाई क्षेत्र में मात्र एक सप्ताह के भीतर दो बड़े सडक हादसे हो चुके हैं जिसमें 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं तथा पांच लोगों की जान गई है। उन्होंने इस मामले में शीघ्र जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार से दखल देने का आग्रह किया है। नाथूराम चौहान ने कहा की जिला सिरमौर की जो सडके हादसों का कारण बन रही है, वहां पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित किया जाए तथा सभी दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में पैरापिट व क्रश बेरिकेट लगाकर दुर्घटना को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाए।

HIMACHAL PRADESH
JAL SHAKTI DEPARTMENT
O/o Executive Engineer, JSV Division Arki
District-Solan, H.P.-173208 Phone: - 01796-220774
E-mail: - [illegible] website: - www.hpiph.org

*** NOTICE INVITING e-TENDER ***

On line bids on item rate basis are invited by the Executive Engineer, Jal Shakti Division Arki on behalf of Governor of Himachal Pradesh, in electronic tendering system in two covers for the under mentioned works from the contractor/Firms of appropriate class enlisted with HP IAPH Department/ Jal Shakti Vibhag. Tender document and other instruction shall be downloaded or viewed online from the portal http://hptenders.gov.in by the firms/individual registered on the website which is free of cost.

Sr. No.	Description of work	Estimated cost	Earnest Money	Time	Cost of Bid form
1.	Restoration of rain damages under LWSS PC Habitation of Arki Constituency from Gambar Khad in Tehsil Arki, District Solan HP (SH:- Construction of RCC retaining wall with cutoff key on front side of pump house along khad to protect pump house base from erosion) (Under JJM Flexi fund)	2526335.00	45400.00	Three Months	400/-
2	Providing CAD work to PIS Bambira in G.P Danoghat, Tehsil Arki District Solan HP (SH:- Construction of head weir, providing laying & jointing HDPE pipe in distribution system, construction of out let chambers at various RDs & construction of retaining wall for protection of pipe)	1774221.00	35520.00	Six Months	400/-
3	Construction of water storage tank at Village Jahal in G.P Palania Tehsil Arki, District Solan HP (SH:- Providing and fixing Zincalume steel circular water storage tank, providing laying & jointing G.I pipe 50mm dia (light class) for connection of tank & providing & fixing fencing around tank	[illegible]	12900.00	Three Months	400/-
4	Restoration of rain damages of various building under JS Division Arki sub division Arki in Tehsil Arki District Solan hp (SH:- Construction of PCC Retaining wall at damaged portion occurred due to heavy slide at front side building of JE quarter at JS Section Baleri)	1092989.00	21860.00	Three Months	400/-

Key dates:-

I	Date of online publication.	12-01-2024 at 02:00 PM
II	Bid submission Start date and time.	From 12.01.2024 at 02:30 PM
III	Bid Submission end date and time.	Up to 22-01-2024 at 11:00 AM
IV	Earnest Money and Cost of tender document submitted online & offline both mode.	22-01-2024 at 11:00 AM
V	Date of opening Bid i.e. eligibility criteria & Technical Bid.	22-01-2024 at 11:30 AM
VI	Date of opening of financial bid.	Date and time be notified separately

Last date of filing/uploading the tender through e-tendering 22-01-2024 up-to 11.00 AM and will be **opened on 22-01-2024 at 11.30 AM.** The tender forms and other detailed conditions can be obtained from the website www.hptenders.gov.in

Executive Engineer,
Jal Shakti Division, Arki.

विधानसभा अध्यक्ष ने रायपुर-फगोट संपर्क मार्ग का किया भूमि पूजन

स संपर्क मार्ग के निर्माण पर 1 करोड़ 89 लाख की राशि व्यय होगी

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद
विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 6 करोड़ 20 लाख की लागत से रायपुर-फ गोट संपर्क मार्ग के मेटलिंग व टारिंग तथा शेष कार्य का भूमि पूजन किया। उन्होंने बड़द्रमण गांव से बनोली संपर्क मार्ग का भी भूमि पूजन भी किया। इस संपर्क मार्ग के निर्माण पर 1 करोड़ 89 लाख की राशि व्यय होगी।

कुलदीप सिंह पठानिया ने फ गोट गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में आर्थिक संसाधनों को बढ़ाने की दृष्टि से पर्यटन एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास के लिए सडक अधोसंरचना का विकसित होना भी सबसे आवश्यक है। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक, साहसिक और इको पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। इन्हें विकसित करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर विधानसभा क्षेत्र में सडक निर्माण को विशेष प्राथमिकता प्रदान की जा रही है। प्रदेश सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में ही विधानसभा क्षेत्र में 23 से अधिक संपर्क सडकों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि अगले 6 माह के भीतर 50 किलोमीटर से अधिक सडकों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

उन्होंने फ गोट स्कूल के भवन निर्माण को लेकर आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पेयजल की समस्या के स्थाई समाधान को लेकर अवाणी-चेहली पेयजल योजना के निर्माण पर 38 लाख की धनराशि व्यय की जा रही है।

सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एनआईसी चंबा में बैठक आयोजित

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिमला से वर्चुअल माध्यम से राजस्व मंत्री जगत

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद
प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को लेकर एन आई सी चंबा में उपयुक्त चंबा अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्चुअल माध्यम से राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को लेकर हिमाचल प्रदेश 12 जिलों के उपायुक्तों को निर्देशित किया।राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि जिलों के मंत्री विधायक विधानसभा अध्यक्ष उपाध्यक्ष सीपीएस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।उपायुक्त चंबा अपूर्व देवगन ने बताया कि 17 जनवरी को प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।उन्होंने कहा कि 17 जनवरी को भटियात विधान सभा क्षेत्र की कुड्डी ग्राम पंचायत में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे उन्होंने कहा कि चंबा जिले में पांच विधानसभा क्षेत्र के तहत 18 जनवरी को चुराह, 20 को भरमौर, 22 को चंबा, 24 को डलहौजी और 28 जनवरी को भटियात में कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है।

17 जनवरी को कसारू से होगी जिला में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की शुरूआत: डीसी

टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर
उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सरकार गांव के द्वार की शुरूआत घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत कसारू से 17 जनवरी, 2024 को होगी। प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धमार्नी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने आज जिला मुख्यालय के बचत भवन में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को सफ ल बनाने के लिए आयोजित जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों की विभिन्न समस्याओं को उनके घरण्द्वार के समीप सुलझाने के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आरंभ किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को प्रदेश सरकार की विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में अपनेण्अपने विभाग से संबंधित कल्याणकारी नीतियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं ताकि लक्षित वर्गों को समय पर योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को कार्यक्रम स्थल पर मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। ताकि स्थानीय लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य जांच के लाभ भी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनियां भी स्थापित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों में लोगों को प्रमाण पत्र बनाने जैसी सुविधाएं और राजस्व सम्बन्धी आवेदनों पर कार्यवाही की सुविधा भी प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि जिला सतरीय कार्यक्रम के अलावा जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों में भी यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में 18 जनवरीए झंडूता विधानसभा क्षेत्र में 19 जनवरीए बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में 20 जनवरी और श्री नैना देवी जी विधानसभा क्षेत्र में 21 जनवरी को सरकार गांव के द्वार पहुंचेगी।

सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत चगांव में आयोजित होगा शिविर

17 जनवरी को राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे अध्यक्षता

टीम एक्शन इंडिया/ किन्नौर/ अनिल
प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सरकार गांव के द्वार के तहत 17 जनवरी, 2023 को किन्नौर जिला की ग्राम पंचायत चगांव में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे। यह जानकारी आज यहां सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के सफ ल आयोजन को लेकर उपायुक्त सभागार किन्नौर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त तोरूल रवीश ने दी। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों की विभिन्न समस्याओं को उनके घरद्वार के समीप सुलझाने के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आरंभ किया जा रहा है।

अध्यक्षता

8 इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे

उपायुक्त ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को प्रदेश सरकार की विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी तथा लोगों की जन-समस्याओं को भी सुना जाएगा।

सीएम ने जो विभाग दिए उस पर खरा उतरेंगे खेलों को ग्रामीण स्तर पर बढ़ावा देने का किया जाएगा प्रयास: गोमा

टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा
मंत्री यादवेंद्र घूमने आयुष विभाग और खेल एवं युवा सेवाएं विभाग देने पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह को सुखों का आभार जाता है और कहा कि जो जिम्मेवारी उन पर स्वामी है उसे पर भी खराब उतरने की कोशिश करेंगे उन्होंने कहा कि विभागों के बंटवारे को लेकर उन्होंने कहा की इच्छा एन तो सब की होती है लेकिन मुख्यमंत्री का यह विशेष अधिकार है जो विभाग मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें दिए गए हैं उसे पर खडा उतरने की कोशिश करेंगे और आयुष विभाग काफी बड़ा विभाग है। प्रदेश में 11 सौ डिस्पेंसरी है इसमे ओर अच्छा काम करना है इसके अलावा खेल विभाग में भी बहुत कुछ करने को है जो मुख्यमंत्री और आलकमान ने जिम्मवेरी दी है उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। यादवेंद्र घूमने कहा कि शहरों में खेलकूद को लेकर अच्छी सुविधा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इसका अभाव है ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाएगा इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखों से भी अलग से फं ड देने की मांग की जाएगी ताकि युवाओं को नशे से दूर कर खेलों की ओर उनका रुझान बढ़ाया जा सके। नीति को लेकर कहा कि इसको लेकर मुख्यमंत्री और अधिकारियों के साथ बैठे करेंगे और हरियाणा की तर्ज पर यहां पर खेलो को बढ़ावा देने का काम किया जाएगा ताकि युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलो में हिस्सा ले सके।

मंत्रिमंडल की बैठक में एक्साइज और टैक्सेशन विभाग के बाईफर्केशन को मंजूरी

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा
शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक प्रदेश सचिवालय शिमला में हुई। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री समेत मंत्रीमंडल के सद्स्य भी मौजुद रहे। हालांकि इस दौरान कैबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान रोहित ठाकुर और आदित्य सिंह मीटिंग से नदारत रहे। कैबिनेट बैठक में एक्साइज और टैक्सेशन विभाग के बाईफर्केशन और प्रदेश में लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल तक करने जैसे कई कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर फैसले किए। कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने बताया की जिन पटवारियों की भर्ती जो राज्य काडर पर करने का फैसला किया गया था वह अब जिला काडर के आधीन ही की जाएगी। वहीं प्रदेश मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश में फिल्म निर्माण के लिए दिए जाने वाली अनुमति को टाइम बॉन्ड किया है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर दी जाने वाली अनुमतियों के लिए 3 दिन तथा राज्य के स्तर पर दिए जाने वाली अनुमतियों के लिए भी तीन दिन का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार प्रदेश में फि ल्मों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में हिमाचल डिजिटल पॉलिसी बनाने का फैं सला किया है। जिसके अंतर्गत वेब पोर्टल्स और डिजिटल मीडिया प्लेटफ र्म के लिए नीतियां बनाई जाएगी। वहीं बिजली महादेव के लिए बनने जा रहे रोपवे परियोजना से होने वाली आय का आवंटन 50-50 फ ीसदी केंद्र और राज्य सरकार के बीच होगा।

सीएम ने पूछा होता तो बताता अपनी पसंद, विभाग देना मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार: राजेश धमार्णी

टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा
हिमाचल प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धमार्णी ने कहा कि वह युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रशिक्षित करने की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के युवाओं को इंडस्ट्री की जरूरत के मुताबिक ट्रेनिंग देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह सब कुछ सामाजिक विकास के लिए भी बेहद जरूरी है। कैबिनेट मंत्री राजेश धमार्णी ने कहा कि विभाग देना मुख्यमंत्री का विशेष अधिकार होता है। मुख्यमंत्री ने उनसे इस बारे में कोई बात नहीं की। यदि मुख्यमंत्री ने पूछा होता, तो वह इस बारे में बताते। अब उन्हें जो विभाग मिला है, वह उसी में काम करेंगे। बता दें कि हिमाचल प्रदेश की राजनीति में इन दोनों राजेश धमार्णी को मनपसंद विभाग न दिए जाने की चर्चा जोरों पर है। हिमाचल प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धमार्णी ने साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में चारों सीट पर जीत का दावा किया।

साहू क्षेत्र में सीवरेज और पेय जल योजना पर व्यय होंगे 35 करोड़

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद
सरकार गांव के द्वारा कार्यक्रम के तहत चंबा विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड मैहला की 9 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें ग्राम पंचायत कीड़ी, अठलूई, ग्वाड़, सराहना, प्लयूर, पधरसाहू, रजिंडू, प्रोथा और कुरैणा शामिल है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक नीरज नैयर ने की। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के दृष्टिगत कार्य कर रही है। क्षेत्र चाहे शहरी हो या ग्रामीण लोगों की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग के अनुसार हर विकासात्मक कार्य को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चूंकि सरकार को सत्ता में आए लगभग एक वर्ष का समय हुआ है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में आम जनमानस के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर उतारा है। प्रदेशसरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक करते हुए कहा कि हर दूर दराज के गांव को सडक सुविधा से जोड? का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधान सभा क्षेत्र चंबा में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत स्वीकृत 8 सडकों के कार्य के लिए 88 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की जा रही है।

3 गारंटियां पूरी की, अन्य गारंटियों को भी पूरा करेंगे: इंद्र दत्त लखनपाल

टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ
बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा दी गई गारंटियों में से प्रदेश सरकार ने तीन गारंटियों को अपने एक वर्ष के कार्यकाल में ही पूरा कर दिया है। आने वाले समय में अन्य गारंटियों को भी प्रदेश सरकार प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेगी। शुक्रवार को न्यू ब्राइट सन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैहरे के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ओपीएस बहाल करके लगभग 1.36 लाख सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों को बहुत बड़ी सौगात दी है। बेरोजगार युवाओं के लिए भी सरकार ने 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने कई सराहनीय निर्णय लिए हैं। सरकारी और निजी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को श्रीनिवास रामानुजन योजना के तहत टैबलेट दिए जा रहे हैं। बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विकास की चर्चा करते हुए विधायक ने बताया कि क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की नई परियोजनाओं का कार्य आरंभ करने की प्रक्रियाएं पूर्ण की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि गोविंद सागर झील से एक बड़ी उठाऊ पेयजल योजना का कार्य आरंभ किया जाएगाए जिस पर लगभग 132 करोड़ रुपये खर्च होंगे। क्षेत्र में 132 केवी विद्युत सब स्टेशन का कार्य अंतिम चरण में है। यह कार्य पूर्ण होते ही क्षेत्र की वोल्टेज समस्या का समाधान हो जाएगा। बाबा बालक नाथ मंदिर और इसके आस-पास के स्थलों में विभिन्न सुविधाओं के विस्तार पर एडीबी की मदद से 65 करोड़ रुपये की परियोजना क्रियान्वित की जाएगी। इससे पहले स्कूल के प्रबंध निदेशक कुलदीप धीमान, निदेशक अविरल धीमान और प्रधानाचार्य सरोज कुमारी ने विधायक, अन्य अतिथियों और बच्चों के अभिभावकों का स्वागत किया तथा स्कूल की विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी।

देवेंद्र ठाकुर को जिला के समस्त कर्मचारियों की ओर से बधाई दी

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी।
आज अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला कुल्लू के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज की अगुवाई में अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला कुल्लू के कार्यकारिणी सदस्यों ने हाल ही में ईको टूरिज्म के प्रदेश के सदस्य के रूप में नियुक्त किए गए दविंदर ठाकुर से भेंट की और उनकी नियुक्ति पर खुशी जताते हुए उनको कुल्लू जिला के समस्त सरकारी कर्मचारियों की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुल्लु जिला अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत शर्मा, उपाध्यक्ष देवी सिंह, महासचिव तेजा सिंह और कार्यकारिणी के सदस्य मैंन दत्त, गिनीज कुमार, हीरालाल, लाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

पीएम मोदी की गारंटी है कि रिकॉर्ड समय में एम्स, बिलासपुर इस मुकाम तक पहुंचा : बिंदल

टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा की अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), बिलासपुर में हाल ही में नैदानिक प्रतिरक्षा एवं रिउम्याटोलोजी विभाग स्थापित किया गया है। एम्स प्रदेश का पहला संस्थान बन गया है जिसमें यह विभाग मौजूद है। स्वास्थ्य मंत्रालय एवं व्यय विभाग के अनुमोदन से नए विभाग की स्थापना की गई है। सुपरस्पेशियलिटी में नियोनेटोलॉजी और एंडोक्रिनोलॉजी के दो नए डीएम कोर्स शुरू किये गए हैं। साथ हीए एमडी और एमएस के भी कई कोर्सेज शुरू हुए हैं। एम्स, बिलासपुर में ये सारे काम महज एक साल के अंदर हुए हैं। इस

एक साल में एम्स ने कई सेवाएं ऐसे लोगों को दीं जिनके लिए उन्हें बाहरी राज्यों का रुख करना पड़ता था। उन्होंने कहा की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने एम्स, बिलासपुर को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई प्रेषित की है और कहा है कि एम्स, बिलासपुर की पूरी टीम एवं फैकल्टी ने इतने कम समय में शानदार काम करके दिखाया है। एम्स, बिलासपुर हिमाचल प्रदेश के लाखों लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। एम्स, बिलासपुर का साकार होना बिना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन के संभव नहीं था। नड्डा हमेशा हब सब से बातचीत में कहते हैं कि यह मोदी की गारंटी है कि रिकॉर्ड समय में एम्स, बिलासपुर इस मुकाम तक पहुंचा है। हिमाचल प्रदेश के विकास के लिएए यहाँ के लोगों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कटिबद्ध हैं। एम्स, बिलासपुर को यहाँ तक पहुंचाने में भाजपा के हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का विशेष योगदान रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में बिलासपुर में एम्स का मार्ग प्रशस्त किया था। एम्स बिलासपुर नड्डा के दिल के काफ ी करीब रहा है। वे जब भी हिमाचल आते थे, एम्स का निरीक्षण जरूर करते थे। अब भी जब वे यहाँ आते हैं, एम्स का जायजा जरूर लेते हैं। 2019 में भाजपा की सरकार बनने के बाद जब उन्हें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी मिली, तब भी वे एम्स, बिलासपुर के निर्माण कार्य की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करते रहे। उन्होंने हर बार अधिकारियों और एम्स के निर्माण में लगी कंपनियों से कहा था कि संस्थान की गुणवत्ता और संकाय की क्षमता के साथ कोई भी समझौता नहीं होना चाहिए।

एक समय ऐसा था, जब दिल्ली एम्स को बनने में 22 साल का समय लगा था, लेकिन बिलासपुर में केवल 5 साल में ही एम्स बनकर तैयार हो गया। वो भी तबए जब कोरोना के कारण लगभग दो साल तक इसका निर्माण कार्य बाधित हुआ। जब भी एम्स, बिलासपुर के लिए किसी भी तरह की जरूरत हुई, उसे पूरा करने के लिए नड्डा ने दिन-रात एक कर दिया।

एसजेवीएन अब एक प्रमाणित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क': सीएमडी एन.एल. शर्मा

टीम एक्शन इंडिया/शिमला

नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने कहा कि यह गर्व की बात है कि एसजेवीएन को ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में प्रमाणित किया गया है। यह प्रमाणन भारत के ग्रेट प्लेस टू वर्कट्ठ द्वारा जारी किया गया है। नन्द लाल शर्मा ने कहा कि यह प्रतिष्ठित अवार्ड एसजेवीएन की अपने कर्मचारियों के लिए सकारात्मक एवं सहायक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। श्री शर्मा ने कहा, "हम कार्य करने के लिए एक बेहतर कार्यस्थल के रूप में पहचाने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह उपलब्धि एक ऐसे कार्यस्थल को विकसित करने के लिए हमारी पूरी टीम के समर्पण को दशार्ती है, जो कर्मचारियों की भलाई को प्राथमिकता देता है और सहयोग एवं विकास की संस्कृति को बढ़ावा देता है।" एसजेवीएन के कर्मचारियों ने ट्रस्ट इंडेक्स सर्वे में बढ़-चढ़कर भाग

लिया, जो विश्वसनीयता, सम्मान, निष्पक्षता, गर्व तथा सौहार्द के मापदंडों पर आधारित है। इस सर्वेक्षण में एसजेवीएन के 92% कर्मचारियों ने भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप यह प्रमाणन प्राप्त हुआ है।

यह प्रमाणन कर्मचारियों के व्यापक फीडबैक और कार्यस्थल संस्कृति, नीतियों तथा प्रथाओं के मूल्यांकन के आधार पर प्रदान किया जाता है। एसजेवीएन ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के प्रति अपने समर्पण का प्रदर्शन किया है जहां कर्मचारी स्वयं को महत्वपूर्ण और प्रेरित महसूस करते हैं। ग्रेट प्लेस टू वर्कट्ठ कार्यस्थल संस्कृति पर वैश्विक प्राधिकरण है। इसका मिशन प्रत्येक कार्यस्थल को सभी के लिए एक बेहतरीन कार्यस्थल बनाने में सहायता करना है। ग्रेट प्लेस टू वर्क॰ के साथ 179 देश एफिलिएट है और यह प्रतिवर्ष दो करोड़ कर्मचारियों के साथ 18000 कंपनियों का सर्वेक्षण करता है।

भारतीय जनता पार्टी शिमला जिला कार्यसमिति की बैठक

टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा

मंथन

8 सभी कार्यकर्ताओं को फिर से कमर कसनी है और तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है

गत दिवस को को भारतीय जनता पार्टी शिमला जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन भाजपा कार्यालय दीप कमल चक्कर में किया गया। जिसमें विशेष रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सैजल, संसदीय क्षेत्र शिमला के सह-प्रभारी संजय सूद, जिला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर, शिमला ग्रामीण के प्रत्याशी रवि मेहता, मीडिया प्रभारी करण नंदा, प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष संजीव देष्टा, जिला के दोनों महामन्त्री प्रेम चौहान और राजीव पंडित, शिमला जिला से प्रदेश के पदाधिकारी, सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला सदस्य, सभी मोर्चो और प्रकोष्ठों के जिला पदाधिकारी, तीनों मण्डलों के अध्यक्ष उपस्थित रहें। जिला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने कार्यकर्ता को संगठन के करने हेतू कार्यों की जानकारी दी। जिसमें विशेष रूप से तीनों मण्डलों से अयोध्या जाने के लिए कार्यकर्ता को जागरूक करना, विश्व कर्मा योजना में अपेक्षित लोगों को जोडना, प्रधान मन्त्री मोदी की मन की बात को हर बूथ पर कार्यकर्ता के साथ सुनना। बैठक में डॉ राजीव सैजल और संजय सूद का कार्यकर्ता को मार्गदर्शन मिला उन्होंने कहा कि 2024 में जो लोकसभा के चुनाव होने है उसमे सभी कार्यकर्ताओं को फिर से कमर कसनी है और तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है।

16 जनवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय युवा दिवस

टीम एक्शन इंडिया/शिमला

जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी शिमला राकेश धौटा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय शिमला द्वारा 16 जनवरी, 2024 को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जो बैडमिंटन हॉल चैड़ा मैदान में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें खेल पर्यटन विषय पर वाद-विवाद 3 से 4 मिनट प्रतियोगिता, निबंध लेखन (10 मिनट) प्रतियोगिता, चित्रकला (1 घण्टा) प्रतियोगिता, देशभक्ति विषय पर समूह गान (5 से 7 मिनट) प्रतियोगिता तथा कढाई (1 घण्टा) प्रतियोगिता शामिल है। उन्होंने बताया कि चित्रकला व कढाई प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपने साथ रंग एवं ब्रश और कढाई में प्रयोग किया जाने वाला सामान भी साथ लाना होगा। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 3 हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर रहे प्रतिभागी को 2 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 1 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दूरभाष नम्बर 0177-2803981 व 78764-20992 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

विज्ञान अध्यापक संघ ने आपदा राहत कोष में दिए दो लाख

टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ

हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघए जिला हमीरपुर ने आज शिमला में मुख्यमंत्री निवास ओकओवर में दो लाख पांच हजार ग्यारह रुपए की राशि का चौक मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को सौंपा। विज्ञान अध्यापक संघ का प्रतिनिधि मंडल जिला प्रधान विकेश कौशल के नेतृत्व में आज मुख्यमंत्री से मिलकर आपदा राहत कोष में उपरोक्त धनराशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने संघ प्रतिनिधिमंडल की सराहना व्यक्त करते हुए खुशी जताई और कहा कि आपदा के समय समूचे प्रदेश के कर्मचारियों ने सरकार का बखूबी साथ दिया। प्रतिनिधि मंडल ने

मुख्यमंत्री से डीए की किस्त जारी करने का आग्रह किया और साथ ही स्थानांतरण के लिए 30 किलोमीटर की दूरी को कम करके 20 किलोमीटर करने का ज्ञापन भी सौंपा। उपरोक्त मांगों पर मुख्यमंत्री ने स्कारात्मक आश्वासन देते हुए इस पर विचार करने की बात कही। इस प्रतिनिधिमंडल में वित सचिव विपन कुमार, मीडिया सचिव राजेश गौतम, गलोड ब्लॉक अध्यक्ष अतुल शर्मा, भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष अनिल बरवाल, नादौन ब्लॉक अध्यक्ष सुरजीत कुमार, सहित आदि उपस्थित रहे।

महिला मोर्चा के जिला प्रभारी घोषित, महिला कार्ड पर भाजपा का फोकस

टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा

महिला मोर्चा के जिला प्रभारी घोषित, महिला कार्ड पर भाजपा का फ ोकस। प्रदेश कार्यसमिति और विशेष आमंत्रित सदस्यों की भी नियुक्ति। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा वंदना योगी ने महिला मोर्चा में जिला प्रभारी, प्रदेश और विशेष कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की। उन्होंने बताया की जिला प्रभारियों के रूप में सीमा चंदेल को जिला चंबा, कांता ठाकुर को कांगड़ा, सोनिया बंटा को नूरपुर, रजनी ठाकुर को देहरा,

पूनम कुमारी को पमलपुर, वर्षा ठाकुर को लाहौल स्पीति, अनिता गर्ग को कुल्लू, सुनीता कटोच को सुंदरनगर, मीनाक्षी राणा को हमीरपुर, शीतल भारद्वाज को ऊना, सीमा ठाकुर को बिलासपुर, शकुंतला को सिरमौर, अनिता वर्मा को सोलन, शीतल व्यास को महासू, प्रतिभा कंवर को शिमला, मनीषा सूद को मंडी, शशि मल्होत्रा को किन्नौर जिला का प्रभारी नियुक्त किया। उन्होंने बताया की रितु शर्मा, चिन्नो देवी, सतिन्द्र कुमारी, निशा शर्मा, सुरेन्द्र कौर, मधु बाला, सरोज, उषा राणा, निधि गुलेरिया, किरण देवी, स्वर्णलता पटियाल, आशा शर्मा, कांता राण, वीना सिंह, वीना शर्मा, रूबीना नेगी को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया।

परिधि गृह में होगी भाखड़ा विस्थापित समिति की बैठक: जय

टीम एक्शन इंडिया /बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

सर्वदलीय भाखड़ा विस्थापित समिति की मासिक बैठक रविवार 14 जनवरी को शाम 3 बजे स्थानीय परिधि गृह में आयोजित होगी। जिसकी अध्यक्षता समिति के महासचिव जयकुमार करेंगे। जयकुमार ने कहा कि पिछले दिनों विस्थापितों की समस्याओं व कठिनाइयों बारे डीसी आबिद हुसैन सादिक से बचत भवन में विस्तृत चर्चा हुई थी। जिसमें नगर के विस्थापितों ने काफ ी संख्या में भाग लिया था। उस बैठक में लिए गए निर्णयों व डीसी द्वारा दिये गए आश्वासनों पर हुई प्रगति व अन्य विषयों पर विचार-विमर्श करके आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। उन्होने कहा कि बैठक में शीघ्र ही बिलासपुर से संबन्धित नवनियुक्त तकनीकी शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिलने और धमार्णी के नागरिक अभिनंदन के कार्यक्रम को अंतिम रूप देने बारे भी चर्चा की जाएगी। उन्होने सभी भाखड़ा विस्थापितों से इस आवश्यक बैठक में भाग लेने का आग्रह किया है।

बिलासपुर के रोहित ठाकुर बने डीएसीवाईपी कार्यसमिति सदस्य

टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर

हरनोड़ा के रोहित ठाकुर को नेहरू युवा केन्द्र संगठन डीएसीवाईपी कार्यसमिति सदस्य में स्थान मिलने पर क्षेत्र के कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि नए दायित्व को वह ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता भावना सहित बखूबी से निभाएगे। रोहित ठाकुर इससे पूर्व भाजपा युवा मोर्चा संगठन में प्रदेश युवा मोर्चा में उपाध्यक्ष पद पर जिम्मेदारी निभा रहे है। इसके उपरांत युवाओं में बेहतर पकड़ रखने में उनके कौशल और अनुभव के आधार पर ही शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि निष्ठा से कार्य करते हुए प्रदेश की युवाओं-युवतियों को नेहरू युवा केन्द्र संगठन से जोडकर व पार्टी की रीतिण्नीति के बारे में बताकर ज्यादा से ज्यादा युव को जोड? का काम करेंगे।

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने समाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र से प्रतिष्ठित व्यक्ति के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन से संदर्भित युवा कार्यक्रम पर जिला के सदर विधानसभा क्षेत्र के हरनोड़ा निवासी व प्रदेश युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष रोहित ठकुर को जिला सलाहकार समिति डीएसीवाईपी का बतौर सदस्य के लिए नामित किया है। एनवाइकेएस के महानिदेशक नितेश कुमार मिश्रा

ने रोहित ठाकुर को नियुक्ति पत्र भेज कर कर बधाई दी है। उनकीं इस नियुक्ति को लेकर क्षेत्र में खुशी का मौहाल है।

उन्होंने केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का आभार प्रकट किया कि उन्होंने उन पर विश्वास जताया है। नेहरू युवा केन्द्र संगठन गैर छात्र ग्रामीण युवाओं के कल्याण एवं विकास के लिए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत्तशासी निकाय है। यह संगठन वर्तमान में 1.69 लाख ग्राम आधारित युवा मंडलों माध्यम से नामांकित 36.34 लाख से अधिक युवाओं की विशेष रूप से शिक्षा, प्रशिक्षण, जागरूकता, कौशल विकास, स्वयं सहायता समूहों का गठन, स्वरोजगार, उद्यमिता विकास, बचत एवं सहयोग, राष्ट्रीय एकीकरण प्रोत्साहन एवं ग्रामीण खेल के क्षेत्र में आवश्यकताओं को सीधे तौर पर पूर्ति कर रहा है।

नोहराधार में पेड़ से गिरा 33 वर्षीय व्यक्ति, दर्दनाक मौत

टीम एक्शनर इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ। जिला सिरमौर के नोहराधार क्षेत्र में एक व्यक्ति की पेड़ से गिरने के कारण मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गेहल गांव के 33 वर्षीय व्यक्ति सतपाल अचानक पेड़ से गिर गया। जिस कारण उसकी दर्दनाक मौत हो गई है। इस घटना के बाद पूरे गेहल क्षेत्र में मातम पसर गया है। पता चला है कि वीरवार सुबह सतपाल पशुओं के लिए पत्ती लेने जंगल गया था।

बद्दी में नशीली दवाओं की खेप के साथ एक गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/सोलन । जिले के अंतर्गत बद्दी में पुलिस ने प्रतिबंधित दवाओं की खेप के साथ एक युवक को वीरवार देर शाम हिरासत में लिया है । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमेश शर्मा ने बताया कि वीरवार को पुलिस थाना बद्दी के अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई अमल में लाई गई है ।

उन्होंने कहा कि वर्धमान चौक के नजदीक एक व्यक्ति जसविन्द्र सिंह उर्फ मोनू पुत्र अमर सिंह निवासी ठाणा तहसील बद्दी जिला सोलन की तलाशी ली गई

। जिसमें उसके कब्जे से तालाशी के दौरान कुल 3780 गोलियां लोमोटील की बरामद की गई । पुलिस थाना बद्दी में

काबू

8 पुलिस थाना बद्दी के अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई अमल में लाई गई है

नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम के अधीन मामला दर्ज कर लिया गया है । उन्होंने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और आगामी कार्यवाही जारी है ।

युवा सरकारी नौकरी के पीछे न भागकर करें अपना उद्दम स्थापित: अयोध्या सिंह

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू।

स्वामी विवेकानंद जयंती के मौके पर स्वदेशी जागरण मंच के बैनर तले विभिन्न संगठनों द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सैंकड़ों युवाओं द्वारा एक रेली का आयोजन किया गया। जिसमें स्वदेशी वस्तुओं के अपनाने का संदेश दिया गया। संदेश में यह भी कहा गया कि बाजार में बिकने वाली चीनी वस्तुओं का भी बहिष्कार किया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सेवा भारती के प्रांत छात्रावास प्रमुख राम अयोध्या सिंह ने कहा चाइना सहित विदेशों का

सामान भारतीय बाजार में बिक रहा है। रोजगार की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भारतीय होने के नाते हमें स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना चाहिए ताकि अपने प्रदेश की ओर देश की आर्थिकी मजबूत हो सके। सिंह ने कहा आज हमारा युवा सरकारी या गैर सरकारी नौकरी की तरफ देखता रहता है और रोजगार की तरफ भटकता रहता है और समय बर्बाद करता है।

पापा मेरे पापा गीत गीत पर नन्हे मुंहे बच्चों ने किया भाव विभोर

टीम एक्शन इंडिया/ कांगड़ा/ विजय समयाल

आदर्श ज्ञान पब्लिक स्कूल धौलपुर में बार्षिक परितोषिक वितरण समारोह शुक्रवार को बड़ी धूमधाम से सँम्पन्न हो गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार शर्मा ने की। मुख्यतिथि रूप में श्री साईं यूनिवर्सटी के मुख्य निदेशक प्रबन्धन कंवर इंजीनियर तुषार पुंज। मुख्यतिथि ने माँ सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के शुभारंभ किया । तदोपरांत स्कूल के प्रधानाचार्य के द्वारा अतिथि देवो भव को टोपी, शाल व स्मृतिचिह्न देकर समान्नित किया। महक ओर सहेलियों के द्वारा सरस्वती बंधना अनु व सहेलियों के द्वारा स्वागत गीत का गुणगान किया गया। उसके बाद संस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़ कर एक रंगा रंग प्रस्तुति दी गई। आठवीं कक्षा के छात्र उत्कृष्ट शर्मा व दोस्तो के द्वारा देश गीत पर बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी पूरा पंडाल हिन्दोस्तान जिन्दावाद के नारे से गूंज उठा। शासिका शर्मा के ग्रुप ने पापा मेरे पापा गीत पर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। साक्षी व सहेलियों ने देश रंगीला पर खूब तालियां बटोरी और अंत में प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी।

हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश का नेतृत्व करेंगी कोटडी स्कूल की स्नेहा

टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ

इंटरनेशनल कोच स्नेह लता के मार्गदर्शन मे चल रहा है। कोचिंग कैंप शहीद कमल कांत स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटडी व्यास की 1 की खिलाड़ी स्नेहा का चयन राष्ट्रीय स्तर पर अयोजित होने वाली हेन्डबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से कोटडी ब्यास क्षेत्र में खुशी की लहर है स्कूल के प्रिंसिपल अजय शर्मा ने बताया जिला स्तरीय टूनार्मेंट कोटडी व्यास स्कूल की अंडर-19 टीम ने

हेडबॉल में जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। राष्ट्रीय प्रतियोगिता मध्य प्रदेश के सुजलपुर में 16 से 21 जनवरी तक होना तय हुई है। सनेहा के माता पिता हेम राज व विद्या देवी ने बेटी के चयन होने से बहुत खुशी व्यक्त की। वही प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि कोटडी व्यास जिला सिरमौर में खेल का हब बन गया है। पिछले दो वर्ष से बहुत सारी उपलब्धि खेलो में दी है। एसएमसी अध्यक्ष मान सिंह व सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष लगातर हमारे स्कूल के 38 बच्चे राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं और 5 राष्ट्रीय स्तर पर भी कोटडी व्यास का नाम रोशन कर रह है। इसके लिए स्कूल के प्रिंसिपल अजय शर्मा व स्टाफ व शारीरिक शिक्षक धर्मेंद्र चौधरी को विशेष बधाई दी है।

न्यूज फ्लैश

सीजेएम ने किया श्रद्धानंद अनाथालय का दौरा

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। सीजेएम सुश्री जसबीर कौर ने आज श्रद्धानंद अनाथालय का दौरा किया। उनके साथ ट्रेनिंग सिविल जज (जूनियर डिवीजन) रितिज अरोड़ा, रितिका शर्मा, उदित अग्रवाल, नितिका बंसल, अनमोल कक्कड़, रूहेला व अवंतिका, फील्ड ट्रेनिंग के लिए उपस्थित थे। सीजेएम ने श्रद्धानंद अनाथालय में रह रहे बच्चों से बातचीत की व उनकी दैनिक गतिविधियों बारे जानकारी प्राप्त की। उन्होंने श्रद्धानंद अनाथालय में स्थापित रसोई घर का निरीक्षण किया व वहां रह रहे बच्चों को दी जाने वाली डाइट के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि प्रतिमाह बच्चों के लिए स्थापित संस्थानों का निरक्षण सैशन जज चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन मे किया जाता है।

विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को किया शामिल जांच

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। पुलिस चौंकी सालवन की टीम ने मलेशिया भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करके पांच लाख रुपए ठगने वाले आरोपी पवन पुत्र बनवारी लाल वासी राजीवपुरम करनाल को मामले में शामिल जांच किया। आरोपी पवन पहले ही मुकदमे में हाईकोर्ट से बेल पर है। आरोपी पवन को मामले में शामिल जांच कर चालीस हजार रुपए बरामद किए गए।

इस संबंध में सुभाष वासी कबूलपुर खेड़ा ने आरोपी पवन और अन्य को अपने भाई राजेश और भतीजा विशाल को मलेशिया में वर्क परमिट दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपए ठगे हैं। इस संबंध में नामजद आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में साल 2023 में 24 इमिग्रेशन एक्ट और आईपीसी की धारा 406, 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी पवन को मुकदमे में शामिल जांच कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई गई।

पर्स चोरी करने वाली तीन महिला आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। बर्गलरी स्टॉफ की टीम ने तीन महिला आरोपी माया पत्नी जयपाल, कंचन पत्नी सन्नी और नैना पत्नी अमर सिंह वासियान राय टिटौली थाना अंजली जिला नागपुर महाराष्ट्र हाल शादीपुर पटेल नगर दिल्ली को जिला कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। तीनों महिला आरोपियों के कब्जे से उनकी निशानदेही पर चोरी हुई तीन हजार नगद रुपए की राशि बरामद की गई।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि महिला आरोपियों ने कर्ण गेट करनाल के पास से 22 जनवरी को शिकायतकर्ता सुषमा का पर्स और 25 जनवरी कमलेश का पर्स चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना शहर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के दो मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि महिला आरोपी पैसे कमाने के लालच में चोरी की वारदातों को अंजाम देती है। आरोपी पहले भी कई चोरी की वारदातो को अंजाम देने के जुर्म में जेल में बंद है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

आयुर्वेद बीमारी को जड़ से खत्म करता है: हरविंद्र कल्याण

खुद भी ली खांसी की दवा, तुरंत मिला आराम, कलहेड़ी और जमालपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। घरौंडा हलका के भाजपा विधायक हरविंद्र कल्याण ने लोगों से अपील की है कि वे आयुर्वेद को अपनायें। आयुर्वेद बीमारी को जड़ से खत्म करता है और इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। यह 5 हजार साल पुरानी चिकित्सा पद्धति है, जो हमारी आधुनिक जीवन शैली को सही दिशा देने व स्वास्थ्य के लिए लाभकारी आदतें विकसित करने में सहायक है।

हरविंद्र कल्याण आज विकसित भारत संकल्प यात्रा

के गांव कलहेड़ी और जमालपुर पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने आयुष विभाग के स्टॉल से खुद खांसी की दवा ली जिससे उनके खराब गले भी को तुरंत आराम मिला। कलहेड़ी में एएमओ डॉक्टर वीनिता की टीम द्वारा 105 लोगों को जांच के बाद मुफ्त दवाई दी गई। विधायक ने सर्वप्रथम दोनों गांवों में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया और योजनाओं की जानकारी लेने पहुंचे ग्रामीणों से बातचीत की। इससे पहले हरियाणा के विकास पर बनाई गई लघु फिल्म दिखाई गई। आज युवा उत्सव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव उद्बोधन भी एलईडी के माध्यम से सुनाया गया। गायक बिजेंद्र एंड पार्टी की ओर से विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए गए। कलहेड़ी में पूर्व चेयरमेन रमेश बैरागी और जमालपुर में जगदीश राणा ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। कलहेड़ी में सरपंच विजेंद्र और जमालपुर में बलविंद्र ने विधायक का स्वागत किया और गांव में पिछले 9 सालों में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। विधायक ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद जी को याद करते हुए कहा कि 1983 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में दिया गया प्रेरक भाषण बहुत अधिक सराहा गया। उस समय विदेशी प्रतिनिधियों को भी स्वामी जी के भाषण से पता चला कि भारत की प्राचीन संस्कृति कितनी समृद्ध है। उन्होंने कहा कि देश की जिस प्राचीन संस्कृति को मुगलों और अंग्रेजों ने हजार साल तक तहस-नहस किया, उसे भाजपा सरकार फिर से मजबूत करने में लगी है।

अंतिम संस्कार की थी तैयारी, बुजुर्ग निकला जिंदा

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल के 80 साल के जिस बुजुर्ग को परिजन मरा समझकर अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, उसकी अचानक सांस चलने लगी। अंतिम संस्कार के लिए रोते-बिलखते आ रहे परिजन भी यह जानकार हैरान रह गए। दरअसल बुजुर्ग को पटियाला अस्पताल के डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था। उन्हें वैंटिलेटर से भी हटा दिया गया। इसके बाद परिजनों ने घर, रिश्तेदारों और पड़ोसियों को बुजुर्ग की मौत की सूचना दे दी। इसके बाद घर पर संस्कार की तैयारियां भी शुरू हो गई थी। जब परिजन लाश समझ बुजुर्ग को घर ला रहे थे तो एंबुलेंस का टायर गड्ढे में लगने से उनकी सांस चलने का पता चला। दर्शनपाल सिंह का अब करनाल के ही प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत अभी नाजुक है।

निसिंग की दर्शन सिंह कॉलोनी में रहने वाले नगर पालिका के पूर्व वाइस चेयरमैन बलदेव ने बताया कि उनके 80 वर्षीय पिता सरदार दर्शन पाल सिंह हार्ट पेशेंट है। कई दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। उसका भाई इलाज के लिए उन्हें अपने साथ पटियाला लेकर गया और वहां पर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया। बेटे बलदेव सिंह ने बताया कि पिता का आइसीयू में इलाज चल रहा था। गुरुवार सुबह डॉक्टरों ने चेक किया तो पिता की हार्टबीट बंद थी। उन्हें इंजेक्शन दिए गए, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें वैंटिलेटर से उतार दिया और मृत घोषित कर दिया। प्राइवेट अस्पताल की तरफ से उन्हें कोई डेथ सर्टिफिकेट नहीं दिया गया।

14 जनवरी से तीर्थ और मंदिरों में चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान : सुभाष चंद्र

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि अयोध्या में श्री रामलला मंदिर के उद्घाटन के उपलक्ष में 14 से 22 जनवरी तक प्रदेश के सभी मंदिरों और तीर्थों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्रदेशभर के लोगों से अपील है कि मकर संक्रांति के दिन से छोटे बड़े सभी तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता का अभियान चलाएं। स्वच्छता अभियान को लेकर सुभाष चंद्र आजकल प्रदेश के प्रमुख साधु संतों से मिलकर उन्हें इस अभियान से जुड? का आग्रह कर रहे हैं।

सुभाष चंद्र ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हमने प्रदेशभर के मंदिरों को साफ-सुथरा बनाने का संकल्प लिया है। साधु संतों और आम नागरिकों के अलावा उन्होंने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए कहा है।

उन्होंने कहा की हर मंदिर में सफाई का अभियान हमें 14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलाना चाहिए। भगवान राम सभी के हैं और जब भगवान राम आ रहे हैं, तो एक भी मंदिर या तीर्थस्थल पर गंदगी नहीं रहनी चाहिए। इस अभियान में सांसद, विधायक और पंचायत प्रतिनिधियों सहित सभी निर्वाचित प्रतिनिधि शामिल होंगे, जो स्वच्छता अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन और टास्क फोर्स के सभी सदस्यों को उन पूजा स्थलों की पहचान करने का काम सौंपा गया है, जहां स्वच्छता अभियान शुरू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल 13 जनवरी को करनाल प्रवास पर : अनीश यादव

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। मुख्यमंत्री मनोहर लाल 13 जनवरी शनिवार को करनाल प्रवास पर रहेंगे और इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा करके प्रबंधों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने दौरे के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 13 जनवरी को सबसे पहले वार्ड नम्बर 1 बसंत विहार स्थित श्री रामचरित मानस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में लोगों के साथ सीधा जन संवाद करेंगे और उनकी समस्या सुनेंगे।

स्वच्छता में औंधे मुंह गिरा स्मार्ट सिटी करनाल

कांग्रेस बोली-हमें शर्म महसूस हो रही है मुख्यमंत्री को जनता से माफी मांगनी चाहिए

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल स्मार्ट सिटी स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में औंधे मुंह गिरने पर विपक्ष को भाजपा को घेरने का एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। कांग्रेस स्मार्ट सिटी की रैंकिंग पर अफसोस जता रही है। कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि जिस सरकार को करनाल की जनता ने 10 साल पहले सत्ता सौंपी थी, वह सरकार करनाल को पिछड़ेपन का शिकार बनाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि करनाल शानदार और शांत शहर हुआ करता था। लेकिन बीजेपी ने करनाल के साथ झूठ और धोखा किया। स्मार्ट सिटी के नाम पर एक हजार करोड़ खर्च

करने के बावजूद भी करनाल 30 पायदान नीचे लुढक गया है। सर्वे के लिए जो टीम पीछे आई थी, उनको अच्छे-अच्छे होटलों में ठहराया गया, आवभगत पर पैसा भी खर्च किया गया। त्रिलोचन सिंह ने प्रेसवार्ता कर कहा कि जब कांग्रेस ने मीडिया के साथ शहर की स्वच्छता का जायजा लिया था तो बीजेपी के नेताओं ने कहा था कि अभी स्वच्छता सर्वे का रिजल्ट नहीं आया है, लेकिन आज रिजल्ट आ चुका है। अब बीजेपी वालों के पास क्या जवाब है? उन्होंने कहा कि डीसी कार्यालय के प्रांगण तक में कचरे के ढेर लगे रहते हैं। स्वच्छता के हालात क्या हैं वे किसी से छिपे नहीं हैं। पिछले साल करनाल स्वच्छता में 85वें नंबर पर था, लेकिन आज यह 115वें नंबर पर चला गया है और इस रैंकिंग पर कांग्रेस भी शर्म महसूस कर रही है।

सरकार ने बुढ़ापा पेंशन को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा है : धर्मपाल गोंदर

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत करनाल जिला में निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को नीलोखेड़ी विधानसभा के अंतर्गत गांव घोलपुरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान भी मौजूद रही। विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि राज्य सरकार ने बुढ़ापा पेंशन को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा है। पीपीपी के अनुसार आयु 60 वर्ष होते ही आटोमोड में लाभार्थी की पैंशन स्वतः ही बन जाती है और उसे

कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि गांव का संपूर्ण विकास करना सरकार की जिम्मेदारी है।

विधायक ने मौके पर अनेकों समस्याओं का समाधान किया व महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस किट भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर की डबल इंजन की सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड? का कार्य

शपथ दिलाई

8 विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि राज्य सरकार ने बुढ़ापा पेंशन को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा है।

करेगी। स्कूल के प्रिंसीपल अमन शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को भारत को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने की शपथ दिलाई।

इससे पूर्व विधायक धर्मपाल गोंदर ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया और मौजूद कर्मचारियों से योजनाओं की जानकारी ली। विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादइ पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिसका आमजन प्रभावी रूप से लाभ उठा रहे हैं।

इस मौके पर घोलपुरा गांव के सरपंच सुरेश कुमार, ग्राम सचिव हुकम चन्द, सुलतानपुर के सरपंच जसमेर, भोला के सरपंच नवाब सिंह, बोहली के सरपंच पंकज, मंचुरी के सरपंच संजीव, भुखापूरी के सरपंच राजेन्द्र कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

लक्ष्य हासिल नहीं होने तक बिना थके करते रहे परिश्रमः एएसपी प्रवीना पी.

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा

नारनौल। गांव खटोटी कलां स्थित कोयल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को समाजसेवी अड़ीशाल यादव की पुण्य स्मृति में वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि एएसपी प्रवीना पी. थी, जबकि समारोह की अध्यक्षता आरपीएस ग्रुप के एमडी मनीष राव ने की। समारोह के आयोजक एवं विद्यालय के चेयरमैन अत्तर सिंह यादव एवं प्राचार्य प्रवीण शर्मा ने मेहमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन एवं वंदना के साथ हुई। समारोह में उपस्थित हजारों विद्यार्थियों एवं आसपास के गांवों से आए अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि एएसपी प्रवीना पी. ने कहा कि अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें और सकारात्मक लक्ष्य बनाकर उसके हासिल होने तक निरंतर कड़ा परिश्रम करते रहें। जब बार-बार प्रयास करेंगे तो एक न एक दिन सफलता अवश्य कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि कभी भी विफलता से नहीं घबराना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना चाहिए। जो गलती पिछली बार हुई थी, उसे दोहराना नहीं है और ज्यादा मेहनत करते हुए आगे बढ़ जाना है। उन्होंने कहा कि कड़ा परिश्रम ही वह गुण है, जो सफलता के मार्ग खोलता है। इसलिए अब पढ़ाई के दौरान ही सभी बच्चे अपना लक्ष्य तय कर लें और निरंतर उस पर मेहनत करते रहें। अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद् मनीष राव ने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। हमेशा शुरूआत जीरो से करनी पड़ती है। दुनिया में ऐसे कितने ही उदाहरण हैं, जिन्होंने निचले स्तर से जीवन की शुरूआत की और अपने जीवन में कामयाबी के शिखर को पार किया। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों को बच्चों की परीक्षा समाप्त नहीं होने तक उनके साथ लगातार जुड़े रहने एवं मेहनत करने के लिए भी प्रेरित किया तथा कहा कि बच्चों को किसी भी तरह से ढीला न छोड़ें तथा सदैव अपनी निगरानी में रखें।

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया करेगा राष्ट्र रत्न अवार्ड समारोह का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के सहयोग से राष्ट्र रत्न अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर एक बैठक का आयोजन नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ।

नरेंद्र अरोड़ा ने कहा की एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया व ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा 28 जनवरी को डिवेंचर होटल में लाला लाजपत राय की जयंती पर राष्ट्र रत्न अवार्ड समारोह एंव लीडरशिप डेवलपमेंट सेमिनार का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें फिल्म अभिनेता अमन वर्मा व फिल्म अभिनेत्री खुशी चौधरी चीफ सेलिब्रिटी के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणजोध सिंह करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों की महान शख्सियतों को राष्ट्र रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस विशेष अवार्ड के लिए अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली हस्तियां नॉमिनेशन कर सकते हैं। इस अवसर पर भ्रष्टाचार उन्मूलन के क्षेत्र में कार्य करने वाले व ह्यूमन राइट्स के लिए कार्य कर रही विभूतियों को राष्ट्र रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की अंतर्राष्ट्रीय निदेशक सावी चौधरी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

नवविवाहिता प्रेमी संग हुई फरार

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल शहर से एक नवविवाहिता प्रेमी संग फरार हो गई। करीब एक साल पहले ही युवती की शादी हुई थी। इतना ही नहीं विवाहिता अपने साथ घर की अलमारी में रखे 2 लाख कैश व लाखों रुपए के जेवरात भी साथ ले गई। विवाहिता के पति ने करनाल के ही एक युवक पर भगा ले जाने के आरोप लगाए हैं।

पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब एक साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। हम दोनों में किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं था। सब कुछ अच्छा चल रहा था। उसकी पत्नी कई बार फोन पर करनाल के ही एक युवक से बात करती थी। बीती 10 जनवरी को सुबह वह अपने काम पर गया था। दोपहर को

जांच जारी

8 विवाहिता अपने साथ घर की अलमारी में रखे 2 लाख कैश व लाखों रुपए के जेवरात भी साथ ले गई

खाना खाने के लिए जब घर आया तो घर पर कोई नहीं था। परिजन किसी काम से बाहर गए हुए थे। उसने अपने परिजनों को फोन किया तो उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी उनके साथ नहीं आई, वह घर पर ही थी।

पीड़ित पति ने बताया कि देर शाम तक जब उसकी पत्नी घर पर नहीं आई तो उसने अपनी रिश्तेदारियों में और ससुराल में पता किया तो वह वहां पर भी नहीं थी। उसकी पत्नी का फोन भी बंद आ रहा था। उसके बाद जब घर की अलमारी में रखा कैश और जेवरात चेक किया तो वह भी गायब थे। अलमारी में उसने 2 लाख कैश व उसकी पत्नी के सभी जेवरात रखे हुए थे। उनकी कीमत भी ढाई से तीन लाख थी। वह अपने साथ ही लेकर चली गई। पति ने बताया कि इसके बाद उसने अपने स्तर पर पता किया कि जिस युवक से उसकी पत्नी कई बार बात करती थी। वह भी घर पर नहीं था और उसका नंबर भी बंद जा रहा है। इसके बाद उसे शक हुआ कि उसकी पत्नी को वही युवक बहला-फुसलाकर लेकर गया है। युवक के परिजन भी उसके बारे में कुछ नहीं बता रहे।

अमेरिका में हार्ट अटैक से युवक की मौत, शव लाने के लिए पैसे नहीं

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल के युवक की अमेरिका में हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह अगस्त 2022 में 30 लाख रुपए लगाकर डोंकी के रास्ते कैलिफोर्निया गया था। वहां वह स्टोर कीपर की जॉब कर रहा था। 4 दिन पहले उसे हार्ट अटैक आया था। इसके बाद से वह अस्पताल में भर्ती था। मृतक व्यक्ति की पहचान 36 वर्षीय संजय निवासी नरूखेड़ी के रूप में हुई है। गुरुवार रात को उसने मां, पत्नी और बच्चों से फोन पर बात की थी। उसने कहा था कि वह बिल्कुल ठीक है और जल्दी ठीक हो जाऊंगा। उसके 6 घंटे बाद शुक्रवार अलसुबह उसकी मौत हो गई। परिवार ने शव भारत

लाने की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि इसमें 50 से 60 लाख रुपए खर्च होंगे, परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। 30 लाख कर्ज लेकर उसे भेजा गया था। मृतक के चचेरे भाई जितेंद्र ने बताया कि संजय 2022 के अगस्त महीने में ही अमेरिका चला गया था। डोंकी के रास्ते उसे वहां पहुंचने में करीब 8 से 9 महीने का समय लगा। इस दौरान बॉर्डर से करीब 2-3 बार वापस आ चुका था। इसके बाद किसी तरह से वह अमेरिका में दाखिल हो गया। उसके बाद अमेरिका में उसे डेढ़ से दो महीने तक काम ही नहीं मिला था। बाद में उसे काम मिला और स्टोर पर काम करने लगा। उसे उम्मीद थी कि उसका कर्ज भी उतर जाएगा और घर के हालात भी सुधर जाएंगे, लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। उसे पहले भी हार्ट अटैक आया था। तब उसे साथियों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। वह ठीक तो हो गया था, लेकिन उसके बाद से ही वह बीमार रहने लगा था। ढंग से काम भी नहीं कर पा रहा था। जितेंद्र ने बताया कि 11 जनवरी को उसे फिर अटैक आया। चचेरे भाई रजनीश व अन्य साथियों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। 11 जनवरी को संजय ने यहां अपने घर पर फोन से बात भी की थी। अमेरिका में दिन था और यहां पर रात के 10 बजे थे, उसने खुद को ठीक बताया था, लेकिन उसके बाद रात को 3 बजे परिवार को संजय की मौत की सूचना मिली। जितेंद्र ने बताया कि संजय के पिता की करीब 25 साल पहले डेथ हो गई थी, वे एक वीएलडीए डॉक्टर थे। उनकी मौत के बाद संजय की मां को जॉब मिल गई थी, अब वह भी रिटायर होने वाली है। मां ने भी कर्ज उठाकर अपने बेटे को अमेरिका भेजा था, लेकिन संजय के साथ ऐसा कुछ होगा, उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था। अब अमेरिका से संजय के शव को लेकर आना है।

मृतक संजय के परिजनों ने सरकार व प्रशासन से शव को भारत लाने की गुहार लगाई, क्योंकि परिवार के पास इतने पैसे नहीं हैं, जिससे वह शव को इंडिया ला सकें।

दुखद

8 वह अगस्त 2022 में 30 लाख रुपए लगाकर डोंकी के रास्ते कैलिफोर्निया गया था

कुरुक्षेत्र रैली में भाग लेने के लिए जिले से भारी संख्या में गए युवा

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा

नारनौल

स्वामी विवेकानंद जयंती को समर्पित राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में होने वाली नव मतदाता जागरुकता रैली में भाग लेने के लिए जिला महेंद्रगढ़ से शुक्रवार सुबह भारी संख्या में युवा रवाना हुए। सभी युवा साथी स्वामी विवेकानंद युवा सम्मेलन मे भाग लेने के लिए संयोजक एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व मे रवाना हुए। सम्मेलन में जाने वाले युवाओं के वाहनों को सुबह सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि युवा इस देश की ताकत है और भाजपा सरकार द्वारा युवा शक्ति को सही दिशा दिखाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ही युवाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही है व उनके रोजगार के लिए भी अनेक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि आज जो युवा कुरुक्षेत्र जा रहे है उन्हें स्वामी विवेकानंद के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। इस मौके पर संयोजक एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जोगेंद्र राजपूत ने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र से 12 बस और 10 पर्सनल गाड़ियां मे लगभग 600 युवा साथी रैली में भाग लेने जा रहे हैं।

रवाना

8 संयोजक एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व मे रवाना हुए

संपादकीय

लोकतंत्र की रक्षा

महाराष्ट्र में जून 2022 से चल रहे राजनैतिक प्रहसन में 10 जनवरी को फिर एक नया मोड़ आया। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने शिवसेना में दो फाड़ करने वाले एकनाथ शिंदे और उनके गुट के सभी विधायकों की अयोग्यता पर अपना फैसला सुना दिया। अनुमान के मुताबिक फैसला शिंदे गुट के पक्ष में ही आया। राहुल नार्वेकर ने 1999 के शिवसेना के संविधान को मान्य कहते हुए शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना है। इससे पहले शिवसेना के नाम और निशान लड़ाई में भी चुनाव आयोग ने भी शिंदे गुट के पक्ष में फैसला सुनाया था। महाराष्ट्र का मामला इससे पहले सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच चुका है, जहां अदालत ने शिंदे सरकार को बने रहने के निर्देश दिए थे लेकिन विधानसभा अध्यक्ष को विधायकों की अयोग्यता पर फैसला सुनाने कहा था। अदालत ने श्री नार्वेकर को 31 दिसंबर तक फैसला सुनाने का निर्देश दिया था, लेकिन फिर भी समय सीमा 10 दिन बढ़ा दी गई। इस फैसले को सुनाने में चाहे लंबा वक्त लिया गया हो, लेकिन सभी को अहसास था कि भाजपा के राज में किसी भी तरह उद्धव गुट को जीत नहीं मिलेगी। अब फैसले के पीछे चाहे जो तर्क दिए जाएं, यह तो जाहिर ही है कि भाजपा के सहयोग से एक पार्टी में फूट डालकर, उसके मंत्रियों और विधायकों को खरीदकर भाजपा को सत्ता में लाया गया। पिछले चुनावों में महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी की सरकार बनी थी, जिसमें भाजपा को विपक्ष में बैठना पड़ा था, लेकिन 2022 में भाजपा ने आपरेशन लोटस चलाया और सत्ता में आ गई। उसके बाद से शिवसेना में नाम, निशान और सत्ता की लड़ाई चली, जिस पर बुधवार को उद्धव गुट को एक और मात मिली है। बुधवार का फैसला आने से पहले स्पीकर श्री नार्वेकर और मुख्यमंत्री श्री शिंदे की मुलाकात भी हुई थी, जिस पर उद्धव गुट ने सवाल उठाए थे, लेकिन अब इंसाफ की लड़ाई में नीयत और नैतिकता के सवाल हाशिए पर धकेले जा रहे हैं।

फ्रेंच भाषा का एक शब्द है-देजा वू, यानी ऐसी कोई घटना या बात जिसे देख-सुनकर महसूस हो कि ऐसा पहले भी हुआ है। बस याद नहीं आता कि कब और कहां। महाराष्ट्र के ताजा प्रकरण को देखकर देजा वू जैसा अनुभव तो हुआ है, लेकिन जरा सा याददाश्त पर जोर डालें तो याद आ जाएगा कि लोकतंत्र का मखौल उड़ाने वाली ऐसी एक नहीं कई घटनाएं पिछले 10 सालों में देश में हुई हैं। जैसे राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि बाबरी मस्जिद को तोड़ना गलत था, लेकिन फिर भी राम मंदिर उसी जगह बनाने की अनुमति भी दे दी।

गलती करने वालों को कोई सजा भी अब तक नहीं हुई और राम मंदिर का राजनैतिक उद्घाटन करने की तैयारी हो गई है। इसी तरह महाराष्ट्र मामले में भी 11 मई 2023 को अपने अहम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने उद्धव ठाकरे की सरकार बहाल न करने का फैसला सुनाया था, क्योंकि श्री ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद से खुद ही इस्तीफा दिया था। मगर इसके साथ ही इस पूरे प्रकरण में यह भी माना था कि शिवसेना के दूसरे गुट के व्हिप को मान्यता देकर विधानसभा अध्यक्ष ने गलत किया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि राज्यपाल ने फ्लोर टेस्ट करने का जो आदेश सुनाया था, वह गलत था। विधानसभा अध्यक्ष और राज्यपाल ने जो गलत किया, वो सही कैसे होगा, इसका कोई सूत्र अदालत के फैसले से नहीं मिला। अलबत्ता उद्धव ठाकरे को अपने एक साथी द्वारा दिए गए धोखे के बाद इस्तीफा देने की सजा सत्ता से बाहर होकर चुकानी पड़ी।

महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर के फैसले से उपजे सवाल

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> "प्रत्याशी पत्रों पर हस्ताक्षर के सवाल भी लगातार उठेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि स्पीकर के निर्णय के बाद कई कानूनी चुनौतियां सामने आएंगी। हालांकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सत्ता सुरक्षित और स्थिर है। स्पीकर ने किसी भी पक्ष के विधायकों को अयोग्य करार नहीं दिया है, लेकिन शिंदे सेना को अभी जश्न मनाने से परहेज करना चाहिए, क्योंकि उद्धव ठाकरे ने साफ कहा है कि स्पीकर के फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी जाएगी। चूंकि वह इस फैसले को लोकतंत्र, संविधान और 10वीं अनुसूची की हत्या मानते हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत की समीक्षा चाहेंगे।स्पीकर के सामने एक और विवादास्पद मामला है कि उन्हें 31 जनवरी तक एनसीपी के विभाजन पर भी व्यवस्था देनी है। एनसीपी के 40 से अधिक विधायक सत्तारूढ़ एनडीए के घटक हैं। उपमुख्यमंत्री अजित पवार उनके नेता हैं"

महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके गुट के विधायकों के खिलाफ अयोग्यता मामले में फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि शिंदे गुट को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि शिंदे गुट ही असली पार्टी थी। उद्धव ठाकरे ने फैसले में देरी होने पर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने विधानसभा स्पीकर अयोग्यता की लंबित याचिकाओं पर 10 जनवरी तक फैसला लेने को कहा था। स्पीकर नार्वेकर ने किसी को भी अयोग्य नहीं ठहराया है। फैसले के बाद शिवसेना उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है, तो वहीं दूसरी राज्य में बीजेपी के सबसे बड़े नेता और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बधाई दी है। शिवसेना उद्धव गुट ने भाजपा को भी निशाने पर लिया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिवसेना उद्धव गुट नेता संजय राउत ने कहा कि राहुल नार्वेकर को न्याय करना था, लेकिन उन्होंने शिंदे के वकील की तरह बर्ताव किया।

शिवसेना उद्धव गुट के मुखपत्र सामना के संपादकीय में सत्तारूढ़ भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा गया है कि राज्य के लोग इसके पीछे के खेल करने वालों को माफ नहीं करेंगे। विद्रोह के 18 महीने बाद एकनाथ शिंदे ने शीर्ष पद पर अपनी जगह पक्की कर ली और लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ गठबंधन में उनकी राजनीतिक ताकत बढ़ गई, जिसमें भाजपा और राकांपा (अजित पवार समूह) भी शामिल हैं। सामना में कहा गया है कि स्पीकर का आदेश पहले से तय था और इसमें चैंकने वाली कोई बात नहीं है। मराठी दैनिक ने कहा कि स्पीकर के लंबे फैसले को दिल्ली में उनके आकाओं ने लिखा था। इसमें आरोप लगाया गया कि बाल ठाकरे की शिव सेना को गद्दारों को सौंपने का स्पीकर का फैसला महाराष्ट्र के साथ बेईमानी में शामिल होने के समान है। संपादकीय में कहा गया है कि नार्वेकर के पास इतिहास रचने का मौका था, लेकिन उन्होंने ऐसा फैसला दिया, जिसने लोकतंत्र का चेहरा काला कर दिया है। पिछले साल जून महीने में एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंका था, जिस वजह से महाविकास अघाडी सरकार गिर गई थी। एमवीए

सरकार में शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल थी। शिंदे के विद्रोह के बाद शिवसेना में विभाजन हो गया। जिसके बाद एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के 40 विधायकों (बागी) के समर्थन से बीजेपी के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बनाई और खुद मुख्यमंत्री बने और बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस उपमुख्यमंत्री बने। विधानसभा स्पीकर फैसला सुनाते समय यह व्याख्या करते रहे कि असली शिवसेना कौन-सी है? उसका नेता कौन है? पार्टी का कौन-सा संविधान मान्य है? उद्धव ठाकरे की शक्तियां क्या थीं? शिवसेना में पार्टी प्रमुख से ताकतवर राष्ट्रीय कार्यकारिणी है। शिवसेना पर फैसला तो चुनाव आयोग सुना चुका था। पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न धनुष-बाण एकनाथ शिंदे की सेना को आवंटित किए जा चुके थे, लेकिन सर्वोच्च अदालत के सवाल कुछ और ही थे। चूंकि स्पीकर ने व्यवस्था दी है कि शिंदे गुट ही असली शिवसेना है। शिंदे को विधायक दल के नेता पद से हटाने का अधिकार उद्धव ठाकरे को नहीं था। पार्टी प्रमुख की इच्छा और निर्णय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नहीं थे। स्पीकर ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को ही संवैधानिक नहीं माना। शिवसेना संविधान में 2018 में जो संशोधन किए गए थे, उन्हें भी मान्यता नहीं दी, क्योंकि वह दस्तावेज चुनाव आयोग में उपलब्ध नहीं था। यहां महत्त्वपूर्ण सवाल उठता है कि 2019 के आम चुनाव और फिर विधानसभा चुनाव के लिए जो पार्टी प्रत्याशी पत्र जारी किए गए और जिन्हें चुनाव आयोग ने स्वीकार भी किया, उन पर किसके हस्ताक्षर थे? यहां उद्धव ठाकरे संवैधानिक कैसे हो सकते हैं? महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्पीकर के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि अब बालासाहेब का चुनाव चिन्ह उनका हो गया है। स्पीकर के फैसले तक चुनाव आयोग ने शिवसेना के चुनाव चिन्ह को फ्रीज कर दिया था। संविधान पर चुनाव आयोग और स्पीकर को स्पष्टीकरण देने चाहिए, क्योंकि यह संविधान से जुड़ा मामला है। स्पीकर नार्वेकर ने अपनी व्यवस्था का आधार 1999 के शिवसेना संविधान को बनाया है, जिसमें तत्कालीन पक्ष प्रमुख बाल ठाकरे ने पार्टी प्रमुख के बजाय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वर्चस्व को स्थापित किया था। सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ का भी मानना है कि विधायक दल से ज्यादा महत्त्वपूर्ण और ताकतवर पार्टी का संगठन होता है, क्योंकि वह ही मूल है। राजनीतिक शाखाएं कई हो सकती हैं। बहरहाल 2024 में 1999 का पार्टी संविधान पूर्णतः प्रासंगिक नहीं हो सकता, क्योंकि उसके बाद 2004, 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव हुए हैं। विधानसभा चुनाव भी हुए हैं। यदि संविधान में संशोधन नहीं किए गए और शिवसेना में संगठनात्मक चुनाव भी नहीं कराए गए, तो बहुत कुछ वैध नहीं था। बल्कि सवालिया ही था।

प्रत्याशी पत्रों पर हस्ताक्षर के सवाल भी लगातार उठेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि स्पीकर के निर्णय के बाद कई कानूनी चुनौतियां सामने आएंगी। हालांकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सत्ता सुरक्षित और स्थिर है। स्पीकर ने किसी भी पक्ष के विधायकों को अयोग्य करार नहीं दिया है, लेकिन शिंदे सेना को अभी जश्न मनाने से परहेज करना चाहिए, क्योंकि उद्धव ठाकरे ने साफ कहा है कि स्पीकर के फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी जाएगी। चूंकि वह इस फैसले को लोकतंत्र, संविधान और 10वीं अनुसूची की हत्या मानते हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत की समीक्षा चाहेंगे।स्पीकर के सामने एक और विवादास्पद मामला है कि उन्हें 31 जनवरी तक एनसीपी के विभाजन पर भी व्यवस्था देनी है। एनसीपी के 40 से अधिक विधायक सत्तारूढ़ एनडीए के घटक हैं। उपमुख्यमंत्री अजित पवार उनके नेता हैं। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि इस फैसले के बाद अब उद्धव को सुप्रीम कोर्ट जाना होगा। उन्हें सुप्रीम कोर्ट में न्याय मिलने की उम्मीद है। वहीं, महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर का फैसला असंवैधानिक है और यह एक अलोकतांत्रिक फैसला है और यह पार्टी के नियमों के खिलाफ है, उन्होंने स्वीकार किया कि असली शिवसेना 1999 थी, उन्होंने दोनों पक्षों के किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया। हमें सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है। इस फैसले के बाद लोकतंत्र खतरे में है और बीजेपी को इस फैसले से दिक्कत होगी। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि जो लोग ऐसे समझते हैं कि इसमें किसी प्रकार की अनियमतता हुई है, तो क्या अनियमतता हुई है, पहले वो बताएं? केवल आरोप लगाना आसान है, लेकिन उन आरोपों को सिद्ध करना मुश्किल है। खासकर की तब जब निर्णय कानून के आधार पर लिया हुआ होता है। प्रत्येक नागरिक को सर्वोच्च न्यायालय में जाने का अधिकार है, लेकिन कोर्ट जाने के बाद आपको यह सिद्ध करना पड़ेगा कि हमारे द्वारा दिया गया निर्णय अवैध है। महाराष्ट्र का राजनीतिक घमासान अभी जारी रहेगा और लोकसभा चुनाव करीब तीन माह दूर ही हैं। इसी साल विधानसभा चुनाव भी होने हैं। शिंदे सेना की मुसीबतें समाप्त होती नहीं लगतीं। बल्कि गठबंधन के भीतर से ही मुसीबतें झांकती नजर आएंगी। भाजपा बहुत बड़ी पार्टी है। विकल्प के तौर पर उसके पास अजित पवार का गुट है, जो महाराष्ट्र में भिन्न इलाके भाजपा को दिखा सकता है। भाजपा उन इलाकों में अपेक्षाकृत कमजोर रही है। बहुत कुछ आम चुनाव से पहले ही स्पष्ट हो जाएगा।

कविता

अंतरिक गुनाहगर

उन्होंने कहा
हम बहुत अच्छे हैं
हमने कहा
होंगे अपनी नजर में।

उन्होंने कहा
हम दिलकश इश्क करते हैं
हमने कहा
करते होगे गैरों से।

उन्होंने कहा
हम सिकंदर हैं हर काम में
हमने कहा
होगे बस इस दुनिया के।

उन्होंने कहा
हम जानते हैं हर किसी को यहां
हमने कहा
जानते होगे बस इस दुनिया में।

डॉ.राजीव डोगरा

गासागर में होता है गंगा का सागर से मिलन

रमेश सर्राफ धमोरा

गंगासागर में मकर संक्रान्ति पर प्रतिवर्ष बहुत विशाल मेला भरता है। जिसमें दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु गंगा सागर स्नान के लिए आते हैं। मकर संक्रांति पर जैसे ही सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। लाखों तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। कुम्भ मेले को छोडकर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। जहां मकर संक्रान्ति के मौके पर दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है। मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रान्तियों में मकर संक्रान्ति का सबसे महत्व ज्यादा है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरू हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मान्यतानुसार जो युवतियां यहां पर स्नान करती हैं। उन्हें अपनी इच्छानुसार वर तथा युवकों को स्वेच्छित वधु प्राप्त होती है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मन्दिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भागीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं।

गंगासागर में मकर संक्रान्ति से पन्द्रह दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनिया के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री, साधु-संत आते हैं और संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। मेले की विशालता के कारण लोग इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रान्ति के दिन यहां सूर्यपूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु जी के कहने पर कपिलमुनी के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेंना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरुप कपिलमुनी का जन्म हुआ जिन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे। इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इस के बाद यज्ञ के अश्वों को स्वतंत्र छोड़ा गया।

विचार

अयोध्या धाम बनेगा संसार का सबसे पवित्र तीर्थ लोकप्रिय पर्यटन स्थल

आर.के. सिन्हा

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण को लेकर आज न सिर्फ भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में अपूर्व आस्था और उत्साह का माहौल है। यहाँ तक कि पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान की सभी टी ० वी० चैनलों पर भी श्री राम और अयोध्या धाम की ही चर्चा चल रही है ! यह एक ऐसा अवसर है, जिसका इंतजार भारत कई शताब्दियों से कर रहा था। लंबे संघर्ष और विवाद के बाद नौ नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के साथ शुरू हुआ अयोध्या में मंदिर निर्माण का सफर 22 जनवरी को एक बड़ी पूणार्हुति को प्राप्त करेगा। नव्य और भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ एक ऐसा ऐतिहासिक चरण पूरा होगा, जो आधुनिक भारत में सांस्कृतिक नवजागरण का शीर्ष साक्ष्य होगा। 30 दिसंबर 2023 को अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्र में 11,100 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का भारत पुरातन और नूतन दोनों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। अयोध्याधाम के साथ विकसित हो रहा भगवान राम का जन्मस्थान मंदिर आधुनिक भारत का एक ऐसा महान तीर्थ बनने जा रहा है, जो माननीय प्रधानमंत्री जी के विरासत और विकास के विजन के अनुरूप है। दुनिया में कोई भी देश हो, अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी पुरातन विरासत को तो संभालना ही होगा। हमारी विरासत, हमें प्रेरणा देती है, हमें सही मार्ग दिखाती है। आज अयोध्या की शोभा देखते ही बनती है। सूर्यवंशी राजा राम की नगरी अयोध्या में जगह-जगह सूर्यस्तंभ लगाए जा रहे हैं। मंदिर परिसर में कांस्य की बनी विशाल जटायु प्रतिमा भी लगाई गई है। प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में हवाई अड्डे का लोकार्पण करते हुए तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के यहां आने की सुगमता पहले ही बढ़ा दी है। हाईटेक रेलवे स्टेशन के निर्माण से तो अयोध्याधाम की कनेक्टिविटी और भी बढ़ गई है। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से लेकर यहां पर चल रही विकास परियोजनाओं को समय पर लागू करने का श्रे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी जाता है। उन्होंने दिन-रात मेहनत कर यह सुनिश्चित किया ताकि अयोध्या को संसार के सबसे प्रमुख तीर्थ स्थल का दर्जा प्राप्त हो जाए। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश से श्रद्धालुओं का आना बढ़ जाएगा।

यहां बनने जा रही नई टाउनशीप यहां के लोगों का जीवन और आसान बनाएगी। इसके लिए कई स्तरों पर कई क्षेत्रों में तेजी से कार्य हो रहा है। आवाजाही की सुगमता के लिए यहां जगह-जगह मल्टीलेवल पार्किंग बन रही है। यहां इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने की भी पर्याप्त सुविधा भी रहेगी। अयोध्या में भक्तिपथ, रामपथ, जन्मभूमि पथ, धर्मपथ आदि का लोकार्पण भी होना है। इसी तरह नए मेडिकल कॉलेज से यहां आरोग्य की सुविधाओं को और विस्तार मिलेगा। सरयू नदी में गिरने वाले दूषित पानी को रोकने के लिए भी काम शुरू हुआ है। राम की पैड़ी को एक नया स्वरूप दिया गया हैक सरयू किनारे नए-नए घाटों का विकास हो रहा हैक यहां के सभी प्राचीन कुंडों का पुनरुद्धार किया जा रहा हैकलता मंगेशकर चौक हो या राम कथा स्थल, ये आज अयोध्या की पहचान बढ़ा रहे हैं। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के साथ रोजगार के कई अवसर सृजित हो रहे हैं। विगत तीन वर्षों में विश्व ने अयोध्या की भव्य दीपावली देखी है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश-विदेश में उत्साह है। समारोह के लिए थाईलैंड के राजा ने वहां की मिट्टी भेजी है। कंबोडिया से सुगंधित हल्दी आई है। कई और देशों से इस महान अवसर के लिए अनमोल भेंट आने का सिलसिला जारी है। इसी तरह देश के विभिन्न प्रदेशों से भी भेंट और पूजन सामग्री अयोध्या पहुंच रही है। जोधपुर से 600 किलोग्राम गाय का घी आया है, तो जनकपुर से मिथिला आर्ट पेंटिंग आई है। इस पेंटिंग में माता सीता के धरती की गोद से जन्म से लेकर उनका प्रभु राम से विवाह तक के प्रसंगों को दशार्या गया है।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)
स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

अवसरवाद और सत्ता लोलुपता

संजीव

देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और अदूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं'

राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है' जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है।

अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं' भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं' यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैं'।

सर्दी है सर्दी

डॉ. सुरेश कुमार

चुनावों का सुहाना मौसम तब परेशानी का सबब बन जाता है, जब थोड़ी-सी लापरवाही से अपना मेंढ़क विरोधी तालाब में उछल-कूद करता हुआ चला जाता है। हालांकि सावधानी बरतें, तो इस चुनावी मौसम का पूरा लुत्फ उठाया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले मेंढ़कों के शारीरिक लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए। मसलन चुनावी सर्दी के दिनों में चुपचाप और अलग-थलग रहना ऐसे मेंढ़कों के लिए आम बात है। अगर तीन-चार दिन में यह व्यवहार ठीक न हो या इसका उपचार न किया जाए तो यह उनके उछलने का संकेत हो सकता है। नाक-भौं सिकुड़ना, आँखें चुराना, लगातार दूसरों से फोन पर बात करना, अपने नेता का कहा सुनाई न देना, बदन का सिकुड़ना, सिर या आंखों का अजीबोगरीब हरकतें करना, विरोधी पार्टी का हल्का बुखार, अपनी पार्टी के प्रति गले में खराश के साथ हल्का दर्द होना आदि भी दल बदलने के संकेत हैं।

कैसे करें कंट्रोल

ज्यादातर इस तरह के लक्षण चुनाव के समय ही दिखाई देते हैं। इसलिए टिकट बांटने से पहले ही इन लक्षणों से बचाव शुरू कर देना चाहिए। चुनावी सर्दियों की सुबह आंख खुलते ही बिस्तर पर ही मोजे और टोपी समेत गर्म कपड़े पहना दें। नहीं तो दूसरी पार्टियों की ठंड लग सकती है। ये कपड़े रात को सोने से पहले ही उनके पास रख दें। जब बाहर निकलें, तब इधर-उधर न जा पाएँ, इसके लिए कड़ी नजर रखनी चाहिए। ध्यान रहे कि पार्टी कार्यालय के अतिरिक्त इधर-उधर घूमने से दूसरी पार्टी का बुखार चढ़ सकता है। उठते ही विरोधी पार्टियों के समाचार पत्र या न्यूज चैनल न देखें। ब्रश, शेव आदि अपनी पार्टी के गर्म कपड़े पहनकर ही करें। कई नेता एक ही पार्टी के पुरानी सोच वाले कपड़े पहनने से ऊब जाते हैं।

ऐसे में दूसरी पार्टी के कपड़े पहनकर तरोताजा महसूस करने की चेष्टा करते हैं। वे सोचते हैं कि ऐसा करने से सभी बीमारियों पर जीत मिल जाएगी। ऐसे नेता मेंढ़कों के बाप और गिरगिटों के ताऊ होते हैं। पल में इधर से उधर होने में देरी नहीं करते। ऐसे नाजुक समय में अपनी पार्टी की डांट का खट्टा या ठंडा न खिलाएं।

हेल्थ प्लस

बीमारियों का घर मोटापा

मोटापा इस समय तमाम बीमारियों का घर बन गया है। यह बड़ों में ही नहीं, बच्चों में भी तेजी से बढ़ रहा है। भागती-दौड़ती जिंदगी में शारीरिक श्रम की कमी। पढ़ाई का दबाव घर एवं स्कूल दोनों में है। अत: खेलने का समय नहीं मिलता है। खाने-पीने का अस्त-व्यस्त टाइम टेबल, साथ ही बच्चों से अत्यधिक लाड़-प्यार। जंक फूड, कुरकुरे, बर्गर, नूडल्स, चिप्स आदि खाने, देर तक टेलीविजन देखते रहने से शरीर में अतिरिक्त कैलोरी/फैट जमा हो जाती है। क्योंकि, इन चीजों में पोषक तत्व कम एवं फैट ज्यादा होती है, जो शरीर में एडीपोस सैल्स बढ़ाती है।

मोटापे के कारण

वंशानुगत-यदि परिवार में माता-पिता का शारीरिक गठन मोटापे की ओर है, तो बच्चों में भी यह आशंका ज्यादा होती है।

मानसिक एवं शारीरिक-जो बच्चे ज्यादा मेहनत न करके आरामदायक जीवन व्यतीत करते हैं, उनमें मोटापे के चांस ज्यादा होते हैं।

हार्मोनल-पीयूष ग्लैंड एवं थायरॉइड ग्रंथि की असामान्य क्रियाशीलता भी मोटापा ला सकती है।

खानपान-डिब्बाबंद खाना, जंक फूड, चॉकलेट, टॉफी, फास्ट फूड, ब्रेड, कोल्ड ड्रिंक्स, पेस्ट्री, पेटीज आदि का अत्यधिक सेवन।

लक्षण

- शारीरिक क्षमता में कमी, मोटे बच्चे जल्दी थक जाते हैं।
- स्वभाव में चिड़चिड़ापन अनिद्रा, डिप्रेशन, एकाग्रता में कमी (याददाश्त में कमी)।
- डायबिटीज एवं ब्लडप्रेशर।
- जल्द चोटग्रस्त होना।
- घबराहट एवं अत्यधिक पसीना।
- वैरीकोज वेन एवं कम उम्र में घुटनों में दर्द की शिकायत।

निवारण

- शारीरिक श्रम करें, रोजाना खेलने का प्रयत्न करें। साइकिल चलाना, घर से बस स्टॉप तक पैदल चलें।
- तैरना भी एक अच्छा व्यायाम हो सकता है।
- फास्ट फूड एवं बाहर के खाने के स्थान पर घर का बना दलिया, उपमा, छाछ, ढोकला, दही, पराठा आदि सेवन करें।
- कोल्ड ड्रिंक्स की जगह जूस व फल का सेवन कर सकते हैं।
- चॉकलेट, पेस्ट्री, टॉफी, कुरकुरे की जगह ड्राईफ्रूट-बादाम, काजू, मुनक्का आदि काम में लें।
- होम्योपैथी चिकित्सा में कैलकेरिया कार्ब, एंटीमक्रूड, थूजा, फ्यूकस वैलाडोना आदि में से दवा का सही चयन किया जा सकता है।

इलाज से घबराएं नहीं

शरीर के किसी भी हिस्से में उभरे संवेदनाहीन चकते को नजरअंदाज न करें। यह कुष्ठ हो सकता है। शुरूआती अवस्था में इसका पूरी तरह इलाज संभव है। कुष्ठ रोग एक संक्रामक रोग है। यह माइक्रोबैक्टीरियम लेप्री द्वारा फैलता है। कुष्ठ रोग किसी भी अवस्था में पूरी तरह ठीक हो जाता है। शुरूआती अवस्था में इस रोग का इलाज आसानी से हो जाता है। चरमावस्था में यह शरीर में कई प्रकार की विकृतियां उत्पन्न कर देता है। आम लोग यह सोचते हैं कि यह रोग लाइलाज है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि यह जीवाणु जनित रोग है। यह रोग वंशानुगत नहीं होता है। कुष्ठ रोगी यदि बहुत अधिक संक्रामक नहीं है, तो यह रोग दूसरे स्वस्थ व्यक्तियों में नहीं फैलता है। यदि मां-बाप कुष्ठ रोग से ग्रसित भी हों, तो भी यह बीमारी बच्चों में जन्म के समय नहीं होती है। यदि कुष्ठ रोग अति संक्रमित स्थिति में है, तो परिचारक, प्रतिरक्षा के लिए दवाओं का सेवन करके रोग मुक्त रह सकता है। अन्य रोगों की तरह इसका इलाज संभव है।

बच्चों में खतरा

वयस्कों की अपेक्षा बच्चों में इस रोग का खतरा अधिक होता है। अत: जो बच्चे कुष्ठ रोगियों के संपर्क में रहते हैं, उनको इस रोग से बचाव के लिए अधिक ध्यान देने की जरूरत होती है। आजकल बहुऔषधि प्रणाली (मल्टीपल ड्रग रेजिम) का उपयोग व्यापक रूप से हो रहा है। इनसे कुष्ठ रोग को नियंत्रित करने में आशातीत सफलता मिली है। जहां तक संभव हो दवाओं का सेवन खाने के बाद करना चाहिए। यदि दवाओं का कोई दुष्प्रभाव दिखाई पड़े, तो दवा सेवन तत्काल बंद कर विशेषज्ञ चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए। कुष्ठ रोगों को दैवी प्रकोप या पूर्वजन्म के दुष्कर्मों का परिणाम मानकर रोगी का सामाजिक बहिष्कार करना अनुचित है।

कुष्ठ रोग की पहचान

कुष्ठ रोगी की रोग ग्रस्त त्वचा से थोड़ी से छीलन लेकर परिवर्तित जील नेल्सन विधि से जांच की जाती है। इस रोग के जीवाणु गुच्छों के रूप में पाए जाते हैं, जिसे ग्लोबी कहते हैं। याद रखिए कि यदि कोई हल्के रंग का चकता शरीर के किसी हिस्से में हो रहा है एवं उसमें संवेदना नहीं हो जैसे पिन चुभाने पर दर्द का अहसास नहीं होना। ऐसी अवस्था में कुष्ठ रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए।

जल्द इलाज के फायदे

सामाजिक भय के कारण व्यक्ति अपनी बीमारी को छुपाता है। यही कारण है कि वह इस रोग के इलाज के लिए देरी से पहुंचता है। यदि आरंभिक अवस्था में इस रोग का इलाज हो जाए, तो किसी प्रकार की शारीरिक विकृति नहीं आती है एवं रोगी पूर्णतया ठीक हो जाता है।

एक एप्पल रोज

सेब को जितना समझा जाता है, उसका महत्व उससे कहीं अधिक है। अंग्रेजी में कहा भी गया है, 'एन एपल ए डे', कीप्स द डॉक्टर अवे' अर्थात् एक सेब रोज खाओ और डॉक्टर को दूर भगाओ। यह उक्ति बहुत पुरानी है और अनेक परीक्षणों से इसकी पुष्टि हुई है। वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि सेब के सेवन से हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह के साथ ही दिमागी बीमारियों जैसे पार्किंसन और अल्जाइमर आदि में भी आराम मिलता है।

विशेषज्ञों के अनुसार एक सेब रोज खाने से पाचन क्रिया ठीक रहती है, जिससे अनेक रोगों से सुरक्षा रहती है। सेब के फायदों को प्रचारित करने और सेब को प्रतिष्ठित करने के लिए यूरोप के कई देशों में एक दिसम्बर को 'ईट ए रेड एपल डे' मनाया जाता है। इसमें समारोह आयोजित कर किस्म-किस्म के सेब प्रदर्शित किए जाते हैं। सेब के विषय विशेषज्ञ भाषण देते हैं और सेब के बारे में साहित्य बांटा जाता है।

अध्ययनकर्ताओं के अनुसार लाल सेब में सेब की अन्य प्रजातियों की अपेक्षा अधिक एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जो मनुष्य को कैंसर, हृदय रोगों और मधुमेह, दिमागी तथा याददाश्त संबंधी समस्याओं में फायदा पहुंचाते हैं। लाल सेब में उपस्थित फ्लैवोनोइड तत्व एंटी-ऑक्सीडेंट का काम करते हैं। यह दिमाग की कोशिकाओं को स्वस्थ रखते हैं, जिससे पार्किंसन और अल्जाइमर जैसे दिमागी रोगों से बचाव होता है। सेब रेशे [फाइबर] वाला फल है। इसमें प्रोटीन और विटामिन की संतुलित मात्रा होती है, लेकिन कैलोरी कम होती है, जिससे यह हृदय को स्वस्थ रखने में सहायक है।

उच्च रक्तचाप या किसी अन्य समस्या के कारण जो लोग नमक का सेवन कम करते हैं उनके लिए सेब सुरक्षित और लाभकारी है क्योंकि सेब में सोडियम की मात्रा न के बराबर होती है। सेब शरीर में ग्लूकोज की मात्रा को संतुलित करने का कार्य करता है। इससे मधुमेह के रोगियों को लाभ होता है। इसके अतिरिक्त सेब स्मरण शक्ति बढ़ाने, शरीर को चुस्त और स्वस्थ रखने में कई स्तरों पर काम करता है। सेब सुपाच्य है, इसलिए आंतों को आराम मिलता है और शरीर सहज महसूस करता है। पेट में हल्कापन बना रहता है। उपवास के दौरान सेब और अधिक फायदेमंद हो जाता है।

घुटने के दर्द में लाभकारी योग

आजकल घुटनों का दर्द बीस साल की उम्र में भी शुरू हो सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार आज पैंतीस साल की आयु में अस्सी प्रतिशत लोगों में घुटनों का दर्द शुरू हो जाता है। यह रोग किसी भी व्यवसाय (चिकित्सकों को भी) में लगे लोगों को होता है। एक बार दर्द शुरू हो जाता है और घुटने बदलने तक दर्द बंद नहीं होता है। दर्दनाशक दवाइयां खाते-खाते पेट बिगड़ता जाता है। पेट में अल्सर, शरीर का मोटापा आदि अनेक परिणाम दिखने लगते हैं। यह समस्या मोटे-दुबले दोनों प्रकार के स्त्री-पुरुषों में पाई जाती है। मोटे या स्थूल शरीर वालों को शीघ्र अनुभव होने वाला दर्द दुबले लोगों का भी पीछा नहीं छोड़ता और दुबले-मोटे सभी को समान रूप से कष्टदायक है। योगाभ्यास करते-करते अनेक वर्षों बाद भी घुटनों का दर्द अनुभव होता है या योग करने पर भी कम नहीं हुआ यह बात भी रोगियों ने और योगाभ्यासियों ने स्वीकार की है।

क्यों होता है घुटनों का दर्द

इसका उत्तर चिकित्सक यह कहकर देते हैं- शरीर मोटा होना, वंशानुगत या चोट लगने से, उम्र का तकाजा, बुढ़ापा आदि। लेकिन, अनुसंधान से घुटनों के दर्द का एक कारण स्पष्ट हुआ वह यह है कि किसी रोगी को घुटनों पर चोट लगना, दुर्घटना में घुटने की टूट-फूट होना, घुटनों के बल गिर पड़ना आदि से जो दर्द बढ़ता है, वह जीवनभर रह सकता है। उससे ट्रॉमा निर्माण होता है। उसे ट्रॉमा आर्थराइटिस कहते है। इसका स्थायी उपचार व्यायाम ही होता है। उपरोक्त कारण सभी जानते और मानते हैं, परंतु उपरोक्त किसी भी कारण के न होते हुए घुटनों में दर्द होता है तो उसका प्रमुख कारण घुटनों को मोड़कर (एक घुटना या दोनों) रात्रि को सोना पाया जाता है। जो व्यक्तिएक घुटना मोड़ता है उसका वही घुटना दर्द करता है और दूसरा ठीक रहता है।

वर्षों तक इस आदत से घुटने में रक्तसंचार रात्रि की नींद में कम से कम हो जाता है। इसके विपरीत दैनिक जीवन में चलने-फिरने, चढ़ाव चढ़ने, सैर करने, व्यायाम करने, व्यायाम करने से घुटनों के जोड़ों में स्थित कारटीलेज का क्षय होता है। इसकी क्षतिपूर्ति रात्रि को घुटनों के सीधे रखने एवं रक्तसंचार सुचारू रूप से संभव है तभी कारटीलेज अपनी सामान्य आकृति में बनी रहती है और जोड़ का संचालन सामान्य होता है, परंतु रातभर घुटने मोड़ने से यह कार्य अनेक वर्षों से बंद हो जाता है। कारटीलेज में द्रव या कोलोजन रक्त प्रवाह के अभाव में आपस में जुड़ने लगती है। रोगी को खड़े होने पर अपना वजन ढोना और चलते समय संतुलन बनाना भयावह लगता है। हड्डियां आपस में टकराकर टेढ़ी होने लगती हैं। पैरों का आपसी अंतर बढ़ने लगता है।

व्यथित रोगी चलते समय घुटने मोड़े बिना चलते हैं और डोलते हुए जैसे पेंगुइन पक्षी के समान चलने के लिए विवश हो जाते हैं। घुटनों पर सूजन स्थायी बन जाती है और कभी-कभी रक्तका पानी बन जाता है, जिसे इंजेक्शन से निकालना पड़ता है और बार-बार रक्तपानी में परिवर्तित होता रहता है। लगभग एक हजार रोगियों पर परीक्षण के बाद इस समस्या के निदान के दरमियान रोगियों को घुटनों पर नीकैप या क्रेप बैंडेज बांधकर रात्रि सोने की सलाह दी गई थी, साथ में निम्न योगाभ्यास सुबह-शाम नियमित करने की सलाह दी गई थी और छह माह से एक वर्ष तक यह योगाभ्यस करने पर घुटनों के दर्द पूर्ण रूप से समाप्त हो गए थे। एक्स-रे एवं जांच से सभी रोगियों का निदान किया गया था। एक वर्ष बाद दूसरे एक्स-रे से तुलना की गई थी जिसमें सुधार देखा गया था। घुटनों के अधिक दर्द में वज्रासन या पद्मासन वर्जित थे।

घुटनों के लिए व्यायाम

- घुटनों का संचालन जंघा से पैर को दोनों हाथों से ऊपर उठाकर घुटने से पैर को आगे-पीछे 10-15 बार चलाना।
- वहीं पकड़े हुए घुटने के निचले हिस्से से गोल घुमाना 10-10 बार सीधे-उलटे।
- पैर लंबे करके बैठें और टखनों को आगे-पीछे 10 बार चलाना और सीधे-उलटे घुमाना 10-10 बार।
- घुटनों की कटोरियां की मांसपेशियों को खींचना और ढीला छोड़ना 100 बार।
- अधिक दर्द न हो तो गद्दे पर 5 मिनट पद्मासन या वज्रासन।
- पेट के बल लेटकर मकरासन की स्थिति बनाकर एक पैर का घुटना मोड़कर ऊपर हिस्से को गोल 10-10 बार सीधे-उलटे घुमाएं।
- पीठ के बल लेटकर एक-एक पैर बिना घुटने से मोड़े 90 डिग्री पर उठाने का प्रयत्न करें 5-5 बार एक-एक पैर उठाएं।
- यौगिक साइकिलिंग- पीठ के बल लेटकर एक-एक पैर को साइकिल जैसे चलाएं। अभ्यस्त हो जाने पर दोनों पैरों से लेटे-लेटे साइकिलिंग सीधे-उलटे 25 से 50 बार करें, उपरांत शवासन करें।

सावधानियां

घुटनों के दर्द में रोगी को अधिक परिश्रम, अधिक लंबा चलना (2-3 किलोमीटर से अधिक), बार-बार चढ़ाव चढ़ना-उतरना, घंटों एक ही जगह खड़े रहना आदि से बचना चाहिए। घुटने दर्द के रोगी का यदि रक्तचाप बढ़ता है तो ऐसी स्थिति में भोजन में अधिक मात्रा में नमक, नमकीन, अचार, पापड़, इमली, कैरी और अमचूर से बचना चाहिए। इन पदार्थों से रक्त में पानी की मात्रा बढ़ने से शरीर एवं घुटनों पर सूजन आती है। इसे हाईपर एड्रीना कहते हैं। यह दर्द बढ़ाकर रक्तचाप भी बढ़ाता है। हरी सब्जियां, सलाद, नींबू, टमाटर, दही, केला, दूध, रोटी एवं चावल का उपयोग भोजन में करना उपयुक्तहोता है।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। भय तथा शत्रुहानि की आशंका होगी। शुभांक-5-6-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-6-7-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम होगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम होगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपकी योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-3-5-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

तुला (रा री रू रे रो ता ती तू ते): एकाधिक कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद होगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। रुकी-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-2-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-7

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम बदलने होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-1-2-6

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आय के स्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-2-6-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-4-9

काकुरो पहेली - 1955



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए। किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता।

उदाहरणार्थ:

काकुरो - 1954 का हल

लॉफिंग ज़ोन

शादी के सीजन में जगह-जगह शादी में आने-जाने के कारण रमन के पास कपड़ों की कमी-सी हो जाती? है, फिर भी वो कुछ मैनेज करके अपने खास दोस्त की शादी में जाता है, वहाँ पर दोस्त के अंकल उससे पूछते है- बेटे! ये शर्ट तो बहुत अच्छी है!

रमन- जी, मेरी नहीं है।

अंकल- पैंट भी बहुत अच्छी है।

रमन- ये भी मेरी नहीं है।

अंकल- तो फिर किसकी है?

रमन- लॉंड्री वाले की..!

□ □ □

रमन सर्कस देखकर आने के बाद अपने दोस्त से मिलने गया तो उससे कहा- यार! सर्कस में एक मोटी औरत एक दुबले जोकर को खूब मारती रहती है और वह सिर्फ हँसता ही रहता है।



परेश बोला- यार तू बता इसमें नया क्या है? यह तो मेरे घर में रोज ही होता है।

□ □ □

एडवोकेट (गवाह से)- अच्छा तो अब सही-सही बता दो फटाफट, नरेश की मौत आखिर हुई कैसे?

गवाह घबरा कर बोला- बड़ा ही भुलक्कड़ था हुजूर! हो सकता है घटना के समय वह साँस लेना भूल गया हो।

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली - 1955

बायें से दायें:-

१. सलमान, आयशा की 'बैठा नीली झील किनारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
६. बॉबी, रीना, धर्मेंद्र की 'तूने मुझे बुलाया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जब भी ये दिल उदास' गीत वाली राकेश रोशन, सिम्पी की फिल्म-२
८. 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली आशा पारेख, सुनील दत्त की फिल्म-२
९. फिल्म 'कामक' की नायिका कौन थी-३
१२. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, परवीन की 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
१८. हिंदी फिल्मों का पहला 'ही-मैन' किसे कहा जाता है-४
२०. 'तूफ़ान रुस्तम' में नायिका कौन -२
२१. फिल्म 'अंश' में नायिका कौन थी-२
२२. अजय देवगन, ट्विंकल की 'मेरे सीने में रेता' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'दर्दे दिल दर्दे जिगर' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'घाइना टाउन' के संगीतकार कौन-२
२५. 'कभी ख़ुशी कभी ग़म' में अमिताभ की पत्नी की भूमिका किसने की है-२
२७. 'फूल और काँटे' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२८. 'नी मैं यार मनाना नी' गीत वाली राजेश, राखी, शर्मिला की फिल्म-२
३०. राजकुमार, राजेश, माला की 'गुस्सा इतना हसीन' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'मनोरंजन' में शम्मी व संजीव कुमार के साथ नायिका कौन थी-३
३४. 'साजन साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. फिरोज खान, जीनत की 'हम तुम्हें चाहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कभी-कभी' में ऋषि की नायिका -३
४. 'कोहिनूर' में जैकी की नायिका-२
५. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ऐसे मिलो निगाहें' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१०. 'मोहे छेड़ो ना' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
१३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'मय से मीना से न' गीतवाली फिल्म-४
१५. 'कसम से तेरी आँखें' गीतवाली फिल्म-४
१६. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१८. अमिताभ, विनोद, सायरा की 'तुम भी चलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'फूल माँगू ना बहार' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-४
२३. 'उम्र से जो तुमको मिले फुरसत' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'देखो देखो जी, ये है मेरी' गीत वाली गोविंद, नीना की फिल्म-३
२७. राजन, चित्रा, जयश्री की 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'तस्वीर से बिगड़ी हूं' गीतवाली फिल्म-२
३१. गोविंदा, जूही की 'आ जाना जब' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'माई हार्ट इज बोलिंग' गीतवाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 1954

सूडोकु -1955

			2					4
			6					1
	5		8			2		3
		7					6	
	3					8		
1		6			3		7	
2					5			
8					4			

सूडोकु -1954 का हल

शब्द पहेली - 1955



बाएँ से दाएँ

1. आरोपित, तथाकथ्य-5
4. प्रलय, वज्रपात-4
7. परिमाण, माप-2
8. प्लेट, तश्तरी-3
9. भीगा हुआ-2
10. वेश्या, गणिका-4
11. ज्वालामुखी से निकला द्रव पदार्थ-2
13. अपवित्र (उर्दू-3)
14. दान करने वाला-2
15. आंचल-3
17. पंख-2
19. चाहे जो भी हो -5
22. अनूठापन, विचित्रता-5
25. उम्मीद, आस-2
26. अनायास, अक्षय-3
28. सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29. बंदर, मर्कट-3
30. सम्मान, आदर-2
32. करामात, करिश्मा-4
34. नवीन, नव-2
36. नसीरुद्दीन और अर्चना पूर्णसिंह की फिल्म-3
37. शारीरिक ऊंचाई-2
38. भाग्य, लक-4
39. रावण, दशानन-5

ऊपर से नीचे

1. तपस्या-2
2. कॉफी-3
3. तरफदारी करनेवाला-5
4. जन जाति, झुंड-3
5. चोट-2
6. चढ़ाई, ख्याती-4
7. जो मुनासिब न हो-5
10. भाग्य (उर्दू-4)
12. प्रतिज्ञा, वचन-2
16. राजा, राजन-3
17. क्षण-2
18. संपूर्ण, देवी का एक नाम-2
20. रनिवास (उर्दू-3)
21. नुकसान, घाटा-2
22. रजनी, रात्रि-2
23. अनुपम, बेजोड़-4
24. जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25. आतंक फैलानेवाला-5
26. धरोहर, थाती-4
27. लक्ष्मी-2
31. निगाह, दृष्टि-3
33. बेचैनी, परेशानी, संघर्ष-3
35. लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37. दैक्स, हाथ-2

शब्द पहेली - 1954 का हल

न्यूज फ्लैश

दुर्गा शक्ति व महिला थाना पुलिस की टीमों ने 112 इंडिया मोबाइल एप को लेकर किया जागरूक

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया
दुर्गा शक्ति व महिला थाना पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा महिला की सुरक्षा को लेकर स्कूल कॉलेजों में जागरूकता सेमिनार आयोजित किए जा रहे है। ताकि महिला अपराधों को रोका जा सके। पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने बताया कि उनकी टीमें अपने-अपने थाना के अधिकार क्षेत्र में छात्राओं एवं शिक्षक महिलाओं की मीटिंग ले कर उनको उनके अधिकारों व महिला विरुद्ध अपराध के बारे सजग किया जा रहा है। वहीं उनके मोबाइल में 112 ऐप इंस्टॉल करवाई जा रही है। साथ ही एप को कैसे इस्तेमाल किया जाएं उसके बार में अवगत करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति गलत व्यवहार करता है, तो बेझिझक पुलिस को शिकायत दें। इसके लिए उन्हें कहीं भी जाने की आवश्यकता नहीं है। युवतियों को बस अपने मोबाइल से 112 एप का प्रयोग करना है। इसके चंद मिनट बाद पुलिस की टीम उनके पास होगी। इस एप की विशेष बात यह है कि आप इस पर रजिस्ट्रेशन के बाद पूरे प्रदेश में कहीं भी यदि अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है तो इसमें दिए गए लाल बटन को प्रयोग कीजिए, जल्द से जल्द डीएसआरएएफ के सबसे नजदीकी प्वाइंट से आपको सहायता पहुंचाई जाएगी।
फोटो केप्सन 12 एसएनपी 11: छात्रा के मोबाइल में एप की जानकारी देते हुए पुलिस कर्मी।

जाट जोशी के पास सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, पिता चोटिल

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया
बहालगढ़ थाना क्षेत्र में जाट जोशी गांव के पास सड़क हादसे में पिता-पुत्र घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि युवक के पिता को प्राथमिक उपचार दिया गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता के बयान पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बंदेपुर निवासी तिलकराज ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। उसका बेटा अमित खेवड़ा स्थित निजी कंपनी में नौकरी करता है। गत 11 जनवरी को देर शाम करीब पांच बजे कंपनी से छुट्टी होन के बाद अपनी बाइक पर घर आने के लिए निकला। बहालगढ़ चौक पर वह अपने बेटे के साथ बाइक पर बैठकर चल पड़ा। कुछ दूर चलने पर उनके आगे चल रही गाड़ी के चालक ने बिना दिशा यंत्र जलाएं कट मार दिया। जिससे वह दोनों वाहन की चपेट में आ गए। उसका बेटा अमित गाड़ी के चालक साइड में पीछे के टायर के नीचे आ गया। वह खुद डिवाइडर पर जा गिरा। राहगीरों ने हादसे के बाद दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसके बेटे अमित की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि उसे खुद प्राथमिक उपचार दिया गया। मामले की सूचना मिलते ही बहालगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल सोनीपत पहुंचाया। जहां मृतक के पिता के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि वाहन चालक की तलाश की जा रही है। जल्द से जल्द वाहन चालक को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

घर से लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी, मुकदमा दर्ज

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया
शहर थाना क्षेत्र के सुभाष नगर में स्थित घर से अलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।
सुभाष नगर निवासी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि वह परिवार सहित घर से बाहर गया था। वह अपनी डयूटी पर चला गया। उसकी पत्नी भी अपने मायके चली गई। अगले दिन सुबह आकर देखा तो घर के दरवाजों पर लगे ताले टूटे हुए पाए गए। अंदर कमरे में जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ पाया गया। अलमारी की जांच की तो उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब मिले। अपने स्तर पर स्तर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

भाजपा सरकार में 40 पेपर लीक हो चुके, कोई भी परीक्षा सही ढंग से नहीं हो पा रही : अनुराग

बेरोजगारी

8 एक भी भर्ती ठीक से नहीं करवा पा रही बीजेपी सरकार : अनुराग ढांडा

चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया
आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने हरियाणा में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर खट्टर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक भी भर्ती सही से नहीं हो पा रही है। इस बार हाईकोर्ट ने भी 816 शिक्षकों की भर्ती को लेकर एचएसएससी को फटकार लगाई है और भर्ती प्रक्रिया सही से न करने को लेकर एक लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। इससे पता चलता है कि हरियाणा सरकार सुनियोजित तरीके से युवाओं को बर्बाद करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अब तक 40 पेपर लीक हो चुके हैं, कोई भी परीक्षा सही ढंग से नहीं हो पा रही। जिन परीक्षाओं में पेपर लीक हो जाते हैं उससे बच्चों का भविष्य खराब और नौकरियां देने के बाद विज्ञापन वापस लिया जा रहा है, उससे भी बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हरियाणा में बेरोजगारी की इतनी बुरी हालत कर दी है कि जब फोर्थ क्लास के लिए भी भर्ती निकली है तो उसके लिए भी लाखों युवा उसके लिए अप्लाई करते हैं, जिसमें पीएचडी और मास्टर्स भी होते हैं। बेरोजगारी में हरियाणा नंबर-1 हो गया है।
उन्होंने कहा कि हरियाणा 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं और 25 लाख युवा बेरोजगार हैं। 71000 पद तो केवल शिक्षा विभाग में खाली पड़े हैं और 4500 से ज्यादा असिस्टेंट प्रोफेसर और 30 हजार से ज्यादा स्कूलों में पद रिक्त पड़े हैं। भाजपा सरकार ने पूरे सुनियोजित तरीके से युवाओं को बर्बाद कर दिया है। जब हरियाणा के पढ़े लिखे युवा सीएम खट्टर से नौकरी मांगते हैं तो सीएम कहते हैं कि आप सब्जी बेच लीजिए, वो भी एक रोजगार है। लानत है ऐसे मुख्यमंत्री पर जो युवाओं के रोजगार मांगने पर ऐसी सलाह देता है। जबकि 2 लाख नौकरी देकर युवाओं का भविष्य भी बनाया जा सकता है।
उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी तो दूर की बात है। जब सरकार ने 60000 टेंपरेरी जॉब देने की कही तो उसके लिए भी पूरे हरियाणा से 13 लाख से ज्यादा आवेदन आ गए।
हरियाणा में ये हालत आज बेरोजगारी की है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार में बेरोजगारी के कारण धीरे धीरे हरियाणा के युवा बबार्दी और नशे की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्होंने सीएम खट्टर से प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की और कहा यदि सीएम खट्टर ऐसा नहीं करते तो आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर हरियाणा में लाखों रोजगार के अवसर दिए जाएंगे।

गैंगस्टर की 20.29 लाख की संपति की गई कुर्क

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
थाना गोवर्धन पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही करते हुए एक शातिर अपराधी की करीब 20.29 लाख की अवैध सम्पत्ति कुर्क की है। एसएसपी के निदेर्शानुसार गैंगस्टर एक्ट के अभियोगों में शातिर अपराधियों के विरुद्ध धारा 14 (1) गिरोहबन्द अधिनियम एवं आसमाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अंतर्गत अपराधियों द्वारा संगठित गिरोह बनाकर अवैध रूप से अर्जित की गयी अवैध सम्पत्ति के जब्तीकरण की कार्यवाही के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन के द्वारा 18 मार्च 2023 को गैंगस्टर एक्ट में जाहिद पुत्र सुभान खान निवासी ग्राम देवसेरस थाना गोवर्धन जनपद मथुरा, इरफान पुत्र जोरमल निवासी दौलतपुर थाना गोवर्धन मथुरा, तस्लीम पुत्र उमर मोहम्मद निवासी नगला जंगली हाथिया बरसाना मथुरा, संजय खान पुत्र उज्झल उर्फ सूबेदार निवासी देवसेरस थाना गोवर्धन मथुरा, राहुल पुत्र मझला निवासी देवसेरस थाना गोवर्धन मथुरा, सुन्ना उर्फ सुम्मा पुत्र इसरायल निवासी देवसेरस थाना गोवर्धन मथुरा के विरूद्ध पंजीकृत हुआ था। मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्त राहुल पुत्र मझला निवासी ग्राम देवसेरस थाना गोवर्धन जनपद मथुरा के विरुद्ध रिपोर्ट प्रेषित की गयी। अभियुक्त राहुल के द्वारा अवैध रूप से अर्जित धन से ग्राम देवसेरस में दर्ज भूमि श्रेणी पर पक्के मकान कीमत करीब 20.29 लाख रुपये की संपत्ति की जब्तीकरण का आदेश तीन जनवरी कुर्क आदेश पारित किया गया।

नगर निगम ने चलाया योद्धा स्वच्छ अयोध्या के लिए एकजुट अभियान

लोकेश चौधरी
मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
नगर निगम मथुरा वृंदावन, रिसिटी नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत योद्धा स्वच्छ अयोध्या के लिए एकजुट हों अभियान के हिस्से के रूप में एक रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समुदाय को एक साथ लाना, जागरूकता बढ़ाना और ऐतिहासिक शहर अयोध्या में स्वच्छता और स्वच्छता बनाए रखने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है। स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक टिकाऊ बनाने के लिए भारत सरकार की एक राष्ट्रव्यापी पहल है। योद्धा स्वच्छ अयोध्या के लिए एकजुट इस मिशन का

एक स्थानीय विस्तार है, जो स्वच्छ और हरित अयोध्या बनाने पर केंद्रित है। इस आयोजन में हजारीमल सोमानी स्कूल, नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज के 500 छात्र छात्राओं, अध्यापक, अध्यापिकाओं, प्रधानाध्यापिका और नगर निगम के सफाई मित्रों के साथ टीम रिसिटी ने प्रतिभाग किया।

सरकारी कार्य में बाधा डालने में चार आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया
सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने की वारदात में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सतीश निवासी रोलद हालत में ऐल्डिको मॉल, विक्की निवासी मैपस्को, मनोज निवासी कामी, व जितेंद्र सिंह निवासी वेस्ट राम नगर पेट्रोल पंप वाली गली का है।
पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी रविंद ने बताया कि उनकी टीम सुभाष चौक पर मौजूद थी। उसी दौरान दो लड़के सड़क पर कार लगाकर खड़े थे। उन्हें रोकने का कारण पूछताछ की तो शराब की बदबू आने लगी। उसके बाद दो लड़के ओर पहुंचे। उन्होंने आते ही अभद्रता करना शुरू कर दिया।

लोकसभा चुनावों की तैयारियां शुरू, मथुरा में हुई अंतरराज्यीय उच्चस्तरीय बैठक

लोकेश चौधरी
मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
आगामी सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को मथुरा में युपी, राजस्थान, हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्रों के अधिकारियों की बैठक मथुरा में हुई। गोवर्धन के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस स्थित सभागार में आयोजित हुई बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा, अपर पुलिस महानिदेशक भरतपुर, पुलिस महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा, पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र अलीगढ़, पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट आगरा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा, पुलिस

अधीक्षक भरतपुर, पुलिस अधीक्षक डींग, पुलिस अधीक्षक पलवल, पुलिस अधीक्षक नूंह व अन्य अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर इंटरस्टेट, बॉर्डर के जनपदों के अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल बैठाना रहा। जिससे अपराधियों और अपराध को रोका जा सके। सभी अधिकारियों ने अपने अपने स्टेट के जनपदों के बारे में जानकारी शेयर करते हुए अपराध को रोकने और अपराधियों के खिलाफ मुहिम चलाने पर चर्चा की। इस बैठक में एडीजी जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ, राजस्थान भरतपुर एडीजी जोन, हरियाणा पलवल रेंज के आईजी समेत मथुरा जिले के सीमावर्ती जनपदों के पुलिस कप्तान शामिल हुए।

डॉ. काटे द्वारा नरेन्द्र मोदी के हस्तनिर्मित 75 भावचित्रों की प्रदर्शनी

उद्घाटन

8 हस्तनिर्मित 75 भावचित्रों की प्रदर्शन का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री प्रभात झा ने किया।

नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया
राजधानी के कंस्टीट्यूशनल क्लब में सुखी परिवार फाउंडेशन द्वारा आयोजित ह्यदिव्य भारत के निमार्ता मोदीह्ल विषयक हस्तनिर्मित 75 भावचित्रों की प्रदर्शन का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री प्रभात झा ने किया। इस अवसर पर इन्हीं चित्रों से जुड़ी पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम आदिवासी संत गणि

राजेन्द्र विजयजी के सान्निध्य में आयोजित हुआ, जिसमें महामंडलेश्वर शैलेशानंदजी, कारगिल युद्ध के नायक कर्नल डॉ. राजेश अधाउ, सुखी परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री ललित गर्ग, जैन विश्वविद्यालय के बंगलोर के सीईओ श्री सतीश नारायण आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. अविनाश काटे ने कैनवास पर ऐक्रेलिक रंगों का उपयोग करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75 भावना-भरे चित्र बनाये हैं, जिनमें कला की गहनता, साधना, परिपक्वता और चित्र भावना प्रदर्शित हो रही है। नये भारत के निमार्ता श्री मोदीजी के काम, भावनाओं और भारत माता के प्रति समर्पण के पहलुओं को प्रतिबिंबित करने वाले इन विविध चित्रों में असाधारण प्रतिभा प्रदर्शित हो रही है। मुख्य अतिथि श्री प्रभात झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह अद्वितीय कलात्मक उपलब्धि विश्व स्तर पर अपनी तरह की पहली उपलब्धि है। किसी अन्य कलाकार ने विभिन्न रूपों में एक ही व्यक्ति के चित्रों की इतनी व्यापक श्रृंखला नहीं बनाई है। डॉ. अविनाश काटे ने इसे एक ध्यान प्रक्रिया के रूप में दिन-रात काम करते हुए तीन महीने के अथक परिश्रम से निर्मित किया है, जिससे इन भावपूर्ण चित्रों के निर्माण में एक आध्यात्मिक आयाम जुड़ गया है। यह चित्र नहीं चित्त साधना के अनूठे आयाम है।
इस विशेष प्रदर्शनी और चित्रों के बारे में जैन विश्वविद्यालय के शांतमणि कला केंद्र के डीन डॉ. अविनाश काटे ने कहा कि श्री मोदी का प्रेरक नेतृत्व और अटूट प्रतिबद्धता मेरे लिए प्रेरणा का निरंतर स्रोत रही है। यह 75 चित्रों का संग्रह उनकी भावनात्मक राष्ट्रीय यात्रा का चित्रण है।
सुखी फाउंडेशन परिवार के संस्थापक और आदिवासी जैन संत डॉ. गणि राजेंद्र विजय महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि ये चित्रकला का एक अद्भुत नमूना है, जिनमें नये भारत, सशक्त भारत की मोदी के चित्रों के माध्यम से प्रभावी प्रस्तुति हुई है।

फोर लेन हो रहा वृंदावन से एक्सप्रेस से को जोड़ने वाला मार्ग

लोकेश चौधरी
मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा जनपद मथुरा में यमुना एक्सप्रेस वे से वृन्दावन (पागल बाबा मंदिर) तक (अन्य जिला मार्ग) चार लेन मार्ग का निर्माण (लम्बाई 7.278 किमी) एवं मार्ग निर्माण के संरेखण में आ रही यमुना नदी पर दो लेन सेतु के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कार्यदायी संस्था निर्माण खण्ड-1 लोक निर्माण विभाग मथुरा के सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता द्वारा मात्र 10 से 12 मजदूर एवं दो जेसीबी के द्वारा ही कार्य कराया जा रहा था। साइट इन्चार्ज अवर अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम वासियों द्वारा कार्य करने में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है, कारण पूछने पर अवगत कराया गया कि भूमि अधिग्रहण एवं रजिस्ट्री का कार्य अभी भी अवशेष है, जिसके कारण स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा समय समय पर अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है, जिसके सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1 लोक निर्माण विभाग मथुरा का स्पष्टीकरण जारी करते हुऐ आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय कार्य स्थल पर कार्यदायी संस्था के सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं ठेकेदार उपस्थित थे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था के सहायक अभियन्ता, अवर अभियंता को निर्देश दिये गये की ठेकेदार से मजदूरों की संख्या बढवाते हुऐ कार्य को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

सियरा की गौशाला का सीडीओ ने किया निरीक्षण

लोकेश चौधरी
मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा जनपद मथुरा के विकास खण्ड राया के अंतर्गत अस्थाई गौ आश्रय स्थल सियरा का निरीक्षण किया गया। गौशाला का संचालन एवं रख रखा उमा कल्याण ट्रस्ट गौधाम वृन्दावन द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के समय विपिन गर्ग मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सतेन्द्र सिंह खण्ड विकास अधिकारी राया, सुकेश कुमार ग्राम पंचायत सचिव एवं ट्रस्ट की ओर से उमेश कुमार उपस्थित थे। निरीक्षण के समय गौशाला में 140 गोवंश पाये गये, जिनमें से 135 गौवंशों की ईअर टैगिंग पायी गयी। निरीक्षण के समय ठंड से बचाव की व्यवस्था पायी गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गौशाला के केयर टेकर को निर्देशित किया गया कि गौवंशों को हरा चारा एवं पानी की कमी न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये।

भाकियू चढ़ूनी ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
शुक्रवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के बैनर तले जिले के किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम दफ्तर का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। दोपहर 12 बजे संगठन कार्यकर्ता जेल परिसर के बाहर इकट्ठा हुए और प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो बड़े आंदोलन का बिगुल फूंका जाएगा। मंडल अध्यक्ष आगरा रामवीर सिंह

तोमर ने कहा कि किसानों को तंग होकर प्रदर्शन करने के लिये मजबूर होना पड़ा है, आजादी के 76 साल बाद भी किसानों की दुश्वारियां कम होने की बजाए बढ़ गई हैं। आय प्रमाण पत्र से लेकर जाति, ईडब्ल्यूएस, मूल निवास प्रमाण पत्र, दाखिल खारिज, कुरा बंटवारे जैसे कामों के लिए युवाओं, किसानों का शोषण हो रहा है। भ्रष्ट लोकसेवक मनमानी कर रहे हैं। श्री तोमर ने कहा कि किसानों को उसकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है, ऊपर से सरकार ने यूरिया के बैग का वजन पांच किलो कम कर दिया है। फैसला बापिस नहीं लिया तो आगामी चुनावों में सरकार को खामियाजा भुगतना होगा। इस दौरान प्रदेश महासचिव डा. सतीश चन्द्र, रामफल सिंह सुबेदार, बिल्ला सिंह सिकरवार, कुंतभोज रावत, गौरव तोमर, प्रताप सिंह प्रधान, जगदीश निषाद, डा. राधेश्याम, प्रेम सिंह सिकरवार, चौधरी हीरा सिंह, श्यामपाल सिंह, जयपाल सिंह चौधरी, सेनापति कुंतल, पुष्पेंद्र सिंह चौधरी, अशोक चौधरी, जयवीर सिंह, रामप्रकाश पुजारी, विजयपाल सिंह चौधरी, चरण सिंह, ओमवीर मास्टर, रामवीर सिंह मांट, राजकपूर, बच्चू सिंह, भजन लाल, डा. सोनवीर, चंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

हरियाणा के निवासियों के साथ जुड़ी है मेरी आत्मा : भाजपा प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब

चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया
भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने कहा कि भले ही वे त्रिपुरा से है, परंतु उनकी आत्मा हरियाणा वासियों के साथ जुड़ी हुई है। लोगों ने उन्हें इस प्रवास के दौरान दूध व मक्खन खिलाया है, जिससे वे तरोताजा महसूस कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी हर समय लोगों के बीच रहकर उनकी सेवा करती हैं। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की वजह से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर एक दिन भारत में शामिल होगा। यह भारत का अभिन्न हिस्सा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर 3 हजार रुपये की है।
बिप्लब कुमार देब रोहतक के फरमाणा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में उपस्थितगण को बतौर मुख्यमंत्री संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी के 65 वर्ष के शासन काल के दौरान भी संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को पूरा प्रतिनिधित्व नहीं मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति को सम्मान दिलवाते हुए नारी शक्ति वंदना अधिनियम पारित करके महिलाओं को संसद व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया है। नरेंद्र मोदी ने देश में व्यवस्था परिवर्तन कर गरीब लोगों के कल्याण की दिशा में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि गांव की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी है। नरेंद्र मोदी ही सभी को मान-सम्मान

दिलवा सकते है। नरेंद्र मोदी के प्रति गरीबों के दिल में अपार स्नेह है।
भाजपा प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साढे 9 वर्ष का कार्यकाल जनता के राज के रूप में रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को बढावा दिया है। कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों के कारण ही पार्टी के पुराने नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे है। देश भर में पहली बार विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों के घर द्वार पर केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वंचित पात्र गरीब लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।
भाजपा प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने अपने 10 वर्ष के शासनकाल के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि नहीं बढाई और अब वे इस राशि को बढाकर 6 हजार रुपये करने की बात करके लोगों को गुमराह कर रहे है।
प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रतिमाह किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल को प्रदेश की जनता का निरंतर समर्थन व स्नेह मिल रहा है। उन्होंने हरियाणा के खान-पान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां पर दूध, दही व मक्खन के सेवन से लोगों में बहादुरी आती है। उन्होंने कहा कि फरमाणा गांव की मांगों को सरकार द्वारा यथा संभव पूर्ण किया जाएगा तथा इस क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी।
स्थानीय लोकसभा सांसद डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा रोहतक को अयोध्या से रेल के माध्यम से जोड़ा गया है। रोहतक-महम-हांसी रेलवे लाइन को शीघ्र ही शुरू किया जायेगा तथा इस क्षेत्र के लोग भी रेल के माध्यम से अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के दर्शन कर सकेंगे।
उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे विपक्षी पार्टी की पर्ची की नीति से गुमराह न हो। प्रदेश सरकार ने बिना पर्ची-बिना खर्ची केवल योग्यता के आधार पर युवाओं को रोजगार दिया है। नागरिक अपने कर्तव्यों का निष्ठा के साथ निवर्हन करें तथा विकसित भारत के निर्माण में पूर्ण योगदान दें।
डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की गाड़ी विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान वंचित गरीब लोगों को पात्रता के अनुसार केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का मौके पर लाभ दिलवा रही है। केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को 5 लाख रुपये वार्षिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया है। अब तक 55 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किये गए है। हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल एक लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों तक इस योजना को चिरायु हरियाणा के नाम से लागू किया है।

कृषि व खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े आठ Mo पर हस्ताक्षर, होगा 3265 करोड़ रुपये का निवेश

नई दिल्ली। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के दूसरे दिन गुजरात के कृषि मंत्री राघवजी पटेल की मौजूदगी में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। इन एमओयू के अनुसार मेहसाणा में असनदास एंड संस प्राइवेट लिमिटेड 1,100 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। वहीं भितर एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड 500 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बना रही है जबकि टिडी एग्रोस्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड का 400 करोड़ रुपये का निवेश करने का इरादा है। अहमदाबाद में ग्रेनपैन न्यूट्रिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने 375 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। अहमदाबाद में सैनस्टार लिमिटेड राज्य में 300 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार है। इसके अलावा, जेएम कोकोनट प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड 300 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बना रहा है, मेहसाणा में मैक पटेल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड 150 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है, और आरपीए एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड गुजरात में 140 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार है। शिखर सम्मेलन में सेमी-कंडक्टर विनिर्माण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गईं। बुधवार को टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने धोलेरा में सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट लगाने की घोषणा की, इसके लिए बातचीत इस साल पूरी होने की उम्मीद है। माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मेहरोत्रा ने कहा कि साणंद में सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण सुविधा का पहला चरण 2025 की शुरुआत तक चालू हो जाएगा।

यूपीआई बेहद सफल, हर महीने 100 अरब से ज्यादा का लेनदेन, गवर्नर बोले- एप के विस्तार पर अन्य देशों से चर्चा

नई दिल्ली: आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की ओर से विकसित यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) बेहद सफल रहा है। यह दुनिया की सबसे अच्छी भुगतान प्रणाली है। इस भुगतान एप में विस्तार की अधिक गुंजाइश है और यह विश्व में अग्रणी बन सकता है। दास ने एक कार्यक्रम में कहा, देश में यूपीआई के जरिये मासिक लेनदेन कई महीने पहले ही 100 अरब का आंकड़ा पार कर गया है। देश में भारी सफलता के बाद आरबीआई अब अन्य देशों के केंद्रीय बैंकों के साथ इसके विस्तार पर चर्चा कर रहा है। सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सहित कुछ देशों में पहले से ही यूपीआई का इस्तेमाल हो रहा है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा, यूपीआई पहले से ही एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा बन चुका है। इसकी मदद से देश में डिजिटल लेनदेन को काफी बढ़ावा मिला है। खासकर ग्रामीण भारत के इलाकों में। वास्तव में इसे और बढ़ना है। मैं कहूंगा...यह दुनिया की अब तक की सबसे अच्छी भुगतान प्रणाली है। मैं चाहता हूं कि यह विश्व में भी अग्रणी बने। एजेंसी

शक्तिकांत दास, गवर्नर, आरबीआई ने कहा कि दिवालिया एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत वसूली की दर 32 फीसदी है। पर, कानून में सुधार की जरूरत है। आईबीसी की प्रमुख आलोचना दो मोर्चों पर है...समाधान में लगने वाला समय और कर्जदाताओं को बकाया वसूली पर होने वाला नुकसान। दास ने उस आलोचना को खारिज किया, जिसमें दावा किया गया कि यूपीआई पर एनपीसीआई का एकाधिकार हो गया है। उन्होंने कहा, एनपीसीआई का प्रतिद्वंद्वी होने से आरबीआई को कोई गुरेज नहीं है। केंद्रीय बैंक ने इसके लिए आवेदन मंगाए थे। अभी तक जो भी प्रस्ताव आए हैं, उनमें से किसी में भी कुछ नया नहीं है।

1.98 लाख करोड़ से अधिक की कर चोरी में 140 गिरफ्तार, वित्त मंत्रालय ने कहा- एक साल में 6323 मामले सामने आए

नई दिल्ली। सरकार की सख्ती से पिछले साल 1.98 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी पकड़ी गई। टैक्स चोरी में शामिल 140 सरगनाओं को गिरफ्तार किया गया, जो सरकारी खजाने को चपत लगा रहे थे। वित्त मंत्रालय ने कहा, जीएसटी सूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने 2023 में ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो, बीमा और कार्यबल से जुड़ी सेवाओं के आयात जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कर चोरी एवं स्वैच्छिक भुगतान के मामलों का पता लगाया। इस अवधि में डीजीजीआई ने 28,362 करोड़ रुपये के स्वैच्छिक भुगतान के साथ 1,98,324 करोड़ रुपये के कर चोरी से जुड़े 6,323 मामलों का पता लगाया। इससे पहले 2022 में 90,499 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी और स्वैच्छिक भुगतान के 22,459 करोड़ रुपये से जुड़े 4,273 मामले सामने आए थे। 97 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मंत्रालय ने कहा, डीजीजीआई की ओर से पकड़ी गई जीएसटी चोरी सालाना आधार पर 119 फीसदी अधिक है। स्वेच्छा से भुगतान मामले भी 26 फीसदी बढ़ गए।

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चे तेल में उछाल, 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी का रुख है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का मूल्य करीब 2 डॉलर उछलकर 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 1.81 डॉलर यानी 2.34 फीसदी की उछाल के साथ 79.22 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।

वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 1.80 डॉलर यानी 2.50 फीसदी की बढ़त के साथ 73.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में सालाना आधार पर 19फीसदी की वृद्धि, लक्ष्य के 81फीसदी पर पहुंचा

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में 11 जनवरी 2024 तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14.70 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। सरकार के आंकड़ों के अनुसार शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना लक्ष्य के करीब 81 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। सरकार ने बजट में प्रत्यक्ष कर (व्यक्तिगत आयकर और कॉरपोरेट कर) से 18.23 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है, जो पिछले वित्त वर्ष के 16.61 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 9.75 प्रतिशत अधिक है। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है, +प्रत्यक्ष कर संग्रह 14.70 लाख करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 19.41 प्रतिशत अधिक है। यह संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों के कुल बजट अनुमानों का 80.61 प्रतिशत है। 1 अप्रैल, 2023 से 10 जनवरी, 2024 के सकल संग्रह से 16.77 प्रतिशत अधिक है। सकल कॉरपोरेट आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) में वृद्धि दर क्रमशः 8.32 प्रतिशत और 26.11 प्रतिशत रही। रिफंड के समायोजन के बाद सीआईटी संग्रह में शुद्ध वृद्धि 12.37 प्रतिशत और पीआईटी संग्रह में 27.26 प्रतिशत रही।आधार पर 19त्न की वृद्धि, लक्ष्य के 81फीसी पर पहुंचा।

इंफोसिस का मुनाफा 7.3 फीसदी घटकर 6,106 करोड़ रुपये रहा

नई दिल्ली। देश की दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा प्रदाता कंपनी इंफोसिस ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा 7.3 फीसदी घटकर 6,106 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 6,586 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

इंफोसिस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में उसका मुनाफा 7.3 फीसदी घटकर 6,106 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी ने 6,586 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

कंपनी के मुताबिक इस दौरान उसकी परिचालन आय 1.3 फीसदी बढ़कर 38,821 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 38,318 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपने राजस्व वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 1-2.5 फीसदी से 1.5-2 फीसदी कर दिया है। इंफोसिस के मुताबिक उसके निदेशक मंडल ने बेंगलुरु स्थित सेमीकंडक्टर डिजाइन सेवा प्रदाता इनसेमी का करीब 280 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसका अधिग्रहण चालू वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) तक पूरा होने की उम्मीद है।

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा, एक फरवरी को अंतरिम बजट

नई दिल्ली। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर 9 फरवरी तक चलेगा। केंद्रीय वित्त निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट बजट पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी केंद्रीय बजट होगा। साथ ही

17वीं लोकसभा का ये आखिरी सत्र भी होगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर 9 फरवरी तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा और अंतरिम बजट एक फरवरी को पेश होगा। जानकारी के मुताबिक वित्त मंत्री बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। निर्मला सीतारमण एक फरवरी को संसद में वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

देश का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19 फीसदी बढ़कर 14.70 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2023-24 में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सलाना आधार पर 19.41 फीसदी की बढ़त के साथ 14.70 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। यह पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 81 फीसदी है। इस दौरान सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह सलाना आधार पर 16.77 फीसदी की वृद्धि के साथ 17.18 लाख करोड़ रुपये रहा है।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 10 जनवरी तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सलाना आधार पर 19 फीसदी उछलकर 14.70 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, सकल रूप से कर संग्रह 17.18 लाख करोड़ रुपये रहा। यह पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले 16.77 फीसदी अधिक है। यह संग्रह चालू वित्त वर्ष के लिए प्रत्यक्ष कर के कुल बजट अनुमान का 80.61 फीसदी है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मुताबिक आयकर विभाग ने एक अप्रैल, 2023 से 10 जनवरी, 2024 तक 2.48 लाख करोड़ रुपये करदाताओं को लौटाए हैं। सीबीडीटी के मुताबिक सकल आधार पर प्रत्यक्ष कर संग्रह में 10 जनवरी, 2024 तक लगातार वृद्धि हुई है।

सकल कंपनी आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) में वृद्धि क्रमशः 8.32 फीसदी और 26.11 फीसदी रही है। रिफंड के समायोजन के बाद सीआईटी संग्रह में शुद्ध वृद्धि 12.37 फीसदी और पीआईटी संग्रह में 27.26 फीसदी रही।

मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने प्रत्यक्ष कर से चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 18.23 लाख करोड़ रुपये प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के 16.61 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 9.75 फीसदी अधिक है। प्रत्यक्ष कर में व्यक्तिगत आयकर और कंपनी कर शामिल हैं।

गुजरात का गिफ्टी सिटी 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने के विजन का होगा प्रवेश द्वार : सीतारमण

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि गिफ्ट सिटी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन का प्रवेश द्वार होगा। सीतारमण ने कहा कि भारत अब विश्व के विकास इंजन को चला रहा है। अब यह विकसित पश्चिमी दुनिया और ग्लोबल साउथ के बीच सेतु बन सकता है। सीतारमण ने 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के दूसरे दिन अपने संबोधन में कहा कि गिफ्ट सिटी आदर्श रूप से वित्तीय और निवेश केंद्र के लिए प्रवेश द्वार बनने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को पूरा करने में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गिफ्ट सिटी के विचार की परिकल्पना 2007 में की थी, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, लेकिन अब यह एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र बन गया है। वित्त मंत्री ने 'गिफ्ट सिटी- एन एस्पिरेशन ऑफ मॉडर्न इंडिया' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को 30 ट्रिलियन डॉलर बनाने के लक्ष्य को पाने के लिए विविध फिनटेक प्रयोगशालाएं बनाने का भी लक्ष्य होना चाहिए।

शेयर बाजार में तेजी जारी, मजबूती के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

नई दिल्ली। पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारी का जोर भी बना लेकिन थोड़ी देर बाद ही बिकवाल हावी हो गए। इसके कारण कुछ देर के लिए शेयर बाजार गिर कर लाल निशान में भी पहुंचा। हालांकि अंत में खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बना कर शेयर बाजार को हरे निशान में पहुंचा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में ऑटोमोबाइल, एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से

ऑटोमोबाइल इंडेक्स आज रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच कर बंद हुआ। दूसरी ओर एफएमसीजी, आईटी और मेटल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 370.52 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 368.76 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.76 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,937 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,360 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,470 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 107 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,139 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,315 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 824 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए।

कुमाऊं विवि के नैनो साइंस सेंटर और कोरिया के संस्थान के बीच हुआ समझौता

नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय (कुविवि) के डीएसबी परिसर में रसायन विज्ञान विभाग के अंतर्गत संचालित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह नैनो साइंस एंड नैनो टेक्नोलॉजी सेंटर और कोरिया इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (केआईएसटी) दक्षिण कोरिया के बीच करार हुआ है। इस अनुबंध के तहत 'रिसाइक्लेबल एयर मोबिलिटी मैटेरियल्स एंड प्लेटफॉर्म' को लेकर समझौता किया गया है।

द्विपक्षीय समझौते में कुविवि के रजिस्ट्रार एवं आरडीसी एवं नैनो साइंस एंड नैनो टेक्नोलॉजी सेंटर के प्रभारी प्रो. एनजी साहू और कन्वर्जेंस रिसर्च सेंटर फॉर रिसाइक्लेबल एयर मोबिलिटी, मैटेरियल्स और केआईएसटी के प्लेटफॉर्म की ओर से महानिदेशक डॉ. योंग चाए जंग ने हस्ताक्षर किए हैं। प्रो. एनजी साहू ने बताया

कि इस समझौते का उद्देश्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों और प्लेटफार्म पर ध्यान देने के साथ ही नैनो साइंस और नैनो टेक्नोलॉजी में नवीन समाधान तलाशने के लिए दोनों संस्थानों के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान प्रयास किया जाना तथा केआईएसटी और कुमाऊं विवि के बीच विद्वानों, शोधकर्ताओं और छात्रों के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना, अंतर-सांस्कृतिक शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देना और विशेषज्ञता साझा करने को प्रोत्साहित करना हैं। इस समझौते पर केआईएसटी के डॉ. वाईसी जंग ने कहा कि कुमाऊं विवि के साथ सहयोग तथा अनुसंधान और अकादमिक साझेदारी के लिए नए रास्ते खुले हैं। कुविवि के कुलपति प्रो. डीएस रावत ने कहा कि यह करार अकादमिक प्रतिभा को बढ़ावा देने, सास्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच अनुसंधान गठबंधन स्थापित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। इस समझौते पर कुलसचिव दिनेश चंद्रा, उप कुलसिचव दुर्गेश डिमरी, आईक्यूएसी निदेशक प्रो. संतोष कुमार, विज्ञान संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडे, उप निदेशक डॉ. मोहन लाल, डॉ. महेश आर्य, डॉ. दीपक कुमार आर्य आदि ने इस समझौते पर खुशी व्यक्त की है।

देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में गिरावट से सोना-चांदी की चमक घटी

नई दिल्ली। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 और 22 कैरेट सोने की कीमत में 100 से 200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों 24 कैरेट सोना 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे गिर कर कारोबार कर रहा है। इसी तरह दूसरे सर्राफा बाजारों में भी 22 कैरेट सोना का भाव 58 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से नीचे चला गया है। चांदी में भी आज गिरावट का रुख बना हुआ है। दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी 600 रुपये टूट कर 76 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज भी 62,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 62,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 58,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 62,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 62,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 62,880 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 62,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 62,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 57,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

अफगानिस्तान में 24 घंटे में दूसरी बार कांपी धरती, 4.3 तीव्रता का भूकंप

काबुल। अफगानिस्तान में आज (शुक्रवार) फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। 24 घंटे में दूसरी बार भूकंप से अफगानी धरती हिली है।



रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 आंकी गई है। यह भूकंप जमीन से 17 किलोमीटर की गहराई पर आया। अफगानिस्तान में गुरुवार को भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इसका असर भारत और पाकिस्तान तक रहा। पाकिस्तान में लाहौर, इस्लामाबाद जैसे शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारत की बात करें तो दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में धरती में कंपन्न महसूस किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में जमीन से 220 किलोमीटर गहराई में था।

ओमान की खाड़ी में ईरानी नौसेना ने तेल टैंकर को किया जब्त

दुबई। ईरान की नौसेना ने ओमान की खाड़ी में एक तेल टैंकर जब्त कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टैंकर जब्त किये जाने से पश्चिम एशिया में जलमार्ग में तनाव और बढ़ने की आशंका है। इस टैंकर को कभी 'स्वेज राजन' के नाम से जाना जाता था और यह एक साल से विवाद में फंसा हुआ था। अमेरिकी सरकार ने इस टैंकर में मौजूद लगभग दस लाख बैरल ईरानी कच्चे तेल को जब्त कर लिया था। जानकारी के अनुसार ईरान की नौसेना ने एक तेल टैंकर को जब्त किया है। खबर के अनुसार इसे एक न्यायिक आदेश के तहत जब्त किया गया है। इसके अनुसार हथियारबंद लोगों के इसमें सवार होने के कुछ घंटे बाद दोपहर टैंकर को जब्त किया गया। निजी सुरक्षा कंपनी 'एंब्रे' ने कहा कि ''चार से पांच हथियारबंद व्यक्ति'' जहाज पर चढ़े। कंपनी ने कहा कि इसकी पहचान तेल टैंकर 'सेंट निकोलस' के रूप में हुई। इसने कहा कि लोगों ने टैंकर पर चढ़ते समय निगरानी कैमरों को ब्लॉक कर दिया था। 'सेंट निकोलस' को पहले स्वेज राजन नाम दिया गया था, जो यूनानी नौवहन कंपनी 'एम्पायर नेविगेशन' से जुड़ा था।

जेलेंस्की ने कहा- रूस के साथ जारी रहेगा यूक्रेन का युद्ध, दुश्मन को नहीं देंगे तैयारी करने की छूट

ताल्लिन। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ यूक्रेन का युद्ध जारी रहेगा, वे दुश्मन को तैयारी करने की छूट नहीं देंगे। एस्टोनिया की यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने संघर्ष विराम की संभावना से इनकार करते हुए कहा कि रूस संघर्ष विराम का इस्तेमाल यूक्रेन के सैनिकों के खिलाफ हथियारों को कमी को पूरा करने और सेना को फिर से संगठित करने में करेगा। जेलेंस्की ने कहा, 'यूक्रेनी युद्धक्षेत्र में हमलों पर विराम का मतलब युद्ध विराम नहीं होगा।' उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम रूस को फायदा पहुंचाएगा और बाद में हमारे लिए खतरनाक साबित हो सकता है। रूस द्वारा फरवरी 2022 में पूर्ण युद्ध शुरू किये जाने के बाद से सीमित युद्ध विराम के कई बार प्रस्ताव किये गये पर इन पर कभी अमल नहीं किया गया।

जेलेंस्की ने कहा कि रूस को उत्तर कोरिया से तोप के गोले व मिसाइलें, जबकि ईरान से ड्रोन मिल रहे हैं। चार जनवरी को व्हाइट हाउस ने अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के हवाले से कहा था कि रूस ने उत्तर कोरिया से बैलिस्टिक मिसाइलें हासिल की हैं और वह उन्हें ईरान के रास्ते मंगा रहा है। जेलेंस्की बाल्टिक देशों के दो दिवसीय दौरे के हिस्से के रूप में एस्टोनिया की राजधानी ताल्लिन पहुंचे थे, जो यूक्रेन के कट्टर समर्थकों में से एक है।

विदेश मंत्री का दावा- भारतीय परियोजनाओं की वजह से नेपाली युवाओं के पलायन में आई कमी

काठमांडू। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद ने दावा किया है कि भारत के सहयोग से चल रही परियोजनाओं के कारण विदेश पलायन होने वाले नेपाली युवाओं की संख्या में कमी आई है। उन्होंने कहा कि 6000 मेगावाट से अधिक की पंचेश्वर परियोजना और रक्सौल-काठमांडू रेलवे परियोजना की शुरुआत होते ही पलायन होने वालों की संख्या में भारी गिरावट आएगी।

बैतडी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री साउद ने कहा कि रोजगार के अवसर में कमी के कारण ही देश के युवा विदेश पलायन को मजबूर होते हैं। भारत के आर्थिक सहयोग से निर्माणाधीन अरूण थर्ड, अरूण सेकेंड, लोवर अरूण, वेस्ट सेती, अपर कर्णाली जैसी बड़ी जलविद्युत परियोजना से नेपाल के हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार का मौका मिला है।

विदेश मंत्री ने कहा कि देश में

ही बड़ी परियोजनाएं चलने से युवाओं को देश में ही रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, इसलिए उनके विदेश पलायन में कमी आई है। साउद ने कहा कि परिवार का पेट भरने के लिए युवा विदेश जाने को मजबूर होते हैं और सबसे अधिक कष्ट तब होता है जब उधर से बक्से में बन्द होकर उनका शव आता है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि युवाओं को देश में ही रोजगार का अवसर दिलाये।

विदेश मंत्री साउद ने दावा किया कि भारत के सहयोग से नेपाल में सबसे बड़ी जलविद्युत पंचेश्वर परियोजना शुरू होने वाली है। इसके शुरू होते ही नेपाल की आर्थिक व्यवस्था का कायाकल्प हो जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि साढ़े छह हजार मेगावाट की परियोजना में कम से कम 10 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन करने की क्षमता है। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि भारत के सहयोग से जल्द ही बिहार के रक्सौल से काठमांडू तक रेलवे प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास होने वाला है। उन्होंने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेंगे। उन्होंने विदेश पलायन के बारे में विचार कर रहे युवाओं से आग्रह किया कि वो देश में सृजित होने वाले रोजगार के अवसर को लेकर धैर्य रखें।

ब्रुनेई के प्रिंस अब्दुल मतीन अपनी मंगेतर से शादी के लिए तैयार, 10 दिनों तक चलेगा भव्य समारोह

वाशिंगटन। ब्रुनेई के पोलो खिलाड़ी और एशिया के सबसे योग्य कुंवारों में से एक प्रिंस अब्दुल मतीन ने अपनी मंगेतर से शादी करने के लिए तैयार हैं। तेल समृद्ध सल्तनत का यह भव्य शादी समारोह 10 दिनों तक चलेगा।

भव्य शादी में शामिल होंगे दुनियाभर के अमीर लोग

32 वर्षीय प्रिंस और उनकी 29 वर्षीय मंगेतर यांग मुलिया अनीशा रोसना की शादी राजधानी बंदर सेरी बेगवान में सोने की गुंबद वाले मस्जिद में होने वाली है। बता दें कि मतीन एक समय पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा समय तक राज करने वाले और सबसे अमीर व्यक्ति रहे सुल्तान बोलकिया के 10वें संतान हैं। वहीं मतीन की मंगेतर उनके पिता के प्रमुख सलाहकारों में से एक की पोती है। इस भव्य शादी समारोह में दुनियाभर के अमीर व्यक्तियों और नेताओं के शामिल होने की संभावना है।

प्रिंस हैरी से की जाती है तुलना

ब्रुनेईवासी रविवार को सड़कों पर शाही जोड़ा के गुजरने के दौरान सड़क के किनारों पर कतार में खड़े होने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, मतीन के कभी भी शासक बनने की संभावना नहीं है, लेकिन उनकी लुक और सोशल मीडिया पर उनकी फॉलोअर्स ने उन्हें शाही परिवार के हाई प्रोफाइल सदस्यों में से एक बना दिया है। प्रिंस मतीन की तुलना ब्रिटेन के प्रिंस हैरी से की जाती है। बता दें कि पिछले साल वह प्रिंस चार्ल्स और रानी कैमिला के राज्याभिषेक और 2022 में रानी एलिजाबेथ के अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे।

अमेरिका-ब्रिटेन का यमन में हूती विद्रोहियों पर बड़ा हवाई हमला, पश्चिम एशिया में बढ़ सकता है तनाव

वॉशिंगटन। अमेरिका और ब्रिटेन ने लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हूती विद्रोहियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दरअसल दोनों देशों की सेनाओं ने यमन में कई जगहों पर हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमला किया है। इन हवाई हमलों में हूती विद्रोहियों को बड़ा नुकसान हुआ है और उनके कई ठिकाने तबाह हो गए हैं। अमेरिका ब्रिटेन के हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ सकता है।

लाल सागर पर व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे थे हूती विद्रोही

व्हाइट हाउस ने बयान जारी ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों पर हमले की पुष्टि की है। गौरतलब है कि इस्राइल हमास युद्ध के बाद से हूती विद्रोहियों द्वारा फलस्तीनियों के समर्थन में लाल सागर इलाके में व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया जा रहा था। इससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट की सुरक्षा प्रभावित हो रही थी। अमेरिका की नौसेना ने कई बार हूती विद्रोहियों के हमलों के नाकाम भी किया था। अमेरिका ने चेतावनी भी दी थी कि अगर हमले नहीं रुके तो इसके बड़े दुष्परिणाम होंगे। अमेरिका ने

अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट की सुरक्षा के लिए निगरानी भी बढ़ा दी थी। भारत ने भी अपने पांच युद्धक जहाजों को अरब सागर और लाल सागर में तैनात किया है, ताकि हूती विद्रोहियों और समुद्री लुटेरों के हमलों को नाकाम किया जा सके।

अमेरिका ने बयान जारी कर दी जानकारी

व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर बताया कि 'व्यापारिक जहाजों पर लाल सागर में हमलों के बाद बीते महीने अमेरिका ने व्यापारिक जहाजों को हूती विद्रोहियों के हमलों से बचाने के लिए 20 से ज्यादा देशों के साथ मिलकर 'ऑपरेशन प्रोसपैरिटी गार्जियन' शुरू किया था। बीते हफ्ते 13 सहयोगी देशों के साथ हमने हूती विद्रोहियों को चेतावनी जारी की थी और कहा था कि अगर उन्होंने व्यापारिक जहाजों पर हमले बंद नहीं किए तो उसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। आज हूती विद्रोहियों के खिलाफ हवाई हमले साफ संदेश है कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश दुनिया के सबसे अहम शिपिंग कमर्शियल रूट पर नेविगेशन की आजादी से समझौता नहीं करेंगे।'

अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट पर बाधित हुई वैश्विक सप्लाई चेन

हूती विद्रोहियों को ईरान समर्थित माना जाता है। इस्राइल हमास युद्ध के बाद से हूती विद्रोही लाल सागर और अरब सागर के इलाके में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट से गुजरने वाले जहाजों पर ड्रोन और मिसाइल हमले कर रहे थे। इसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट बाधित हो रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हूती विद्रोहियों के हमले के चलते बीते कुछ महीनों में लाल सागर से करीब 200 अरब डॉलर का व्यापार डायवर्ट हुआ है। इससे दुनिया में महंगाई बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। हालांकि अमेरिका के हवाई हमले के बाद पहले ही इस्राइल हमास युद्ध के चलते तनाव से जूझ रहे पश्चिम एशिया में अब और तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है।

पाकिस्तान में एक और वरिष्ठ न्यायाधीश ने दिया इस्तीफा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में राजनीतिक संकट के बीच उच्चतम न्यायालय के एक और वरिष्ठ न्यायाधीश ने इस्तीफा देकर सभी को चौंका दिया है। ज्ञात रहे कि एक दिन पहले एक न्यायाधीश ने इस्तीफा दिया था। उच्चतम न्यायालय के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति एजाज-उल-अहसन अगले मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में थे। अहसन ने पनामा गेट मामले में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को दोषी ठहराया था। एक दिन पहले, शीर्ष अदालत के एक और न्यायाधीश मजहर अली अकबर नकवी ने भी इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने बृहस्पतिवार को न्यायमूर्ति नकवी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था, जो कदाचार के आरोपों के संबंध में सर्वोच्च न्यायिक परिषद (एसजेसी) की जांच का सामना कर रहे हैं। न्यायमूर्ति अहसन भी पांच सदस्यीय एसजेसी का हिस्सा थे, लेकिन उन्होंने 22 नवंबर, 2023 को न्यायमूर्ति नकवी को नया कारण बताओ नोटिस जारी करने वाले परिषद के अन्य सदस्यों से खुद को अलग कर लिया था। वह उस पांच सदस्यीय पीठ का भी हिस्सा थे जिसने 2017 में चर्चित पनामा पेपर मामले में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को अयोग्य ठहराया था। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की सूचना सचिव मरियम औरंगजेब ने न्यायमूर्ति अहसन और नकवी के इस्तीफे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, 'क्या उन्हें लगता है कि सर्वोच्च न्यायालय से इस्तीफा देने के बाद वे उस अन्याय से मुक्त हो जाएंगे, जो उन्होंने किया है' औरंगजेब ने आरोप लगाया कि दोनों न्यायाधीशों ने देश की जनता के साथ 'अन्याय' किया है। उन्होंने कहा कि यदि एक निर्वाचित प्रधानमंत्री जांच से गुजर सकता है, तो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश समेत किसी भी व्यक्ति के लिए जवाबदेही का सामना करना उचित है।

'लोगों की रक्षा के लिए संकोच नहीं करेंगे', लाल सागर में हमलों पर हूती विद्रोहियों को बाइडन की चेतावनी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यमन के हूतियों के खिलाफ अमेरिका और ब्रिटिश हवाई हमले को रक्षात्मक बताया है। इसी के साथ उन्होंने चेतावनी दी है कि ईरान समर्थित विद्रोही अगर लाल सागर में हमले करना जारी रखता है तो इसके खिलाफ उचित कदम उठाया जाएगा। हूतियों ने बताया कि वे गाजा में इस्राइल के हमले का जवाब दे रहे हैं और उन्होंने हमले के कारण यमन में हुए नुकसान का बदला लेने की कसम खाई है।

अमेरिका का हस्तक्षेप करना जरूरी

बाइडन ने बताया कि क्षेत्र में अमेरिका का हस्तक्षेप करना आवश्यक था, क्योंकि हूतियों का यह हमला लाल सागर में जहाजों के परिवहन की स्वतंत्रता के लिए खतरा बन रहा था। अपने एक बयान में बाइड ने कहा कि इस तरह के हमले अमेरिकी सुरक्षाबलों के लिए, नाविकों और हमारे व्यापार साझेदारों के लिए भी

खतरा था। उन्होंने बताया कि 27 बार हूतियों द्वारा जहाजों पर किए गए हमले जिसमें जहाज रोधी बैलिस्टिक मिसाइल हमला भी शामिल था, के बाद अमेरिका द्वारा हमला किया गया था। इस हमले का ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, जर्मनी, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड भी समर्थन कर रहा है। बाइडन ने हूतियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे लोगों और वाणिज्य के मुक्त प्रवाह की रक्षा करने के लिए संकोच नहीं करेंगे।

हूती मिसाइलों को निशाने पर लेते हुए किया गया था हमला: अमेरिका के अधिकारियों ने बताया कि नौ जनवरी को हूतियों द्वारा बड़े हमले के बाद बाइडन सरकार को कार्रवाई करने पर मजबूर होना पड़ा। अमेरिका और ब्रिटिश हवाई हमले ने करीब 20 मिसाइलों और ड्रोनों को मार गिराया। अधिकारियों ने कहा कि यदि यह रक्षात्मक मिशन नहीं होता तो शायद कई जहाजों पर हमला किया जाता। इस हमले में केवल हूतियों के मिसाइलों को निशाना बनाया गया था और इस हमले में क्षति का आकलन अभी भी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल आरोपी निखिल को फिर मिला झटका, अदालत ने सबूत देने से किया इनकार

काठमांडू। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोपी निखिल गुप्ता की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अमेरिका की एक अदालत ने बचाव सामग्री यानी सबूत देने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है। दरअसल, अमेरिकी सरकार ने चेक गणराज्य की जेल में बंद भारतीय नागरिक निखिल को बचाव सामग्री प्रदान करने को लेकर आपत्ति जताई थी। सरकार का कहना है कि वह न्यूयॉर्क की अदालत में पेशी और मामले में अभियोग के बाद ही जानकारी प्रदान करेगी।

निखिल गुप्ता पर संघीय अभियोजकों ने पिछले साल नवंबर में एक अभियोग में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका की जमीन पर मारने की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया है। खालिस्तानी पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। निखिल को 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य के प्राग में गिरफ्तार किया गया था और इस समय उन्हें वहीं रखा गया है। अमेरिकी सरकार उनके अमेरिका प्रत्यर्पण की मांग कर रही है।

आरोपी निखिल के वकील ने चार जनवरी को न्यूयॉर्क के सदर्न डिस्ट्रिक्ट के यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में एक प्रस्ताव दायर किया था, जिसमें अदालत से संघीय अभियोजकों को 'तत्काल आरोपों के बचाव के लिए प्रासंगिक बचाव सामग्री' प्रदान करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया। अमेरिकी जिला न्यायाधीश विक्टर मारेरो ने गुरुवार को बचाव सामग्री देने के अनुरोध को खारिज कर दिया। इससे पहले, अमेरिकी जिला न्यायाधीश विक्टर मारेरो ने आठ जनवरी को गुप्ता के वकील द्वारा दायर प्रस्ताव का जवाब देने के लिए सरकार को तीन दिन का समय दिया था। सरकार ने बुधवार को जिला अदालत में दायर अपने जवाब में कहा था कि सामग्री मांगने वाले गुप्ता के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए। सरकार की ओर से जवाब देते हुए अमेरिकी अटॉर्नी डेमियन विलियम्स ने कहा कि गुप्ता को इस समय ऐसा कोई कानूनी अधिकार या औचित्य नहीं है। मारेरो ने कहा कि अदालत सरकार के इस तर्क से सहमत है कि गुप्ता के पास इस समय सबूत मांगने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि गुप्ता को अभी तक इस मामले में आरोपित नहीं किया गया है। सरकार फिलहाल चेक गणराज्य से अमेरिका में गुप्ता के प्रत्यर्पण की मांग कर रही है। न्यूयॉर्क में गुप्ता के वकील जेफ चाबोवे ने अपने प्रस्ताव में कहा था कि अमेरिकी अभियोग के अलावा उन्हें किसी भी प्रकार का कोई सबूत या दस्तावेज नहीं दिया गया है। सबसे गंभीर बात यह है कि अभियोग के बाद भी प्रतिवादी से अमेरिकी अधिकारियों द्वारा पूछताछ जारी है, जहां उसके बेखबर वकील के पास उसे सुरक्षित करने की कोई क्षमता या अधिकार नहीं है। इसलिए अदालत से सरकार को यहां बचाव उपाय तलाशने के अनुरोध का अनुपालन करने का आदेश देने का अनुरोध किया जाता है।

भारत विरोध के पीछे चीन का हाथ, पूर्व राजनयिक का दावा- रूढ़िवादी इस्लामिक तत्वों को दे रहा बढ़ावा

लंदन। भारत और हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से अहम मालदीव के संबंध दशकों से करीबी रहे हैं। मालदीव अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी भारत पर निर्भर है, लेकिन नई सरकार बनने के बाद से दोनों देशों के रिश्तों में थोड़ी तनातनी देखने को मिल रही है। मालदीव में भारत के पूर्व उच्चायुक्त रहे ज्ञानेश्वर मनोहर मुले का कहना है कि मालदीव में रूढ़िवादी इस्लामिक तत्वों का धड़ा सरकार में आया है और इसी वजह से भारत और मालदीव के रिश्तों में कड़वाहट आ रही है।

मालदीव में भारत विरोध के पीछे चीन का हाथ

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पूर्व राजनयिक ने बताया कि 'मालदीव में लोकतंत्र अभी

अपनी किशोरावस्था में है। भारत और मालदीव के रिश्तों की अहमियत और कम आपसी समझ के चलते यह तनाव की स्थिति बनी है। जब भी ऐसा होता है तो इसका मतलब होता है कि कुछ लोग मालदीव के लोगों के दिमाग में जहर घोल रहे हैं। चीन की इसमें अहम भूमिका है। चीन द्वारा ही मालदीव में रूढ़िवादी इस्लामिक तत्वों को समर्थन दिया जा रहा है। मालदीव में मौजूदा सरकार भी इसी रूढ़िवादी धड़े की है।'

इस्लामिक विचारधारा की तरफ मौजूदा सरकार का झुकाव

मुले ने कई साल माले में बतौर भारतीय उच्चायुक्त अपनी सेवाएं दी हैं। ऐसे में वह मालदीव की अंदरुनी राजनीति की भी समझ रखते हैं। मुले का कहना है कि 'मौजूदा सरकार का झुकाव इस्लामिक विचारधारा की तरफ है और इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मोहम्मद मुइज्जू ने अपना पहला विदेश दौरा तुर्किए का किया और उनका दूसरा दौरा चीन का हुआ है। इससे साफ पता चलता है कि मालदीव की मौजूदा सरकार का झुकाव किस तरफ रहने वाला है।'

मोहम्मद मुइज्जू भी माने जाते हैं चीन समर्थक

उल्लेखनीय है कि मोहम्मद मुइज्जू, मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन के समर्थक हैं। अब्दुल्ला अपनी चीन समर्थक नीति और भारत विरोध के लिए जाने जाते हैं। साल 2013-2018 के बीच यामीन ने मालदीव में चीन के कर्ज के जाल की शुरुआत की थी। अब्दुल्ला यामीन ने ही मालदीव में साल 2015 में इंडिया आउट कैंपेन चलाया था। मुइज्जू ने भी राष्ट्रपति बनते ही मालदीव से भारत के सैनिकों को वापस भेजने का एलान कर दिया था। अब मुइज्जू के स्टैंड से भी साफ है कि वह भारत पर चीन को वरीयता देने वाले हैं।

पीएम मोदी पर आपत्तिजनक बयान से बढ़ा तनाव

गौरतलब है कि बीते दिनों जब पीएम मोदी लक्षद्वीप के दौरे पर गए थे तो उन्होंने देशवासियों से लक्षद्वीप घूमने की अपील की थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर लक्षद्वीप और मालदीव की तुलना शुरू हो गई थी। इस पर मालदीव सरकार के तीन मंत्रियों ने पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए पोस्ट किए थे। जिन पर हंगामा हो गया। भारत में सोशल मीडिया पर बायकॉट मालदीव ट्रेंड करने लगा। मालदीव में भी कई नेताओं ने मंत्रियों के आपत्तिजनक पोस्ट पर नाराजगी जताई और सरकार से कार्रवाई की मांग की। इससे मालदीव की सरकार दबाव में आ गई और मालदीव की सरकार ने पीएम मोदी पर टिप्पणी करने वाले तीनों मंत्रियों को पद से हटा दिया।

धरती के ग्लेशियरों पर नजर रखेगा भारत-अमेरिका का संयुक्त सैटेलाइट NISAR, जल्द हो सकती है लॉन्चिंग

वाशिंगटन। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा द्वारा मिलकर बनाई गई सैटेलाइट निसार लॉन्चिंग के लिए तैयार है और जल्द ही इसकी लॉन्चिंग की तारीख का एलान कर दिया जाएगा। इस सैटेलाइट की मदद से इसरो और नासा धरती पर पर्यावरण के लिए अहम वेटलैंड, ज्वालामुखी में आए बदलाव और जमीन और समुद्र की बर्फ में आए बदलावों का अध्ययन करेगी। निसार सैटेलाइट ग्लेशियरों से बर्फ पिघलने की भी निगरानी करेगी। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेट्री ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि इससे वैज्ञानिकों को पता चलेगा कि कैसे एक छोटी सी प्रक्रिया से अंटार्कटिका और ग्रीनलैंड के ग्लेशियरों में बड़े बदलाव आते हैं। साथ ही इस उपग्रह की मदद से कृषि मानचित्रण और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों की मैपिंग की जा सकेगी। नासा के बयान के अनुसार, *NISAR* की मदद से धरती पर बर्फ से जमे क्षेत्र में आए बदलाव का सबसे विस्तृत डाटा मिल सकेगा। जिसे क्रायोस्फीयर कहा जाता है। नासा में ग्लेशियरों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक एलेक्स गार्डनर ने बताया कि हमारी धरती पर मौजूद बर्फ तेजी से पिघल रही है और हमें इसके पिघलने की प्रक्रिया को समझने की जरूरत है, जिसमें NISAR सैटेलाइट मदद करेगी। निसार को इस साल लॉन्च किया जाना है और इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। यह सैटेलाइट पूरी पृथ्वी की जमीन और बर्फ के क्षेत्र का हर 12 दिन में दो बार सर्वेक्षण करेगी।

RCB को बड़ा झटका, BBL में खेल रहा मशहूर ऑलराउंडर हुआ चोटिल

लंदन। एक बार फिर से आईपीएल खिताब जीतने का सपना संजो कर बैठी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बड़ा झटका लगा है। बेंगलुरु ने बीते दिनों हुई आईपीएल ऑक्शन में इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी टॉम कुरेन पर दांव लगाया था। लेकिन बिग बैश लीग से बुरी खबर आई है कि टॉम घुटने की चोट का शिकार हो गए हैं। इस कारण वह बिग बैश लीग से भी बाहर हो गए हैं। उनकी वापसी कब होगी, इसके बारे में कहा नहीं जा सकता। टॉम को यह चोट 6 जनवरी को सिडनी सिक्सर्स और मेलबर्न क्रिकेट के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान लगी।टॉम कुरेन को आरसीबी ने 1.5 करोड़ रुपए में साइन किया था। आईपीएल सिर्फ 3 महीने दूर है और इसका असर आरसीबी पर पड़ सकता है। सिक्सर्स के लिए कुरेन का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। अंपायर को डराने-धमकाने के आरोप में उन पर 4 मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया था। तेज गेंदबाज ने अपने व्यवहार के लिए माफी मांगी। कुरेन ने 4 मैचों में 4 विकेट लिए। इस बीच, वह 2019/20 चैंपियनशिप-विजेता सीजन में अपने फ्रैंचाइजी के लिए अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्होंने 14 मैचों में 22 विकेट लिए। आईपीएल 2024 की नीलामी में आरसीबी ने अल्ज़ारी जोसेफ के लिए 11.50 करोड़ का भुगतान किया। यश दयाल को भी 5 करोड़ रुपए में खरीदा गया।

'मैंने यह कभी नहीं कहा', पाकिस्तान टीम की आलोचना वाले 'फर्जी बयान' पर भड़के गिलक्रिस्ट

सिडनी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'फर्जी और मनगढ़ंत बयान' प्रसारित होने के बाद गुस्से में थे। एक फेसबुक अकाउंट ने गिलक्रिस्ट के हवाले से बयान डाला जिसमें लिखा था, 'पाकिस्तान ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में सबसे खराब एशियाई टीम है, उन्होंने पिछले 35 वर्षों में यहां क्या जीता है?' पोस्ट वायरल होने के बाद गिलक्रिस्ट ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि ये बयान निराधार हैं। गिलक्रिस्ट ने एक्स पर लिखा, 'मैंने यह कभी नहीं कहा। बिल्कुल नकली, मनगढ़ंत बयान।' उन्होंने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर देने के लिए पाकिस्तान की सराहना भी की। शान मसूद के नेतृत्व में पाकिस्तान सीरीज 0-3 से हार गया। गिलक्रिस्ट ने कहा, 'इस गर्मी में विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ पाकिस्तान ने कई बार शानदार प्रदर्शन किया और लगभग एक या दो टेस्ट मैच जीत लिए।' पर्थ टेस्ट 360 रनों से हारने के बाद पाकिस्तान ने मेलबर्न और सिडनी दोनों में खुद को जीतने का अच्छा मौका दिया लेकिन दोनों बार अपनी हिम्मत बनाए रखने में असफल रहा। आमेर जमाल के छह विकेट लेने और 82 रन बनाने के बाद पाकिस्तान एससीजी में पहली पारी में बढ़त लेने में सफल रहा। हालांकि पाकिस्तान अपनी दूसरी पारी में लड़खड़ा गया और ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट से मैच जीत लिया। पाकिस्तान ऑस्ट्रेलियाई धरती पर लगातार 17वां टेस्ट मैच हारा। बहुउद्देशीय हाल में आयोजित प्रतियोगिता के लिए बुधवार को ईश्वरचन्द सिन्हा सभागार में कैरम के अंतरराष्ट्रीय रेफरी रमेश वर्मा ने ड्रा निकाला। काशी पत्रकार संघ व वाराणसी प्रेस क्लब के बैनर तले आनन्द चंदौला खेल महोत्सव के दूसरे चरण में होने वाली बैडमिंटन एवं कैरम प्रतियोगिता में संघ से जुड़े पत्रकार ही भाग लेंगे। आयोजन समिति के संयोजक कृष्ण बहादुर रावत के अनुसार 11 जनवरी को दिन में 11 बजे प्रतियोगिता का उद्घाटन होगा।

न्यूजीलैंड का ऑलराउंडर कोविड-19 पॉजिटिव, पाकिस्तान के खिलाफ पहले टी20 से बाहर

नई दिल्ली । न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी मिशेल सेंटनर को कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद शुक्रवार को ऑकलैंड के ईडन पार्क में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले पहले टी-20 मैच से बाहर कर दिया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस बात की जानकारी दी है। ऑलराउंडर वर्तमान में ऑकलैंड के एक होटल में अलगाव से गुजर रहा है और हैमिल्टन में घर तक अकेले यात्रा करेगा जहां रविवार को दूसरा टी20 मैच होने वाला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के एक बयान में कहा गया है,

'मिच सेंटनर आज शाम को कोविड पॉजिटिव परीक्षण के बाद पाकिस्तान के खिलाफ केएफसी टी20आई के पहले मैच के लिए ईडन पार्क की यात्रा नहीं करेंगे। आने वाले दिनों में उनकी निगरानी जारी रहेगी और हैमिल्टन के लिए अकेले घर की यात्रा करेंगे। सेंटनर की बाएं और गेंद दोनों में दक्षता उन्हें ब्लैककैप के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाती है और इसलिए मेजबान टीम को उनकी अनुपस्थिति से असर पड़ सकता है।

स्नूकर मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे रोनी ओ'सुलिवन

लंदन। दुनिया के नंबर 1 रोनी ओ'सुलिवन बैरी हॉकिन्स को 6-3 से हराकर स्नूकर मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

48 वर्षीय ओ'सुलिवन, हॉकिन्स से 3-2 से पीछे थे, लेकिन 2019 के बाद पहली बार प्रतिष्ठित निमंत्रण कार्यक्रम में अंतिम चार बर्थ हासिल करने के लिए उन्होंने लगातार चार फ्रेम लिए। ओ'सुलिवन अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बहुत दूर थे, लेकिन हॉकिन्स ने बहुत सारे मौके गँवा दिये।

वर्ल्ड स्नूकर टूर वेबसाइट ने ओ'सुलिवन के हवाले से कहा, अंत में मैंने बैरी से 'सॉरी' कहा क्योंकि यह बहुत बुरा था। अगर मैं बेहतर खेलता तो मुझे यकीन है कि वह भी अच्छा खेलता और यह एक अच्छा खेल होता। लेकिन अक्सर ऐसा लगता है कि जब मैं खराब खेलता हूं, तो दूसरा खिलाड़ी और भी खराब खेलता है। सात बार के चैंपियन ओ'सुलिवन का अगला मुकाबला शॉन मर्फी से होगा, जिन्होंने दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी ने जैक लिसोव्स्की को 6-3 से हराया।

भारतीय महिला हॉकी टीम एक बार फिर रांची में खेलने को लेकर उत्सुकः कप्तान सविता पुनिया

रांची। अपने कुछ अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में एक चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंट के लिए तैयार भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पुनिया को शहर के हॉकी प्रेमियों के मजबूत समर्थन और कड़ी मेहनत की उम्मीद है। उनकी टीम शनिवार से यहां शुरू होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेगी और पेरिस 2024 का टिकट हासिल करने का प्रयास करेगी। आठ-टीम एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर की शुरुआत से दो दिन पहले गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में सविता ने कहा कि टीम कुछ महीने पहले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान स्थानीय हॉकी प्रेमियों से मिले समर्थन से उत्साहित है और कहा कि टीम एक बार फिर रांची में खेलने को लेकर उत्सुक है। भारत ग्रुप बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ है। क्योंकि, मैदान में आठ

टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया गया है। पूल ए में वर्ल्ड नंबर-5 जर्मनी, 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जापान, चिली और चेक गणराज्य शामिल हैं। ये आठ टीमें इस साल के अंत में पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए रांची में उपलब्ध तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। सविता ने कहा कि हमने इस आयोजन के लिए बहुत अच्छी तैयारी की है और हमने इस आयोजन की तैयारी के लिए व्यक्तिगत रूप से और एक टीम के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कोचों ने हमें खेल के उन सभी पहलुओं पर काम करने में मदद की है जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। भारत इस प्रतियोगिता में दीप ग्रेस एक्का, सुशीला चानू, वंदना कटारिया और गुरजीत कौर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना उतर रहा है। भारतीय कप्तान ने कहा कि वे पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि टीम अपने प्रदर्शन और मैचों पर ध्यान दे रही है और विरोधियों के बारे में ज्यादा नहीं सोच रही है।

जादोन सांचो ऋण पर मैनचेस्टर यूनाइटेड से बोरुसिया डॉर्टमुंड में फिर से हुए शामिल

बर्लिन। आक्रामक विंगर जादोन सांचो सीजन के अंत तक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद बोरुसिया डॉर्टमुंड (बीवीबी) में फिर से शामिल हो गए हैं, जर्मन बुंडेसलिगा क्लब और मैनचेस्टर यूनाइटेड दोनों ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में इसकी पुष्टि की है। डॉर्टमुंड के खेल निदेशक सेबेस्टियन केहल ने कहा, जादोन एक ऐसा खिलाड़ी है जो अंतर पैदा कर सकता है। मैं उसे हमारे संगठन में देखने के लिए उत्सुक हूं। वह शहर, स्टेडियम, समर्थकों और क्लब को जानता है। भले ही उसने कुछ महीनों से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है, हमें यकीन है कि वह जल्द ही हमारे साथ वापस आ जाएगा और लय पकड़ लेगा। उसके गुण हमें अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद करेंगे।

23 वर्षीय सांचो बुंडेसलीगा से अच्छी तरह परिचित हैं, वह 2017 में मैनचेस्टर सिटी से एक युवा खिलाड़ी के रूप में बीवीबी में शामिल हुए थे। वह 2017

और 2021 के बीच डॉर्टमुंड के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक बन गए, उन्होंने 137 मैचों में 64 सहायता और 50 गोल किए। बुंडेसलीगा में उनके असाधारण प्रदर्शन के कारण उन्हें इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया, जहां उन्होंने अब तक 23 मैच खेले हैं। क्लब में शामिल होने पर सांचो ने कहा,जब मैं ड्रेसिंग रूम में आया, तो ऐसा लगा जैसे मैं घर आ गया हूं। मैं क्लब को अंदर और बाहर से जानता हूं, मैं हमेशा यहां समर्थकों के साथ बहुत करीब रहा हूं, और मैंने कभी भी प्रभारी लोगों के साथ संपर्क नहीं खोया है। मैं अपने साथियों को फिर से देखने का और इंतजार नहीं कर सकता।'

मैनचेस्टर में, सांचो को अपने प्रभावशाली प्रदर्शन को दोहराने के लिए संघर्ष करना पड़ा, और यूनाइटेड के मैनेजर एरिक टेन हाग के साथ विवाद ने उनके खेलने के समय पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। फिर भी, सांचो डॉर्टमुंड के साथ सीज़न का दूसरा भाग पूरा करने के बाद इंग्लैंड लौट आएंगे, क्योंकि दोनों क्लब ऋण सौदे के लिए स्थायी विकल्प पर सहमत होने में असमर्थ थे।

बोरुसिया डॉर्टमुंड वर्तमान में बुंडेसलिगा स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर है, जो कि अग्रणी बायर लीवरकुसेन से 15 अंक पीछे है। क्लब शनिवार को डार्मस्टेड के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने बुंडेस्लीगा अभियान को फिर से शुरू करेगा।

ओलंपिक क्वालीफायरः कोच शोपमैन ने खिलाड़ियों को अतीत भूलकर भविष्य के बारे में सोचने की सलाह दी

रांची। भारतीय महिला हॉकी टीम यहां शुरू होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए तैयार है। टूर्नामेंट से पहले मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने खिलाड़ियों और हॉकी प्रशंसकों को अतीत को भूलकर भविष्य के बारे में सोचने की सलाह दी है। संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ भारत के शुरुआती मैच से दो दिन पहले एक संवाददाता सम्मेलन में शोपमैन ने कहा कि टीम हांग्जो एशियाई खेलों में सीधे स्थान हासिल करने से चूक गई, यह एक सच्चाई है और इस पर खेद व्यक्त करने का कोई मतलब नहीं है। भारत ग्रुप बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ है क्योंकि मैदान में आठ टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया गया है। पूल ए में वर्ल्ड नंबर 5 जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य शामिल हैं। ये आठ टीमें इस साल के अंत में पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए रांची में उपलब्ध तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। शोपमैन ने कहा कि अब हांग्जो के बारे में ज्यादा चर्चा करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को ओलंपिक क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करना होगा जहां उन्हें कोटा स्थान हासिल करने के लिए अपना सब कुछ देना होगा। नीदरलैंड की 46 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी शोपमैन, जिन्होंने अपने मूल देश में ओलंपिक रजत (2004) और स्वर्ण (2008) जीता, टीमों के प्रबंधन में काफी अनुभवी हैं, जिन्होंने पहले अपने देश और संयुक्त राज्य अमेरिका में क्लब टीमों (2014-2017 तक अंडर-21) को प्रशिक्षित किया है। उनका फोकस अब अतीत को भूलकर वर्तमान पर है। उन्होंने कहा, अतीत में जीने से काम नहीं चलता, वे जानते हैं कि हमारे पास एशियाई खेलों में मौका था और हम क्वालीफाई नहीं कर पाए। हमारे लिए उस पर वापस जाना काम नहीं करता है, हम जानते हैं कि हमने एक मौका गंवा दिया है लेकिन उसी क्षण से हमारा ध्यान इस आयोजन पर था।

'वह कुछ भी हासिल कर सकते हैं', सचिन के 100 शतकों के रिकॉर्ड को लेकर विराट पर बोले लॉयड

कोलकाता। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान क्लाइव लॉयड ने शुक्रवार को कहा कि भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली जो चाहें हासिल कर सकते हैं जिसमें सचिन तेंदुलकर के 100 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ना भी शामिल है। लॉयड एक कार्यक्रम के सिलसिले में कोलकाता में थे। विराट के 100 अंतरराष्ट्रीय शतकों के लक्ष्य (वर्तमान में 80 शतक) पर लॉयड ने मीडिया से कहा, 'मुझे उस अवधि के बारे में नहीं पता, लेकिन वह काफी युवा है और मुझे यकीन है कि वह जिस तरह से खेल रहे हैं वह जो कुछ भी हासिल करना चाहते हैं वह हासिल कर सकते हैं। और इसे हासिल करना काफी खुशी की बात होगी।' लॉयड ने टेस्ट क्रिकेट प्रारूप के स्वास्थ्य के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि वह लंबे प्रारूप के अधिक मैच होने और दो के बजाय तीन/पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा,'फिलहाल शायद उनके पास बहुत अधिक टी20 और अन्य चीजें हैं। मैं थोड़ा और टेस्ट क्रिकेट देखना चाहूंगा। और यदि आप टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं तो मैं तीन टेस्ट या पांच मैच पसंद करूंगा। मुझे नहीं लगता कि पश्चिम इंडीज को दो टेस्ट मैचों के लिए 12,000 मील की दूरी पर ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करनी चाहिए।

बायर्न म्यूनिख ने इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एरिक डिएर के साथ किया करार

बर्लिन। बायर्न म्यूनिख ने इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एरिक डिएर के साथ करार किया है। क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी घोषणा की गई। 29 वर्षीय सेंटर-बैक डिएर का क्लब के साथ जून 2024 तक करार है, जिसमें सौदे को एक अतिरिक्त वर्ष के लिए बढ़ाने का विकल्प शामिल है। बायर्न के खेल निदेशक क्रिस्टोफ फ्रायंड ने एक बयान में कहा,हमें खुशी है कि हम एरिक डिएर के साथ करार करने में सक्षम हुए। उन्होंने लंबे समय तक इस स्थानांतरण अवधि के लिए हमारे विचारों में भूमिका निभाई है। एरिक हमारी रक्षा पंक्ति के एक मूल्यवान हिस्सा होंगे। उनके एथलेटिक कौशल और अंतरराष्ट्रीय अनुभव से टीम को मदद मिलेगी। डिएर सेंट्रल और राइट-बैक दोनों स्थितियों के साथ-साथ रक्षात्मक मिडफ़ील्ड में भी

खेलने में सक्षम है। डिएर 2014 में स्पर्स में शामिल हुए और 365 मैचों में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने 13 गोल किये। एफसी बायर्न में, डिएर साथी अंग्रेज़ खिलाड़ी हैरी केन के साथ फिर से जुड़ेंगे। डिएर ने कहा, यह स्थानांतरण मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है क्योंकि एक बच्चे के रूप में भी आप एक दिन एफसी बायर्न जैसे क्लबों के लिए खेलना चाहेंगे। एफसी बायर्न दुनिया के सबसे बड़े क्लबों में से एक है और इसका एक अविश्वसनीय इतिहास है। मैं वास्तव में एलियांज एरेना में अपने नए सहयोगियों और समर्थकों का इंतजार कर रहा हूं, जो मेरी राय में दुनिया के सबसे खूबसूरत स्टेडियमों में से एक है। 2015 से, डिएर इंग्लैंड टीम के सदस्य रहे है और 49 मैचों में तीन गोल किए हैं। दूसरे स्थान पर मौजूद बायर्न म्यूनिख हॉफेनहेम के खिलाफ बुंडेसलीगा सीज़न के दूसरे भाग की शुरुआत करने के लिए तैयार है।

आईसीसी के सीईओ ने श्रीलंका के खेल मंत्री, राष्ट्रपति से की मुलाकात

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सीईओ ज्योफ एलार्डिस ने श्रीलंका के नए खेल मंत्री के साथ-साथ देश के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से देश में क्रिकेट प्रशासन से संबंधित राजनीतिक स्थिति की बेहतर समझ हासिल करने के लिए की गई एक संक्षिप्त यात्रा के दौरान मुलाकात की है।

नवंबर में, आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) की सदस्यता को निलंबित कर दिया था, और इसके बाद देश से पुरुष अंडर-19 विश्व कप की मेजबानी का अधिकार भी छीन लिया था। एलार्डिस के साथ अपनी बैठक के बाद, खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया कि इस जोड़ी ने एसएलसी के लिए आगे बढ़ने के रास्ते पर चर्चा की। उस बैठक के बाद, एलार्डिस ने राष्ट्रपति विक्रमसिंघे से भी मुलाकात की, जिनके साथ समझा जाता है कि उन्होंने एसएलसी के संविधान में संभावित बदलावों पर चर्चा की। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, एलार्डिस अब अपने निष्कर्षों की रिपोर्ट आईसीसी के बोर्ड को देंगे, जिसकी बैठक मार्च के अंत में होने वाली है और उनके एजेंडे में एसएलसी की सदस्यता का मामला होने की संभावना है।

आईसीसी द्वारा एसएलसी का निलंबन आधिकारिक तौर पर कथित सरकारी हस्तक्षेप पर

आधारित था। 6 नवंबर को, पिछले खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने पूरे एसएलसी बोर्ड को बर्खास्त करने की मांग की थी, लेकिन श्रीलंकाई न्यायपालिका ने अनिवार्य रूप से अगले दिन उस फैसले को उलट दिया, और मंत्री के राजपत्र पर स्थगन आदेश जारी किया। हालांकि, कुछ दिनों के बाद, आईसीसी ने एसएलसी के अपने अधिकारियों के आदेश पर एसएलसी को निलंबित कर दिया, जिनका उस समय तत्कालीन खेल मंत्री रणसिंघे के साथ गंभीर मतभेद था। इसके बाद उस मंत्री को अब बर्खास्त कर दिया गया है, और एसएलसी के लिए एक योग्य मंत्री अब आ गया है, बोर्ड के सदस्यों को आंतरिक रूप से विश्वास हो गया है कि एसएलसी को अगली बोर्ड बैठक में पूर्ण सदस्य के रूप में बहाल किया जाएगा। क्रिकेट के साथ श्रीलंका की राजनीति के अंतर्संबंध की प्रकृति को समझने के लिए आईसीसी कार्यकारी द्वारा श्रीलंका की यह दूसरी यात्रा है। 2023 के मध्य में, आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा संभावित सरकारी हस्तक्षेप की जांच के लिए श्रीलंका आए। समझा जाता है कि उस मौके पर ख्वाजा को बोर्ड को निलंबित करने के लिए तत्काल सबूत नहीं मिले।

आईएलटी20 : एमआई एमिरेट्स के गेंदबाजी कोच नियुक्त हुए मिचेल मैक्लेनाघन

नई दिल्ली। चार बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने तेज गेंदबाज मिशेल मैक्लेनाघन को अपने आईएलटी20 सहयोगी एमआई अमीरात का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। मैक्लेनाघन मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में खेल चुके हैं। कोच के रूप में यह मैक्लेनाघन की पहली प्रमुख भूमिका होगी, उन्होंने आखिरी बार 2021 में पेशेवर रूप से खेला था। उन्होंने 48 एकदिवसीय और 29 टी20ई में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रमशः 82 और 30 विकेट लिए हैं। मैक्लेनाघन रॉबिन सिंह के अधीन काम करेंगे, जिन्हें आईएलटी20 का पहला सीज़न एमआई एमिरेट्स के महाप्रबंधक के रूप में बिताने के बाद मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। सिंह, जिन्होंने पिछले साल यूएई पुरुष टीम के कोच का पद छोड़ दिया था, शेन

बॉन्ड की जगह लेंगे, जिन्होंने मुंबई का वैश्विक नेटवर्क छोड़ दिया है और एसए20 में पार्ल रॉयल्स की कमान संभाली है। अजय जडेजा, जिन्होंने 2023 विश्व कप अफगानिस्तान के मेंटर के रूप में बिताया, वह भी बल्लेबाजी कोच के रूप में एमआई अमीरात के बैकरूम स्टाफ में शामिल हो गए हैं। विनय कुमार (सहायक कोच) और जेम्स फ्रैंकलिन (क्षेत्ररक्षण कोच) आईएलटी20 के उद्घाटन सत्र से अपनी भूमिका में बने रहेंगे।

एमआई अमीरात ने हाल ही में घोषणा की कि निकोलस पूरन इस सीज़न में उनके कप्तान होंगे, जो एसए20 में डरबन के सुपर जाइंट्स के साथ एक छोटे कार्यकाल के बाद जुड़ेंगे। कई अन्य फ्रैंचाइजी ने 19 जनवरी से शुरू होने वाले 2024 सीज़न से पहले अपने कोच बदल दिए हैं। जोहान बोथा ने शारजाह वॉरियर्स में पॉल फारब्रेस की जगह ली है, जबकि हमवतन जेपी डुमिनी उनके सहायक हैं। इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम कोहलर-कैडमोर को मोईन अली की जगह कप्तान बनाया गया है। इसके अलावा, हेमांग बदानी ने दुबई कैपिटल्स के कोच के रूप में फिल सिमंस की जगह ली है। बदानी, जिन्होंने हाल ही में आईपीएल और एसए20 दोनों में सनराइजर्स फ्रैंचाइजी के साथ काम किया है, ने हाल ही में लीजेंड्स लीग में इंडिया कैपिटल्स को कोचिंग दी है, जो दुबई कैपिटल्स की तरह जीएमआर ग्रुप के स्वामित्व में हैं।

भारत ने अफगानिस्तान को छह विकेट से हराया, शिवम दुबे बने हीरो

मोहाली। भारतीय टीम ने मोहाली में खेले गए पहले टी20 मुकाबले में अफगानिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन टी20 मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत की इस जीत के हीरो शिवम दुबे रहे जिन्होंने नाबाद 60 रन की पारी खेली और एक विकेट भी प्राप्त किया। अफगानिस्तान की ओर से मिले 159 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत खराब रही। पारी की दूसरी गेंद पर ही कप्तान रोहित शर्मा शून्य पर रन आउट हो गए। हालांकि शुभमन गिल (23 रन) ने तेज रन बनाकर दबाव नहीं आने दिया लेकिन वो ज्यादा देर क्रिज पर नहीं टिके। इसके बाद तिलक वर्मा भी 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

वहीं दूसरे छोर पर शिवम दुबे टिके रहे और लगातार रन बनाते रहे। उन्होंने नाबाद 60 रन की पारी खेली, जिन्हें जितेश शर्मा (31 रन) का शानदार साथ मिला। आखिर में रिंकू सिंह ने नाबाद 16 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने में शिवम की मदद की। इस तरह भारत ने 17.3 ओवरों में 4 विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली। इससे पहले, भारत से अफगानिस्तान को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। तब सलामी बल्लेबाज विकेटकीपर रहमानुल्ला गुरबाज (23) और इब्राहिम जादरान (23) ने अच्छी शुरुआत दी। इसके बाद अजमतुल्लाह ने भी 29 रन का योगदान दिया। हालांकि रहमत शाह ज्यादा योगदान नहीं दे सके और सिर्फ तीन रन बनाकर आउट हो गए। तब क्रीज पर आए मोहम्मद नबी ने अच्छे हाथ दिखाए और तेजतर्रार 42 रन बनाए। नबी ने नजीबुल्लाह (नाबाद 19 रन) के साथ मिलकर अफगानिस्तान का स्कोर 158 रन तक पहुंच सका। भारत की ओर से अक्षर पटेल और मुकेश कुमार ने दो-दो विकेट लिए, जबकि शिवम दुबे ने एक विकेट झटका।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 13 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

'अयोध्या का भव्य दीपोत्सव आज राष्ट्रीय उत्सव बन गया'

'भारत की जो सीमा राम और कृष्ण ने तय की थी वही आज भी है, रैन बसेरा और डॉरमेट्री निषादराज के नाम पर तो भोजनालय माता शबरी के नाम पर होंगे'

आस्था

- दुनिया को विश्व मानवता की आस्था के सम्मान का मार्ग भारत ने दिखाया: सीएम योगी

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम और लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण ने भारत की जो सीमा तय की थी वही आज भी है। प्रभु श्री राम ने उत्तर से दक्षिण तो श्रीकृष्ण ने उत्तर से पश्चिम को जोड़ा था। हजारों वर्ष पहले भारत में राजनीतिक इकाइयां भले ही अलग-अलग थीं, लेकिन सांस्कृतिक एकता एक थी। उन्होंने कहा कि दुनिया को विश्व मानवता की आस्था के सम्मान का मार्ग भी भारत ने ही दिखाया। यह हर कालखंड में हुआ है और यही स्थिति अयोध्या के अंदर आज हम सभी को देखने को मिल रही है।

सबकी आस्था का सम्मान करता है भारत: सीएम योगी फार्च्यून होटल में 'श्रीरामोत्सव-सबके राम' विषय पर एक मीडिया हाउस द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केरल से निकला एक संन्यासी भारत के चार कोनों में चार पीठों की स्थापना कर देता है। किसी भी राजा रजवाड़े ने उनको रोका नहीं, बल्कि उनका सम्मान किया। कपिलवस्तु का एक राजकुमार सन्यासी बनाकर ज्ञान का उपदेश देता है, उनके लिए सभी राज्यों के राजा-राजवाड़े अपने पलक पावड़े बिछा देते हैं। यह भारत है, जो आस्था का सम्मान करता है।

अयोध्या में श्रद्धालुओं को होगा सुखद अहसास: 2017 में प्रारंभ हुआ अयोध्या का भव्य दीपोत्सव आज राष्ट्रीय उत्सव बन चुका है। पिछले वर्ष दीपोत्सव के कार्यक्रम में 54 देशों के राजदूत भागीदार बने थे। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या में 24 घंटे बिजली मिलती है। राम की पैड़ी में लाखों श्रद्धालु एक साथ स्नान कर सकते हैं। राम भजन संध्या स्थल बन चुके हैं। प्रभु श्री राम के नाम पर सबसे ज्यादा भजन गाने वाली सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के नाम पर भव्य स्मारक बन चुका है। अयोध्या में सड़क, रेल और वायु कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। साथ ही हम जलमार्ग से भी अयोध्या को जोड़ रहे हैं। आज अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

श्रद्धालुओं को आपात स्थिति में मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवा

टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या

श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने भी कमर कस ली है। आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों के बारे मे अयोध्या सीएमओ डॉ.संजय जैन ने बताया कि विभाग द्वारा आयोजन क्षेत्र के सोलह स्थानों पर श्रीराममंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ मिलकर फर्स्ट एड यूनिट बना रहा है, इस यूनिट में एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट व एक वॉर्ड बॉय की मौजूदगी रहेगी। यह फर्स्ट एड यूनिट भीड़ की जगह वाले स्थानों जैसे हनुमान गुफा, साकेत पेट्रोल पंप, कनक भवन, हनुमानगढ़ी आदि स्थानों पर बनाये जाएंगे। इस यूनिट में आवश्यक जरूरी दवाएं नैबुलाइजर, ऑक्सीजन की व्यवस्था रहेगी, इसमें ब्लड शुगर की जांच भी रहेगी। इनके अलावा दो अस्पताल भी बनाये जाएंगे, जिसकी क्षमता 10 व 20 बेड की होगी। इसमें डॉक्टर्स की मौजूदगी रहेगी।

'बिहार के विकास के लिए नीतीश का एनडीए में रहना जरूरी'

साथ मंजूर

- अगर नीतीश जी एनडीए में आते हैं तो उनका खुले दिल से स्वागत है: नवादा सांसद चंदन कुमार

टीम एक्शन इंडिया/पटना

नवादा के सांसद तथा लोजपा के वरिष्ठ नेता चंदन कुमार ने कहा है बिहार के विकास के लिए नीतीश कुमार का एनडीए में रहना जरूरी है। अयोध्या में रामलाल के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विपक्ष के नेताओं पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम इन लोगों को सद्बुद्धि दे। दिशा की बैठक के बाद मंथन सभागार में पत्रकारों से बातचीत में लोजपा नेता ने कहा कि बिहार के विकास के लिए एनडीए जरूरी है और इसके लिए नीतीश कुमार का एनडीए में रहना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर नीतीश जी एनडीए में आते हैं तो उनका खुले दिल से स्वागत है।

'मोदी फिर प्रधानमंत्री बनेंगे'

चंदन कुमार ने कहा इसकी गारंटी है कि केंद्र में फिर से अपार बहुमत से मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे।

रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विपक्ष के विवाद पर कहा, "अयोध्या में श्रीराम की वानर सेना का पहुंचना शुरू हो गया है और 22 जनवरी को स्वयं श्रीराम आएंगे।" दोनों लोजपा के एकीकरण के सवाल पर चंदन कुमार ने बताया हमारा लोजपा एनडीए में है और चिराग क्या करेंगे वो जानें।

प्राण प्रतिष्ठा: सेवानिवृत्त सेनाध्यक्षों, कारसेवकों के परिवार को निमंत्रण

8,000 मेहमान

- 50 से अधिक परंपराओं के साधु संत, कथाकार, मठ-मंदिरों के ट्रस्टी, पुजारी आदि शामिल हैं

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इसके साक्षी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत करीब 8,000 मेहमान होंगे। इन मेहमानों की विभिन्न श्रेणियां हैं। जानकारी के मुताबिक, इनमें हुतात्मा कारसेवकों के परिवार के सदस्य, आंदोलन के पुरोधाओं के परिवार के सदस्य, न्यायिक प्रक्रिया में प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों का समूह, 150 से अधिक परंपराओं के साधु संत, कथाकार, मठ-मंदिरों के ट्रस्टी, पुजारी आदि शामिल हैं। इनके अलावा नेपाल से संत समाज के प्रमुख लोग आमंत्रित किए गए हैं। जैन, बौद्ध, सिख समाज के बंधु (भारतीय मत पंथों के प्रतिनिधि) आमंत्रित हैं। प्रमुख दानकर्ता, जनजाति समाज के प्रमुख लोग, घुमंतू जाति तथा अन्य जनजाति के लोग, अनुसूचित समाज के प्रमुख लोग (उदाहरण के लिए अंबेडकर जी, जगजीवन राम जी, कांशीराम जी के परिवार के सदस्य), प्रसिद्ध समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों के प्रमुख व्यक्ति आमंत्रित किए गए हैं। स्वयंसेवी संगठन, नोबल पुरस्कार, भारत रत्न, परमवीर चक्र, पद्म सम्मान इत्यादि से सम्मानित भाई-बहनों को भी आमंत्रित किया गया है। सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय (तीन), तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त सेनाध्यक्ष, पूर्व राजदूत, विभिन्न प्रमुख पदों पर रहे प्रशासनिक, पुलिस सेवा के अधिकारी भी आमंत्रित हैं। इनके अलावा प्रमुख शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी, कवि, कलाकार, साहित्यकार, किसान, मजदूर, खिलाड़ी, प्रमुख राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, अयोध्या जनपद से सभी दलों के स्थानीय जन प्रतिनिधि, उद्योजक, उद्योगपति एवं उद्यमी, इसके अतिरिक्त पचास देशों से भारतीय समाज के 55 लोग आमंत्रित किए गए हैं।

भगवंत मान मुख्यमंत्री नहीं दुखमंत्री: सुखबीर बादल

साधा निशाना

- मुख्यमंत्री भगवंत मान किसी काम के नहीं है। ऐसे लोगों से पंजाब को बचा लीजिए। पंजाब के बुरे हाल है: बादल

टीम एक्शन इंडिया/श्री मुक्तसर साहिब

मुक्तसर में अकाली दल के स्त्री विंग की रैली को संबोधित करते हुए शिअद अध्यक्ष सुखबीर बादल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनाकर पंजाब के लोगों ने बहुत बड़ी गलती की है। भगवंत मान के रूप में पंजाब के लोगों को मुख्यमंत्री नहीं दुखमंत्री मिला है। भगवंत मान ने कहा था कि सरकार बनने पर पंजाब से नशा पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा।

पंजाब में पहले से भी ज्यादा बढ़ा नशा: अब आम आदमी पार्टी के विधायकों और मंत्रियों की शह पर पंजाब में नशा पहले से भी ज्यादा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के मंत्री और विधायकों ने नशा तस्करों से महीने बांध रखे हैं और पुलिस अधिकारियों को कह रखा है कि वह नशा तस्करों को कुछ ना कहें।

नशे के कारण नौजवान पीढ़ी हो रही बर्बाद: पंजाब में नशे के कारण नौजवान पीढ़ी बर्बाद हो रही है। सुखबीर बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान किसी काम के नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से पंजाब को बचा लीजिए। पंजाब के बुरे हाल है।

ग्रेनो प्राधिकरण ने 30 कार्यों के लिए 43 करोड़ के जारी किए टेंडर

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टरों व गांवों में मरम्मत व रखरखाव के कार्यों को और तेज कर दिया है। प्राधिकरण ने 30 कार्यों के लिए लगभग 43 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया को पूरा काम कराने की तैयारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों व गांवों में विकास व रखरखाव के कार्यों को तेज करने के निर्देष दिए हैं। सीईओ के निदेशों पर अमल करते हुए परियोजना विभाग 30 कार्यों के लिए 43 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं।

'देश की अर्थव्यवस्था में सीए की अहम भूमिका'

योगदान

- सीए अपने वित्तीय ज्ञान, कौशल का उपयोग कर देश के आर्थिक विकास और स्थिरता में महत्ती भूमिका निभा रहे

टीम एक्शन इंडिया/जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत आज विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसमें देश के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का महत्वपूर्ण योगदान है। देश की अर्थव्यवस्था को गति और दिशा देने में सीए का महत्व सर्वविदित है। जिस तरह चिकित्सक नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, वैसे ही सीए भी देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं।

मुख्यमंत्री जयपुर में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस वेदा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने देश-दुनिया से आए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को नववर्ष, युवा दिवस, लोहड़ी एवं मकर सक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीए अपने वित्तीय ज्ञान और कौशल का उपयोग कर देश के आर्थिक विकास और स्थिरता में महत्ती भूमिका निभा रहे हैं। इस कॉन्फ्रेंस में होने वाला विमर्श राज्य व देशहित में सकारात्मक भूमिका निभाएगा। टेक्नोलॉजी एवं लेखांकन में नए बदलावों से पैदा होने वाली चुनौतियों का सामना करने और आपसी ज्ञान को साझा करनेके लिए ऐसे सम्मेलन बहुत उपयोगी हैं।

उन्होंने कॉन्फ्रेंस प्रतिभागियों से प्रदेश हित में वित्तीय प्रबंधन के रोडमेप से संबंधित सुझाव देने का आव्हान किया।

बजट 2024 से कॉर्पोरेट आयकर दरों में कमी की उम्मीद

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

भारत में, वर्तमान में, बड़े कॉर्पोरेशंस के लिए कर की दर 25% है, जबकि प्रोपराइटरशिप फर्म के लिए यह दर 33% और पार्टनरशिप फर्मों के लिए 42% है। हम उम्मीद करते हैं कि बजट इस गैप को दूर करेगा और उन्हें 25% की कम कॉर्पोरेट आयकर दर की पेशकश करके एक समान अवसर प्रदान करेगा। भारत में 1 करोड़ से अधिक सक्रिय जीएसटी फर्म हैं, हालांकि देश में लिमिटेड और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों की संख्या सिर्फ 10 लाख के आसपास है। ऐसे में 90 फीसदी उद्यमों पर ज्यादा टैक्स चुकाने का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। स्वास्थ्य सेवा और कल्याण उद्योग में, हम जीएसटी नियमों को बहुत जटिल पाते हैं क्योंकि विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण उत्पादों के लिए कर स्लैब 18% से 28% हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर कर का बोझ बढ़ जाता है। एक अन्य क्षेत्र जिसे बजट २०२४ में सही किया जा सकता है, वह बिल और फाइलिंग में सीजीएसटी और एसजीएसटी के पृथक्करण को समाप्त करना है।

बाल सुधार गृह से दो नाबालिग फरार, चोरी की बाइक पर घूम रहे थे

चंडीगढ़। बाइक चोरी के आरोप में बाल सुधार गृह भेजे गए दो नाबालिग शुक्रवार को वहां से फरार हो गए। दोनों को गुरुवार को ही धनास से काबू किया गया था। दोनों ही धनास के रहने वाले हैं और उनकी उम्र 17 साल है। सेक्टर-11 पुलिस थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है, वहीं पुलिस इनकी तलाश में जुट गई है। सारंगपुर थाने के एएसआई पवन कुमार ने बताया कि वीरवार को पुलिस की एक टीम धनास के सामुदायिक भवन के पास गश्त पर थी।

धामी सरकार ने नहीं घोषित किए गन्ने के दाम, चीनी मिल-किसान दोनों ही परेशान

टीम एक्शन इंडिया/रुड़की

उत्तराखंड में किसान सरकार की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। ये टकटकी गन्ने के दामों को लेकर है। गन्ने के दाम घोषित नहीं होने से चीनी मिल एवं किसान दोनों ही परेशान है। चीनी मिलों का संचालन करना मुश्किल हो गया है। जिले के 100 से अधिक तौल केंद्रों पर 10 दिन से किसान गन्ना लेकर नहीं पहुंचे है। तोल लिपिक हर दिन खाली हाथ लौट रहे हैं। वहीं किसान संगठन भी सरकार पर निशाना साध रहे हैं।

चीनी मिलों को कम मिल रहा गन्ना: इस बार चीनी मिलों को शुरू से ही कम मात्रा में गन्ना मिल रहा है। ि

रामोत्सव अयोध्या धाम में रैन बसेरों की संख्या बढ़ाने और जगह-जगह अलाव जलाने के दिये

राम भक्तों के सत्कार को तैयार योगी सरकार

टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या

योगी राज में लौटे अयोध्या धाम के पौराणिक वैभव को अपनी आंखों से देखने और उसे अपने मन मस्तिष्क में उतारने के लिए देश ही नहीं विदेश के श्रद्धालु आतुर हैं। वह अपने पूर्वजों से जिस राम राज्य की गाथाओं को सुनते थे, उसके योगी सरकार में वास्तविक स्वरूप को देखने के लिए 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में योगी सरकार भी उनके स्वागत के लिए पुख्ता इंतजाम कर रही है। श्रद्धालुओं के रहने के लिए होटल से लेकर उनके आवागमन के लिए सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक समीक्षा बैठक में जिला प्रशासन को अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये थे। सीएम योगी का स्पष्ट निर्देश है कि अयोध्या आने वाले सभी तरह के श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा जाए। गरीब तबके के श्रद्धालुओं को ठंड और शीतलहर के दृष्टिगत प्रशासन की ओर से रहने की व्यवस्था रैन बसेरों में कराई जाए। इसके लिए रैन बसेरों की संख्या बढ़ाई जाए। साथ ही अयोध्या धाम में जगह-जगह अलाव जलाने की व्यवस्था हो और जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया जाए। इसके लिए सरकार की ओर से अयोध्या को 10 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की गई है।

पहले से व्यवस्थाओं का करें रियल्टी चेक: राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में अयोध्या धाम आने वाले सभी श्रद्धालुओं की हर जरूरत का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।